अधिकतम :20°C
न्यूनतम: 08°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

शाह टाइम्स

मुरादाबाद, गुरुवार 12 फरवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 179 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 23 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

योगी सरकार ने खोला वादों का पिटारा

उप्र बजट 2026

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने सदन में 9.12 लाख करोड़ का बजट किया पेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने दसवां बजट पेश किया। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत किया। विधानसभा चुनाव से पहले यह दूसरे कार्यकाल का आखिरी पूर्ण बजट है।

वित्त मंत्री ने सदन में 9.12 लाख करोड़ का बजट पेश किया। इसमें निवेश, रोजगार, बुनियादी विकास और कल्याणकारी योजनाओं पर फोकस किया गया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि यूपी में 10 लाख युवाओं को रोजगार संभावित हैं। लड़कियों की शादी के लिए सरकार एक लाख रुपये देगी। यूपी का इस बार का बजट का आकार नौ लाख 12 हजार 696 करोड़ रुपये का है। पिछले बजट की तुलना में 12 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। पीपीपी मोड में कौशल संवर्धन और जॉब प्लेसमेंट केंद्र विभिन्न जनपदों में स्थापित किए जाएंगे। इस व्यवस्था से कार्यबल में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने के लिए महिलाओं के लिए अलग केंद्रों की स्थापना की जाएगी। पढ़ाई के साथ-साथ युवाओं के कौशल संवर्धन की व्यवस्था की जानी होगी। हमारे कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्रों की क्षमता बढ़ाई जाएगी। नए केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इस अभियान में निजी क्षेत्र की सहभागिता भी सुनिश्चित की जानी होगी। ऐसे व्यक्ति जिनके पास किसी भी व्यवसाय में हस्तकौशल या निपुणता प्राप्त है, कभी भी बेरोजगार नहीं रह सकते। इसलिए युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगारपरक प्रशिक्षण और कौशल संवर्धन को प्राथमिकता के आधार पर मिशन मोड में संचालित किया जाना आवश्यक है। एक तरफ जहां अर्थव्यवस्था में पूंजी निवेश और अवस्थापना विकास का महत्वपूर्ण योगदान है। वहीं प्रदेश की युवा जनशक्ति को रोजगार के अवसर प्रदान करने, उन्हें रोजगार के लिए सक्षम बनाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। प्रदेश में डिजिटल -**शेष पृष्ठ दो पर**

- निवेश, रोजगार, बुनियादी विकास व कल्याणकारी योजनाओं पर फोकस, 10 लाख नौकरी संभावित
- लड़कियों की शादी के लिए मिलेंगे अब एक लाख रुपये, युवाओं को साधने की कोशिश, महिलाओं के लिए अलग प्रशिक्षण केंद्र बनेंगे
- कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्रों की क्षमता बढ़ाएगी उप्र सरकार, युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा

नौ वर्ष के नवनिर्माण की गाथा को दर्शाता है बजट: योगी

लखनऊ। सीएम योगी ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में सुरक्षा का वातावरण नहीं था। पर्यटन की कोई ठीक व्यवस्था नहीं थी। आज करोड़ों लोग आकर यूपी में धार्मिक स्थलों पर दर्शन करते हैं। 50 हजार नए होम स्टे की दिशा में काम करेंगे।

चिकित्सा के क्षेत्र में यूपी ने काफी ग्रोथ की है। पीएम आयुष्मान योजना से पांच करोड़ से ज्यादा गोल्डन कार्ड यूपी के लोगों को दिए गए। दिव्यांग छात्राओं को लिए ई-ट्राईसाइकिल की व्यवस्था की गई है। आज यूपी देश के ग्रोथ इंजन के रूप में आगे बढ़ रहा है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए ईक्यूब के रूप में महिला सुरक्षा बल 13 फीसदी से बढ़कर 36 फीसदी हुआ है। महिलाओं के लिए क्रेडिट कार्ड योजना चलाई जाएगी। ताकि उन्हें वह छोटे-छोटे काम के लिए किसी से ऋण न लेना पड़े और उन्हें ब्याजमुक्त ऋण मिल सके। इसके लिए बजट की व्यवस्था की गई है। युवाओं को ध्यान में रखते हुए सभी 18 कमिश्नरी में स्पोर्ट कॉलेज बनाए जाएंगे। इसके लिए बजट में धनराशि की व्यवस्था है।

- कहा: रूल ऑफ लॉ रियल ग्रोथ की गारंटी

पहली बार किसी सीएम को 10वां बजट पेश करने का मौका मिला, हर वर्ग का ध्यान रखा: सीएम

लखनऊ। सीएम योगी ने कहा कि 9 साल में उत्तर प्रदेश पर राय बदली है। बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया। 9 साल में एक भी टैक्स नहीं लगा। नौ वर्ष में तीन गुना से अधिक उत्तर प्रदेश का बजट बढ़ा है। बजट की थीम सुरक्षित नारी, सक्षम युवा और खुशहाल किसान। दो लाख करोड़ की धनराशि कैपिटल एक्सपेंडिचर के लिए है। सीएम योगी ने कहा कि यह पहली बार हुआ है कि कोई एक सरकार का 10वीं बार बजट प्रस्तुत हो रहा है। नौ वर्ष में कोई भी टैक्स नहीं लगाया गया है। सिटी इकनोमिक जोन यह क्लस्टर डेवलेप करने की नई कार्यवाही के लिए बजट में प्रावधान किया गए हैं। रूल ऑफ लॉ रियल ग्रोथ की गारंटी है।

हर जिले में होगा मॉडल स्कूल

लखनऊ। बजट में बेसिक शिक्षा के लिए 77,622 करोड़ रुपये की अभूतपूर्व व्यवस्था प्रस्तुत की गई है। यह राशि परिषदीय विद्यालयों के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने, शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित रहेगी। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का मानना है कि इन प्रावधानों से प्रदेश की प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था को नई गति मिलेगी। सबसे अहम प्रावधान कक्षा 1 से 8 तक परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं के लिए है। नि:शुल्क यूनिफॉर्म, स्कूल बैग, जूता-मोजा और स्टेशनरी उपलब्ध कराने की योजना के लिए 650 करोड़ रुपये प्रस्तुत किए गए हैं। उद्देश्य है कि संसाधनों के अभाव में कोई भी बच्चा पढ़ाई से वंचित न रहे। इसके साथ ही सरकार प्रत्येक जिले में दो-दो मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय स्थापित करने की योजना पर कार्य कर रही है। प्रदेश के 75 जिलों में कुल 150 ऐसे विद्यालय प्रस्तावित हैं, जिन्हें आधुनिक सुविधाओं, डिजिटल कक्षाओं और उन्नत शैक्षणिक संसाधनों से लैस किया जाएगा। प्रत्येक जनपद में एक मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय विकसित करने की भी योजना है, ताकि ग्रामीण और शहरी विद्यार्थियों को समान गुणवत्ता की शिक्षा मिल सके।

बजट सत्र के दूसरे चरण में होगी अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा

नई दिल्ली। विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस पेश किया, जिसके बाद अब स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव नोटिस में खामियां सामने आई है, जिसके संशोधन के निर्देश दिए गए हैं। अविश्वास प्रस्ताव को लेकर 118 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। लोकसभा सूत्रों के अनुसार अध्यक्ष ओम बिरला ने सचिवालय को विपक्ष द्वारा प्रस्तुत दोषपूर्ण नोटिस को खारिज होने से बचाने के लिए उसमें संशोधन करने का निर्देश दिया।

भारत-यूएस ट्रेड डील में भारत को मिली और राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो

वाशिंगटन/ नई दिल्ली। अमेरिका ने भारत के साथ हुई हालिया ट्रेड डील पर जारी अपनी फैक्ट शीट में कई बड़े बदलाव किए हैं। पहले जिन बातों का साफ जिक्र था, अब उन्हें या तो हटा दिया गया है या उनकी भाषा बदली गई है।

पिछले हफ्ते दोनों देशों ने ट्रेड डील का ऐलान किया था। इसके बाद व्हाइट हाउस ने एक फैक्ट शीट जारी कर आगे की रूपरेखा बताई थी, लेकिन अब उसी दस्तावेज का नया वर्जन जारी हुआ है। सबसे बड़ा बदलाव दाल को लेकर है। पहले कहा गया था कि भारत अमेरिकी औद्योगिक और कृषि उत्पादों पर टैरिफ कम या खत्म करेगा, जिसमें दाल भी शामिल थी। अब नए दस्तावेज से दाल का जिक्र हटा लिया गया है। 500 अरब डॉलर की खरीद को लेकर भी भाषा बदली गई है। पहले लिखा था कि भारत, अमेरिका से 500 अरब डॉलर का सामान खरीदने के लिए कमिटेड है। अब इसे बदलकर इरादा रखता है कर दिया गया है। नए दस्तावेज में सिर्फ एनर्जी, सूचना और संचार तकनीक, कोयला और कुछ अन्य सामान की बात कही गई है। डिजिटल सर्विस टैरिफ पर भी अमेरिका ने नरमी दिखाई है। पहले कहा गया था कि भारत यह टैरिफ हटाएगा।

- अमेरिका ने फैक्ट शीट में कई बड़े बदलाव किए
- दाल व 500 अरब डॉलर की खरीद भी जरूरी नहीं

देहरादून में शूटआउट, स्कूटी सवार बदमाशों ने कारोबारी को भूना

शाह टाइम्स ब्यूरो

देहरादून। देवभूमि की शांत वादियों में एक बार फिर गोलियों की तड़तड़ाहट ने राजधानी को दहला दिया है।

डालनवाला जैसे पॉश इलाके में स्थित तिब्बती मार्केट के पास दिनदहाड़े बुधवार सुबह स्कूटी सवार दो अज्ञात बदमाशों ने गैस एजेंसी स्वामी अर्जुन शर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी। शहर के बीचों-बीच हुई इस वारदात ने न केवल कानून व्यवस्था को चुनौती दी है, बल्कि पुलिस के सघन चेकिंग के दावों की भी हवा निकाल दी है। इंदिरा नगर निवासी अर्जुन शर्मा अमरदीप गैस एजेंसी, जीएमएस रोड का मालिक है और अपने कारोबार के चलते बुधवार को सवेरे वह जब तिब्बती मार्केट के समीप थे, तभी घात लगाए बैठे दो स्कूटी सवार -**शेष पृष्ठ दो पर**

- दिनदहाड़े देहरादून शहर के बीचो-बीच हुई हत्या के बाद पुलिस के सुरक्षा दावों की खुली पोल

जन गण मन से पहले गाया जाएगा वंदे मातरम

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' को लेकर नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। गृह मंत्रालय ने आदेश में कहा है कि अब सरकारी कार्यक्रमों, स्कूलों या अन्य औपचारिक आयोजनों में 'वंदे मातरम' बजाया जाएगा।

इस दौरान हर व्यक्ति का खड़ा होना अनिवार्य होगा। यह आदेश 28 जनवरी को जारी हुआ, लेकिन मीडिया में इसकी जानकारी 11 फरवरी को आई। आदेश में साफ लिखा है कि अगर राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' और राष्ट्रगान 'जन गण मन' साथ में गाए या बजाए जाएं, तो पहले वंदे मातरम गाया जाएगा। इस दौरान गाने या सुनने वालों को सावधान मुद्रा में खड़ा रहना होगा। आदेश के मुताबिक सभी स्कूलों में दिन की शुरुआत राष्ट्रगीत बजाने के बाद ही होगी। नए नियमों के अनुसार, राष्ट्रगीत के सभी 6 अंतरे गाए जाएंगे, जिनकी कुल अवधि 3 मिनट 10 सेकेंड है।

- नए दिशानिर्देश जारी, सभी छह पैरा गाना जरूरी, स्कूलों में राष्ट्रगीत के बाद शुरू होगी पढ़ाई, सिनेमाघरों को छूट

हम किससे तेल खरीदेंगे, यह फैसला अमेरिका करता है: राहुल

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। संसद में लंबे गतिरोध के बाद बुधवार को लोकसभा में राहुल गांधी ने बजट 2026 पर चर्चा में भाग लिया। इस दौरान कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता ने भाषण की शुरुआत में मार्शल आर्ट्स का जिक्र किया।

उन्होंने कहा कि जिजित्सु में ग्रिप दिखती है, राजनीति में नहीं दिखती। चोक कहां हो रहा है, जोर कहां पड़ रहा है, राजनीति में नहीं दिखता। इसके बाद उन्होंने बजट, अमेरिका संग हालिया ट्रेड डील से लेकर वैश्विक मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने आम बजट और वित्त मंत्रालय की तरफ से पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण का जिक्र करते हुए कहा कि मैं आर्थिक सर्वे को देख रहा था। दो बिंदु मुझे दिखे। पहला बिंदु- हम ऐसी दुनिया में रह रहे हैं, जहां भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता बढ़ती जा रही है। यानी जो अमेरिका आधारित सिस्टम था, उसे चुनौती मिल रही है। उसे अब रूस और चीन फिर से चुनौती दे रहे हैं। दूसरा- हम ऐसी दुनिया में रह रहे हैं, जहां ऊर्जा और वित्त को हथियार बना लिया गया है। राहुल गांधी ने कहा कि हम स्थिरता वाली दुनिया से अस्थिरता वाली दुनिया में जा रहे हैं। प्रधानमंत्री और एनएसए ने कुछ समय पहले चौंकाने वाले रूप से कहा था कि युद्ध का समय अब खत्म हो चुका था। लेकिन यूक्रेन में संघर्ष जारी है, ईरान में संघर्ष हो रहा है। यानी हम स्थिरता से अस्थिरता की तरफ जा रहे हैं। राहुल ने कई और वैश्विक मुद्दों का जिक्र करते हुए कहा कि देश की 140 करोड़ जनता के सामने आज चुनौतियां काफी अलग हैं। राहुल गांधी ने कहा कि हमने ऑपरेशन सिंदूर किया था। तो हम अस्थिरता की दुनिया में जा रहे हैं।

- कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता ने भाषण की शुरुआत में मार्शल आर्ट्स का किया जिक्र

संक्षिप्त समाचार

एसडीओ को एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेते रंगे हाथ किया गिरफ्तार

प्रयागराज। उप्र के प्रयागराज में आज एंटी करप्शन प्रयागराज की टीम ने बिजली विभाग के एसडीओ को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़ा एंटी करप्शन ने दस हजार रुपये रिश्वत लेते हुए एसडीओ संजीव कुमार श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया है। खुल्दाबाद के रहने वाले शिकायतकर्ता जितेन्द्र कुमार ने नौ फरवरी को एंटी करप्शन से की शिकायत थी। शिकायत में कहा गया था कि अराजपत्रित लोकस. वक विद्युत उपखण्ड अधिकारी संजीव कुमार श्रीवास्तव द्वारा शिकायतकर्ता से विद्युत कनेक्शन के मीटर को सही कराने और मुकदमे से बचाने और बढ़े हुए जुर्माने से बचाने के एवज में दस हजार रिश्वत मांग रहे है शिकायत पर प्रयागराज की एंटी करप्शन यूनिट ने आज इंस्पेक्टर अंजली यादव के नेतृत्व में 13 सदस्यीय टीम के साथ खुसरोबाग स्थित कार्यालय उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में शिकायतकर्ता के साथ पहुंचकर एसडीओ को ट्रैप किया।

इलेक्ट्रिकल वाहनों की खुदरा बिक्री में तेज वृद्धि

नई दिल्ली। देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की खुदरा बिक्री में जनवरी में सभी श्रेणियों में जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया। वाहन डिलरों के महासंघ (फाडा) द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि जनवरी में यात्री वाहनों की बिक्री साल-दर-साल 54.75 प्रतिशत बढ़कर 18,470 पर पहुंच गई। इस श्रेणी में 8,007 इकाइयों के साथ टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स शीर्ष पर रही। उसकी बिक्री 50.71 प्रतिशत बढ़ी। दूसरे स्थान पर 4,703 वाहनों के साथ जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया और तीसरे स्थान पर 3,668 इकाई के साथ महिंद्रा एंड महिंद्रा रही।

बजट में तकनीक, रोजगार और नारी सशक्तिकरण को प्राथमिकता

टेक युवा- समर्थ युवा योजना लागू होगी: खन्ना

शाह टाइम्स ब्यूरो

पुलिस व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा, कौशल संवर्धन व जॉब प्लेसमेंट केन्द्र स्थापित किए जाएंगे

लखनऊ। वित्तीय वर्ष 2026-2027 के बजट भाषण में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि वर्तमान युग में इमर्जिंग टेक्नोलॉजी का व्यापक उपयोग आवश्यक हो गया है। इसी उद्देश्य से उप्र में 'टेक्नोलॉजी मिशन' की स्थापना की जाएगी।

प्रदेश में स्टेट डाटा अथॉरिटी तथा डाटा सेंटर क्लस्टर्स स्थापित किए जाएंगे। साथ ही एआई मिशन की स्थापना और 'टेक युवा-समर्थ युवा' योजना लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि सामा. जिक क्षेत्र में सभी वर्गों के लिए योजनाओं के साथ-साथ त्वरित और भविष्योन्मुखी विकास के लिए आधुनिक तकनीक एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इकोसिस्टम विकसित किया जा रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि प्रदेश की प्रगति में नारी शक्ति का योगदान महत्वपूर्ण है और युवाओं की ऊर्जा व मेधा विकास की आधारशिला है।

महिला सशक्तीकरण के तहत मुख्यमंत्री मातृ सुरक्षा संकल्प योजना को और सघनता से संचालित किया जाएगा। स्वयं सहायता समूहों एवं महिला उद्यमियों के उत्पादों की बिक्री सुनिश्चित करने के लिए 'मुख्यमंत्री महिला उद्यमी उत्पाद विपणन योजना' पर कार्य किया जा रहा है। कृषि क्षेत्र में डीजल आधारित नलकूपों को सौर ऊर्जा आधारित बनाने, कृषि वितरण एवं निर्यात को बढ़ावा देने तथा त्वरित आर्थिक विकास के लिए 'सिटी इकोनॉमिक रीजन योजना' लागू करने की घोषणा की गई। रोजगार पर विशेष जोर देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगारपरक प्रशिक्षण दिया जाएगा। कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों की क्षमता बढ़ाई जाएगी और नए केंद्र स्थापित किए जाएंगे। पीपीपी मॉडल पर कौशल संवर्धन और जॉब प्लेसमेंट केंद्र विभिन्न जनपदों में स्थापित किए जाएंगे, जिनमें महिलाओं के लिए पृथक केंद्र भी बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। प्रदेश की कानून-व्यवस्था में सुधार हुआ है और महिलाओं के खिलाफ अपराधों में कमी आई है। पुलिस विभाग में 2 लाख से अधिक भर्तियां की गई हैं। 'अभ्युदय' केंद्रों में छात्रों को मुफ्त कोचिंग की सुविधा दी जा रही है। वित्त मंत्री ने दावा किया कि उप्र स्टार्टअप रैंकिंग में नंबर-1 बना है।

बजट प्रदेश को आत्मनिर्भर व प्रगतिशील बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल: राज्यपाल

लखनऊ। उप्र की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विधानसभा में प्रस्तुत राज्य सरकार के बजट 2026-27 पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे समावेशी, जनोन्मुखी और दूरदर्शी बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट युवा सशक्तिकरण, कानून-व्यवस्था की मजबूती और चिकित्सा शिक्षा के विस्तार के माध्यम से प्रदेश को आत्मनिर्भर और प्रगतिशील बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। राज्यपाल ने कहा कि कौशल विकास, रोजगार सृजन और डिजिटल सशक्तिकरण पर दिया गया विशेष जोर युवाओं के उज्जवल भविष्य की आधारशिला है।

परिवहन व्यवस्था को नई दिशा देगा बजट: दयाशंकर

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उप्र के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में परिवहन विभाग को मिली प्राथमिकता को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह प्रावधान उप्र की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को नई दिशा देगा। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार प्रदेश में सुरक्षित, सुगम और पर्यावरण-अनुकूल यात्रा व्यवस्था विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि बसों के बेड़े को मजबूत करने के लिए 400 करोड़ रुपये की लागत से ई-बसों की खरीद की जाएगी। इससे एक ओर जहां यात्रियों को आरामदायक और प्रदूषण-मुक्त यात्रा मिलेगी, वहीं दूसरी ओर शहरी क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आधुनिक बस अड्डों के निर्माण और उन्नयन के लिए 150 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इन बस अड्डों पर डिजिटल सूचना प्रणाली, बेहतर प्रतीक्षालय और स्वच्छता सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके अलावा सड़क सुरक्षा को लेकर सरकार गंभीर है। मुख्यमंत्री सड़क सुरक्षा विजन योजना के अंतर्गत 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है, जिससे दुर्घटना रोकथाम, जागरूकता अभियान और आपातकालीन सहायता प्रणाली को सुदृढ़ किया जाएगा। परिवहन मंत्री ने कहा कि इसके साथ ही बस अड्डों पर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना हेतु 50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मंत्री ने कहा कि यह कदम हरित परिवहन नीति को मजबूती देगा और प्रदेश को सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ाएगा। दयाशंकर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वीकृत परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से लागू किया जाए।

कौशल विकास को नई रफ्तार देगा बजट: कपिलदेव

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उप्र सरकार के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा है कि वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा प्रस्तुत बजट 2026-27 प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और विकसित उप्र 2047 के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार रोजगारपरक शिक्षा और उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण पर विशेष जोर दे रही है।

मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने बताया कि व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास के बजट में पिछले वर्ष की तुलना में 88 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए लगभग 3,349 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इससे आईटीआई और कौशल प्रशिक्षण संस्थानों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने और प्रशिक्षकों की क्षमता बढ़ाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संचालित 286 राजकीय आईटीआई में करीब 1-90 लाख सीटें उपलब्ध हैं।

महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए 47 आईटीआई में विशेष महिला शाखाएं और 12 स्वतंत्र महिला आईटीआई संचा. लित किए जा रहे हैं। साथ ही 2,963 से अधिक निजी आईटीआई में 4.58 लाख से अधिक प्रशिक्षण सीटें उपलब्ध हैं।

भाजपा की विदाई का बजट: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

बीजेपी वालों ने जब भी मुंह खोला, बुरा ही बोला

लखनऊ। उप्र विधानसभा में पेश किए गए योगी सरकार के 10वें बजट को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जोरदार हमला बोला है। उन्होंने इसे 'विदाई बजट' करार दिया है। बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि बजट का आकार भले ही 9 लाख करोड़ रुपये से अधिक दिखाया जा रहा हो, लेकिन जमीनी हकीकत में यह जनता की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता।

सपा के राज मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि जब मुंह खोला तब बुरा बोला। यह विदाई बजट है और अब भाजपा की विदाई तय है। हर वर्ष बजट का आकार स्वाभाविक रूप से बढ़ता है, इसलिए केवल राशि बढ़ाना उपलब्धि नहीं माना जा सकता। असली सवाल यह है कि पिछले बजटों का पूरा और प्रभावी उपयोग क्यों नहीं हो सका। उनका आरोप था कि सरकार 50 प्रतिशत से अधिक धनराशि भी प्रभावी ढंग से खर्च नहीं कर पाई, जो प्रशासनिक अक्षमता को दर्शाता है। सपा प्रमुख ने कहा कि यदि उप्र को तीन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा गया है, तो राज्य की सकल घरेलू उत्पाद लगभग 90 लाख करोड़ रुपये के आसपास होनी चाहिए। मौजूदा दावों और वास्तविक आंकड़ों के बीच बड़ा अंतर है, जिससे सरकार की तैयारी और नीयत पर सवाल खड़े होते हैं। एमएसएमई क्षेत्र का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगभग 92 लाख इकाइयां हैं, जिनमें से 82 लाख अब तक पंजीकृत नहीं हैं। उन्होंने पूछा कि एक दशक में इतनी बड़ी संख्या में इकाइयों का पंजीकरण क्यों नहीं हो पाया। उनका कहना था कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार समझौतों और नीतिगत बदलावों का सीधा असर एमएसएमई और किसानों पर पड़ेगा, लेकिन बजट में इनके लिए ठोस रणनीति नजर नहीं आती। अखिलेश यादव ने युवाओं के रोजगार, निवेश के दावों, स्वास्थ्य सेवाओं और कानून-व्यवस्था को लेकर भी सरकार को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि कृषि विभाग में लगभग 57 प्रतिशत, स्वास्थ्य में 58 प्रतिशत और बेसिक शिक्षा में करीब 62 प्रतिशत बजट ही खर्च किया गया। जब पिछली योजनाओं की आवंटित धनराशि का पूरा उपयोग नहीं हो सका, तो नए और बड़े बजट की घोषणाओं से आम जनता को वास्तविक लाभ कैसे मिलेगा।

भाजपा ने राहुल गांधी के आचरण पर उठाए सवाल

नई दिल्ली। भाजपा ने बुधवार को संसद में नेता विपक्ष राहुल गांधी के बयान पर निशाना साधा और उनके आचरण पर सवाल उठाते हुए संसदीय मर्यादा को तार-तार करने का आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता डा. सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि संसद लोकतत्र में उच्चतम मानकों और मर्यादाओं का प्रतीक मानी जाती है, लेकिन हालिया घटनाओं ने संसदीय परंपराओं को आघात पहुंचाया है। त्रिवेदी ने कहा कि गांधी ने अपने व्यवहार, भाषा और शैली से राजनीति तथा संसदीय गरिमा को निम्न स्तर तक ले जाने का काम किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि गांधी ने अपनी 'कुंठाग्रस्त शैली' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ बार-बार अनर्गल और झूठे आरोप लगाए हैं।

त्रिवेदी ने कहा कि संसद में भाषा की एक मर्यादा होती है और जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा की जाती है कि वे उसी के अनुरूप आचरण करें। उनके अनुसार विपक्षी दलों का व्यवहार ऐसा रहा है मानो उन्होंने संसद की गरिमा का ध्यान नहीं रखा हो।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 84233.64
निफ्टी 25953.85

सोना रु. 156000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

चांदी रु. 258000
प्रति किलो

शुरुआती बढ़त के बाद शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव

मुंबई, वार्ता

विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव देखा गया। आईटी कंपनियों में बिकवाली के दबाव में बीएसई का सेंसेक्स शुरुआती तेजी के बाद 40.28 अंक (0.05 प्रतिशत) गिरकर 84,233.64 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 18.70 अंक यानी 0.07 प्रतिशत की बढ़त में 25,953.85 अंक पर पहुंच गया, जो 7 जनवरी के बाद का उच्चतम स्तर है। कुल मिलाकर बाजार में निवेश धारणा मजबूत रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.15 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.02 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। आईटी सेक्टर पर जबरदस्त दबाव देखा गया। निजी बैंकिंग सेक्टर का सूचकांक भी लाल निशान में बंद हुआ। ऑटो, सार्वजनिक बैंकों, स्वास्थ्य, फार्मा, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस और रसायन समूहों के सूचकांक बढ़त में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में टीसीएस का शेयर ढाई प्रतिशत टूट गया। इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और इटरनल के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच टूट गए। आईटीसी, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और टाइटन के शेयर भी लाल निशान में रहे। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर साढ़े तीन प्रतिशत के करीब चढ़ा। मारुति सुजुकी और इंडिगो में एक से दो प्रतिशत तक की तेजी रही। ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी बढ़त में बंद हुए।

चांदी और सोना दोनों धातुओं की कीमत और गिरी

नई दिल्ली। सोने-चांदी के दाम में लगातार दो दिन की बढ़त के बाद आज 11 फरवरी को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार चांदी की कीमत एक हजार रुपए गिरकर 2.58 लाख रुपए किलो पर आ गई है। इससे पहले मंगलवार को इसकी कीमत 2.59 लाख रुपए किलो थी। आज 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 142 रुपए घटकर 1.56 लाख रुपए पर आ गई है। इससे पहले 10 फरवरी को इसके दाम 1.56 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थे। सोना भी अपने ऑल टाइम से 20 हजार रुपए सस्ता हो चुका है। इसकी कीमत भी 29 जनवरी को 1.76 लाख रुपए के अपने सबसे ऊपरी स्तर पर थी। आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी, मेकिंग चार्ज, ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता। इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल आरबीआई सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह से हो सकता है। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है।

गेहूं मजबूत, खाद्य तेलों एवं दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुत्तावार को चावल के औसत भाव लगभग स्थिर रहे। चावल के साथ चीनी में भी टिकाव देखा गया। गेहूं के दाम बढ़ गए, जबकि खाद्य तेलों और दालों की कीमतों में उतार.चढ़ाव रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 3,850 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। गेहूं की कीमत 16 रुपये बढ़कर 2,865 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। आटा भी आठ रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। चना दाल औसतन तीन रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल 22 रुपये और उड़द दाल 17 रुपये सस्ती हुई। मूंग दाल की कीमत भी पांच रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। मसूर दाल में कमोबेश टिकाव रहा। विद. शों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 35 रिंगिट टूटकर 4,060 रिंगिट प्रति टन रह गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा भी 0.42 प्रतिशत फिसलकर 57.03 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की औसत कीमत 74 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सोया तेल 55 रुपये और पाम ऑयल 30 रुपये महंगा हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 24 रुपये और सूरजमुखी तेल की 23 रुपये बढ़ी। वहीं वनस्पति 14 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव पांच रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी में लगभग टिकाव रहा। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल.दलहन: दाल चना 7783.83 रुपये, मसूर काली 8123.17 रुपये, मूंग दाल 10130.22 रुपये, उड़द दाल 10615.20 रुपये, तुअर दाल 11063.14 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

ओमान ने भारतीय निवेशकों को नए एल्युमिनियम जोन में निवेश का दिया न्योता

नई दिल्ली। ओमान अपने प्लास्टिक क्लस्टर की सफलता को दोहराने की कोशिश के तहत भारतीय निवेशकों को नई योजना वाले एल्युमीनियम प्रोसेसिंग जोन में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित कर रहा है। इससे यह पहल तेजी से बढ़ रही भारत-ओमान आर्थिक साझेदारी के तहत आएगी। लादायन कार्यक्रम के प्रमुख मुंधर अल-रवाहि ने यूनीवार्ता से बातचीत में कहा कि ओमान एल्युमिनियम क्षेत्र के इर्द-गिर्द 'एक संपूर्ण इकोसिस्टम' विकसित करना चाहता है। उनका कहना है कि यह नया औद्योगिक क्लस्टर कच्चे माल के निर्यात के बजाय मूल्य वर्धित प्रसंस्करण और विनिर्माण पर केंद्रित होगा।

राज्यसभा में पश्चिमी उप्र में एम्स बनाने की मांग उठी

नई दिल्ली। पश्चिमी उप्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए मेरठ में एम्स की स्थापना की मांग बुधवार को राज्यसभा में उठी। भारतीय जनता पार्टी के लक्ष्मीकांत वाजपेई ने शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि उप्र के 21 प्रतिशत मरीज दिल्ली एम्स में उपचार के लिए आ रहे हैं और इनकी संख्या में 17.6 प्रतिशत की दर से बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने कहा कि मेरठ के सरकारी अस्पताल में एम्स के लिए 52 एकड़ भूमि उपलब्ध है, जहां एम्स की स्थापना की जा सकती है। उन्होंने कहा कि यदि एम्स की स्थापना संभव न हो, तो मेरठ में पीजीआई संस्थान या एम्स का सेटेलाइट सेंटर बनाया जाना चाहिए। समाजवादी पार्टी के जावेद अली खान ने उप्र सहित देश भर में आवारा कुत्तों तथा बंदरों के लोगों पर बढ़ते हमलों का मुद्दा उठाते हुए बंदरों को वन्यजीव प्राणियों में शामिल किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि बंदरों को वन्यजीव प्राणी घोषित किए जाने से वन्यजीव विभाग को उनकी देखभाल की जिम्मेदारी लेनी होगी। उन्होंने कहा कि उप्र में एक वर्ष में बंदरों और कुत्तों के लोगों पर हमले के 30 हजार मामले सामने आए हैं और यह समस्या एक महामारी के रूप में सामने आ रही है। जनता दल यू के संजय झा ने बिहार के दरभंगा हवाई अड्डे की क्षमता बढ़ाकर उसे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाने की मांग की।

मजदूर व किसान संगठनों का भारत बंद आज

लेबर कोड व अमेरिका के साथ ट्रेड डील के खिलाफ बंद का आह्वान किया

नई दिल्ली, वार्ता

बैंक खुले रहेंगे, लेकिन काम हो सकता है प्रभावित

देश के कई मजदूर और किसान संगठनों ने कल (आज) गुरुवार को भारत बंद का आह्वान किया है। इससे कई राज्यों में सरकारी बैंकों, दफ्तरों, परिवहन सेवाओं और बाजारों पर असर पड़ने की आशंका है। कुछ इलाकों में स्कूल और कॉलेज भी बंद रह सकते हैं। मजदूर संगठन नए लेबर कोड्स का विरोध कर रहे हैं, जबकि किसान संगठनों ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ बंद का आह्वान किया है। 10 सेंट्रल ट्रेड यूनियनों के ज्वाइंट फोरम ने इस बंद का आह्वान किया है। इसमें इनटक, एआईटीयूसी, एचएमएस, सीटू, एआईयूटीयूसी, टीयूसीसी, एसईडब्ल्यूए, एआईसीसीटीयू, एलपीएफ और यूटीयूसी शामिल हैं।

मजदूर संगठन पिछले साल लागू हुए चार लेबर कोड्स का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि इससे वर्कर्स के राइट्स कमजोर हुए हैं, जॉब सिक्योरिटी भी आई है और कंपनियों के लिए वर्कर्स को नौकरी से निकालना आसान हो गया है। साथ ही उन्होंने प्राइवेटाइजेशन, वेज इश्यू और सोशल सिक्योरिटी में कमी पर भी चिंता जताई है। वे लेबर कोड्स को खत्म करने, ड्राफ्ट सीड बिल, इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल और सस्टेनेबल हारने. सिंग एंड एडवांसमेंट आफ न्यूक्लियर एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया (शांति) बिल को वापस लेने की मांग कर रहे हैं। साथ ही वे मनरेगा को बहाल करने और विकसित भारत जी-राम-जी बिल को खत्म करने की मांग कर रहे हैं। बंद के कारण सरकारी बैंकों में कामक. ाज के प्रभावित होने की आशंका है। इसकी वजह यह है कि कर्मचारियों और अधिकारियों के संगठनों ने इस बंद को सपोर्ट करने की घोषणा की है। ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉई एसोसिएशन, एआईबीओए और बीईएफआई ने अपने मेंबर्स से इस बंद को सपोर्ट करने को कहा है। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक एसबीआई का कहना है कि 12 फरवरी को उसकी सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक बंद के दौरान कुछ हद तक कामकाज प्रभावित हो सकता है। आईडीबीआई बैंक को भी बंद के लिए यूनियन्स की तरफ से एक अधिकारिक नोटिस मिला है। बैंकिंग यूनियन इस बंद को सपोर्ट कर रहे हैं। इससे ग्राहकों की चिंता बढ़ गई है। हालांकि बैंकों और आरबीआई ने बैंक होलिडे की घोषणा नहीं की है। इसका मतलब है कि बैंक खुले रहेंगे, लेकिन उनमें कामकाज प्रभावित हो सकता है। ब्रांच सर्विसेज, चेक क्लीयरेंस, डिपॉजिट और विड्रॉल में दिक्कत हो सकती है। ऑनलाइन बैंकिंग और एटीएम सेवाओं के सुचारू रूप से चलने की उम्मीद है। प्राइवेट बैंकों में सामान्य कामकाज होने की उम्मीद है।

प्रथम पृष्ठ के शेष...

योगी सरकार...

इन्टरप्रन्योरशिप योजना पर कार्य किया जाएगा। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अगले चरण के रूप में जनविश्वास सिद्धांत के आधार पर उद्योगों को प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। इसमें रजिस्ट्रेशन, लाइसेंसिंग आदि कार्यवाहियों को और अधिक सहज एवं सुगम बनाया जाएगा। विश्व बैंक सहायतित यूपी एग्रीज परियोजना के अन्तर्गत एग्री-एक्सपोर्ट हब की स्थापना कराई जाएगी। एसडीजी इंडिया इंडेक्स में उत्तर प्रदेश की रैंकिंग जो वर्ष 2018-2019 में 29 वें स्थान पर थी, बेहतर होकर वर्ष 2023-2024 में 18 वें स्थान पर आ गई है। राज्य सरकार द्वारा फरवरी, 2024 में चौथे ग्लोबल इन्वेस्टर्स सम्मिट का सफलतम आयोजन किया गया। अब तक लगभग 50 लाख करोड़ रुपये के एमओयू हस्ताक्षरित हो चुके हैं जिनसे लगभग 10 लाख रोजगार का सृजन सम्भावित है। इनमें से, अब तक लगभग 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश की लगभग 16 हजार से अधिक परियोजनाओं के 4 ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह सम्पन्न हो चुके हैं। उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा मोबाइल फोन विनिर्माण केन्द्र है। देश के कुल मोबाइल फोन उत्पादन का 65 प्रतिशत उत्पादन प्रदेश में होता है। भारत की 55 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक्स कम्पोनेन्ट्स इकाईयां प्रदेश में स्थित हैं। प्रदेश का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 44,744 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

देहरादून में...

हमलावरों ने उन पर फायर झोंक दिया। तिब्बती मार्केट के पास हुई इस घटना की सूचना जैसे ही पुलिस विभाग को मिली, तो विभाग में भी हड़कंप मच गया। आनन-फानन में पुलिस के आला अधिकारी सहित डालनवाला कोतवाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और सड़क पर पड़े लहूलुहान हालत में उन्हें तत्काल दून अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दिनदहाड़े हुई इस हत्या से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस ने घटना के बाद राजधानी के सभी इलाकों में चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। एसएसपी अजय सिंह का कहना है कि इस हत्याकांड का जल्दी खुलासा कर दिया जाएगा। वही इस हत्याकांड को परिवार की रंजिश के चलते होना बताया जा रहा है।

प्रेम जाल में फंसाकर विधवा से बनाए संबंध

शादी का दिया था भरोसा, मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो

जोया। डिडोली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शादी का झांसा देकर एक विधवा महिला से शारीरिक संबंध बनाने और बाद में शादी से मुकरने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने संभल जनपद निवासी आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का कहना है कि उसके पति की 11 जुलाई 2024 को मृत्यु हो गई थी। परिवार की आजी. विका चलाने के लिए महिला ने क्षेत्र में ही कॉस्मेटिक की दुकान खोल ली। इसी दौरान उसकी पहचान संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र के गांव मातीपुर निवासी युवक मोहम्मद शान से हुई। आरोप है कि मोहम्मद शान ने शादी करने का वादा कर उसे अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। इसके बाद कई बार शारीरिक संबंध बनाए लेकिन अब वह शादी से इनकार कर कहीं चला गया। महिला का कहना है कि जब उसने आरोपी मोहम्मद शान पर शादी का दबाव बनाया तो उसने गाली-गलौज की और दोबारा शादी की बात करने पर जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मोहम्मद शान के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। आरोपी को जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र समय पर निस्तारण के निर्देश

डीएम निधि गुप्ता वत्स ने किया नगर पालिका का निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

मंडी धनौरा। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने बुधवार को नगर पालिका का वार्षिक औचक निरीक्षण कर प्रशास. निक व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लेखा अनुभाग, निर्माण व जलकर विभाग, गृहकर एवं जन्म-मृत्यु विभाग, अधिशासी अधिकारी कार्यालय, रैन बसेरा, स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छता सेल तथा आरआरआर (रिड्यूस, रियूज, रिसाइकिल) सेंटर सहित विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया।

डीएम ने सबसे पहले लेखा अनुभाग की समीक्षा करते हुए सफाई कर्मचारियों की संख्या, उनकी तैनाती, नियमित व संविदा कर्मचारियों का विवरण तथा कार्य विभाजन पत्रावली का अवलोकन किया। अधिष्ठान शाखा में सर्विस बुक की जांच की गई, जो पूर्ण पाई गई। उन्होंने निर्देश दिए कि जो बैंक अकाउंट्स निष्क्रिय हैं, उन्हें शासन से पत्राचार कर बंद कराया जाए। साथ ही टीडीएस कटौती, एनपीएस एंट्री और लंबित विभागीय कार्रवाइयों की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने विभिन्न फंडों व अनुदानों की स्थिति, प्राप्त धनराशि और व्यय की प्रगति की भी समीक्षा की। कर एवं करेतर वसूली की प्रगति पर असंतोष जताते हुए वसूली प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। गृहकर व जन्म-मृत्यु विभाग की समीक्षा के दौरान डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से जुड़े सभी आवेदनों का निर्धारित समयावधि में अनिवार्य रूप से निस्तारण किया जाए, ताकि कोई भी प्रकरण लंबित न रहे। उन्होंने वार्डवार टैक्स वसूली की समीक्षा करते हुए गृहकर वसूली को ई-पॉश मशीन के माध्यम से डिजिटल करने के निर्देश दिए, जिससे आम नागरिकों को सुविधा और कर्मचारियों को पारदर्शी व्यवस्था मिल सके। स्वच्छता व्यवस्था पर जोर देते हुए डीएम ने डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन प्रणाली को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने तथा प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए। पीएम सूर्यघर योजना की प्रगति की समीक्षा कर उसमें तेजी लाने को कहा। परिसर निरीक्षण के दौरान लटकते विद्युत तारों को ठीक कराने, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता सुनिश्चित करने और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए गए। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल, अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य विभाग में गाड़ी लगाने के नाम पर ढाई लाख ठगे

रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

शाह टाइम्स ब्यूरो

अमरोहा। नगर कोतवाली क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग में गाड़ी लगवाने के नाम पर ढाई लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरा. `पी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

मोहल्ला कोट निवासी मुबशिर पुत्र जुल्फेकार अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी मुलाकात अजहर के माध्यम से सुबोध नगर निवासी धीरज शर्मा उर्फ विक्की पुत्र राकेश शर्मा से हुई थी। आरोप है कि धीरज शर्मा ने उसे बताया कि नगर पालिका परिषद अमरोहा के स्वास्थ्य विभाग में दो गाड़ियां लगनी हैं, जिनका किराया दस हजार रुपये प्रतिमाह मिलेगा। पीड़ित के अनुसार जब उसने निवेश के बारे में पूछा तो आरोपी ने तीन लाख रुपये में गाड़ी उपलब्ध कराने और हर महीने दस हजार रुपये किराया दिलाने का भरोसा दिया। इस पर उसने पांच जनवरी 2025 को अजहर की मौजूदगी में ढाई लाख रुपये नकद धीरज शर्मा को दे दिए। आरोप है कि गाड़ी स्वास्थ्य विभाग में लगने के बाद भी आरोपी ने किराये की रकम का एक भी रुपया नहीं दिया। पीड़ित का कहना है कि जब उसने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी टालमटोल करता रहा। उसके पास बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी मौजूद है। पीड़ित ने आरा. `पी पर ठगी का आरोप लगाते हुए मुक. दमा दर्ज कर धनराशि वापस दिलाने की मांग की है। नगर कोतवाली पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

उच्च प्राथमिक वर्ग में सबसे तेज दौड़े सुभान व आरती

शाह टाइम्स संवाददाता

गजरौला। ब्लॉक के परिषदीय विद्यालयों की ब्लॉक स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता बुधवार को नगर रमाबाई आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय के क्रीड़ा स्थल में संपन्न हुई। क्रीडा प्रतियोगिता का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी उदयवीर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। छात्र-छात्राओं ने दौड़, कूद, गोला फेंक, चक्का फेंक, खो-खो, कबड्डी आदि प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रतिभागियों के प्रयास की सराहना की। आयोजित खेलों में प्राथमिक बालक वर्ग में 50 मीटर दौड़ में दक्ष, सौरभ व अरमान, 100 मीटर में अयान, उस्मान व वंश, 200 मीटर में अयान, अलीशान व उस्मान, 400 मीटर में सौरभ, जियान व अर्पित

क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। लंबी कूद में सौरभ प्रथम रहे जबकि खो-खो व कबड्डी में पीएस गडावली के बच्चे विजयी रहे। प्राथमिक स्तर के खेलों में बालिका वर्ग में 50 मीटर दौड़ रिमशा, रीना व महनूर, 100 मीटर में सुबुल, शिफा समैया, 200 मीटर में शहनुमा व शिफा, 400 मीटर में शहनुमा, समैया व रिमशा क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। लंबी कूद में पल्लवी प्रथम व रीना द्वितीय रहीं। खो-खो में पीएस गडावली व कबड्डी में पीएस फत्तेपुर के बच्चे विजयी रहे। उच्च प्राथमिक बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में प्रिंश, यश व सुमित, 200 मीटर में प्रिंश व दिव्यांशु, 400 मीटर में कपिल, अमन व हर्ष, 600 मीटर में सुभान व समद, लंबी कूद में इस्माइल, तुषार व प्रिंस क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। गोला फेंक में हर्ष व चक्का फेंक में प्रिंस प्रथम रहे। उच्च प्राथमिक बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ में तनु, उर्वशी व कोमल, 200 मीटर में तनु, स्विका व भारती, 400 मीटर में फिजा, भारती एवं खुशबू, 600 मीटर में आरती, लवी एवं राधिका, लंबी कूद में तनु, तनिष्का व संगीता क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। गोला व चक्का फेंक में रितिका प्रथम रहीं। खो-खो और कबड्डी में उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चे प्रथम रहे। इस अवसर पर ब्लॉक व्यायाम शिक्षक डॉ.जोगिन्द्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ जितेंद्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष जुनियर शिक्षक संघ कविराज सिंह, रणवीर सिंह, डॉ.पृथी सिंह, उमेश सिद्धू, अजय सिद्धू, रेखा रानी, निशा चौधरी, मदनपाल सिंह, करनपाल सिंह, विवेक त्यागी, अरविंद पंघाल, संजीव सागर, कर्मवीर सिंह, सतीश सिंह, गिरीश मोहन वर्मा, चेतेन्द्र सिंह, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

कांवड़ियों के आवागमन से सड़कों पर बढ़ी रौनक

सुरक्षा के प्रति पुलिस-प्रशासन अलर्ट, बम भोले के उद्घोषों की गूंज

शाह टाइम्स संवाददाता

गजरौला। महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक को कांवड़ियों का आवागमन शुरू होने से धनौरा बिजनौर मार्ग पर रौनक बढ़ गई है और बम भोले के उद्घोष गूंज रहे हैं। कांवड़ियों की सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। कई स्थानों पर बैरियर लगाए गए हैं और पुलिस पिकेट तैनात है।

बता दें कि देश मे 15 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसके लिए शिवभक्त हरिद्वार से कांवड़ लेकर अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे। कांवड़ियों के जत्थों को देखकर नगर के लोगों की आस्था हिलोरे मार रही है। न केवल जनपद अमरोहा बल्कि बुलंदशहर, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, सम्भल, रामपुर आदि तक के शिवभक्त कांवड़ियों के जत्थे में शामिल हैं। बुधवार को धनौरा मार्ग पर जा रहे बुलंदशहर के जत्थे में शामिल राजेश, नरोत्तम, प्रीतम आदि ने बताया कि वह हर साल हरिद्वार से फाल्गुन माह की कांवड़ लेकर अपने शिवालय में भोले बाबा का जलाभिषेक करते हैं। भगवान शिव अपने भक्तों की मुरादें पूरी करते हैं। वहीं कांवड़ियों की सुरक्षा के दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में पुलिस तैंतात रही। सीओ अंजलि कटारिया और प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने कांवड़ मार्ग का जायजा लिया और अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए।

जगह-जगह लगे हैं सेवा शिविर

गजरौला। कांवड़ियों की सेवा के लिए धनौरा मार्ग पर जगह जगह सेवा शिविर लगे हैं। जहां पर कांवड़ियों के ठहरने, भोजन और विश्राम करने की सभी सुविधा उपलब्ध हैं। यहां पर दवा की व्यवस्था भी समाजसेवियों द्वारा की गई है। यहां पर सेवादारों द्वारा कांवड़ियों की कांवड़ पकड़कर उन्हें आराम कराया जा रहा है।

एक नजर

यातायात नियमों के पालन की शपथ ली

चांदपुर। श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दो इकाई के स्वयंसेवियों ने तृतीय एकदिवसीय शि. विर के तीसरे दिन सड़क सुरक्षा पर यातायात के नियमों का पालन करने की शपथ ली। शपथ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार शर्मा द्वारा दिलाई गई। कॉलेज प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार शर्मा ने स्वयंसेवियों से अपील की। स्वयंसेवी सदैव यातायात नियमों का जागरूकता के साथ पालन करें। वाहन को सदैव मंद गति से चलाएं। वाहन चलाते समय सदैव सीट बेल्ट और हेलमेट का प्रयोग करें। कॉलेज निदेशक ठाकुर आकाश शास्त्री ने कहा कि कभी भी नशे की हालत में वाहन नहीं चलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा वाहन चलाते समय अनेक प्रकार के स्टंट करते हैं। जो उनके तथा उनके परिवार के लिए घातक हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दलीप कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना की संयोजक डा. शिवाली राजपूत ने ग्राम मुस्तफाबाद में ग्रामीणों को यातायात पर जागरूकता का पाठ पढ़ाया तथा वाहन चलाते समय सावधानी रखने की अपील की। दूसरी ओर ग्राम सरकथल में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पीयूष वर्मा तथा विवेक कुमार के नेतृत्व में धनौरा से नूरपुर रोड पर हेलमेट लगाने के लिए दोपहियां वाहन चालकों को जागरूक किया गया। इस मौके पर प्रबंधक ठाकुर अशोक कुमार शास्त्री, निदेशक ठाकुर आकाश शास्त्री, प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार, चीफ प्रॉक्टर डॉ. आरपी सिंह, डॉ. वरुण कुमार, सुषैन बाबू शर्मा, राकेश चौहान, प्रदीप राजपूत, राजेंद्र सिंह, सचिन कुमार, ललित शर्मा, रुक्मिणी देवी, छाया राजपूत, शनि चौहान आदि उपस्थित रहे।

सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

चांदपुर। गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के कार्यक्रम अधिकारियों मौहम्मद आरिफ एवं डा. उदिता राजपूत द्वारा तृतीय एक द्वितीय शिविर का आयोजन किया गया। आज का तृतीय एकदिवसीय शिविर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान को समर्पित किया गया। प्रथम सत्र में भूगोल विभाग के असिस्टेंट प्रो. डॉ. विनोद कुमार ने स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को जीवन में अनुशासन के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि अनुशासन ही सफलता की प्रथम सीढ़ी है। डॉ. मौहम्मद साजिद अंसारी ने स्वयंसेवक एवं स्वयंसे. विकाओं को यातायात के नियमों का पालन करने का अनुरोध किया। प्राचार्य प्रोफेसर साधना ने सभी को सड़क सुरक्षा के लिए समर्पित रहने की शपथ दिलाई। इसके पश्चात सड़क सुरक्षा से संबंधित रैली का आयोजन किया गया, जिसको प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सभी स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने रैली में सड़क सुरक्षा से संबंधित स्लोगन बोलकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया तथा हेलमेट न पहने हुए लोगों को रोककर हेलमेट की आवश्यकता एवं लाभ के बारे में बताया और उन्हें हेलमेट पहन कर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डा. अखिलेश, डा. राजकुमार, डा. संतोष देवी, डा. ज्ञानेंद्र सिंह, रामविलास यादव, अरविंद कुमार तथा राजेश श्रीवास्तव ने भी स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं का उत्साहवर्धन किया। तृतीय एकदिवसीय शिविर को सफल बनाने में सभी का सराहनीय योगदान रहा।

गन्ना तौल केंद्रों का औचक निरीक्षण

चांदपुर। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक (एससीडीआई) चांदपुर द्वारा नूरपुर समिति क्षेत्र और चीनी मिल धामपुर के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों एवं बसंत कालीन गन्ना बुवाई का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विभाग और चीनी मिल द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे विकास कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। निरीक्षण के क्रम में ग्राम जाफराबाद कोट में प्रगतिशील किसान तेज सिंह पुत्र बलकरण सिंह के खेत पर ट्रेंच विधि से गन्ने की बुवाई का प्रदर्शन देखा गया। यहाँ गेहूं की खड़ी फसल के बीच पहले से तैयार नालियों (फुरोज) में गन्ने की उन्नत किस्म सीओ 0118 का रोपण किया गया। बुवाई से पूर्व बीज को थायोफिनेट मिथाइल और इमिडाक्लोप्रिड (इमिदाक्लोप्रिड) के घोल में शोधित कर उपचारित किया गया, जो कीट एवं रोग प्रबंधन की दृष्टि से अत्यंत प्रभावी है। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक एवं चीनी मिल धामपुर के वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक ने इस इनोवेटिव डेमो प्लॉट की सराहना की। किसान द्वारा बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु सी ओ 0118 का पृथक बीज प्लॉट भी आरक्षित किया गया है। इसके पश्चात चीनी मिल धामपुर के विभिन्न गन्ना क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। इसमें नासिरपुर मनसुख, बुच्चानंगल और नूरपुर समिति तौल केंद्र शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान सभी केंद्रों पर तौल पूरी तरह सटीक और मानक के अनुरूप पाई गई।

इंटर हाउस साइंस ओलंपियाड प्रति.

कोतवाली देहात। के.एस. चिल्ड्रन्स अकादमी में विद्यार्थियों की वैज्ञानिक प्रतिभा, तार्किक क्षमता एवं ज्ञानवर्धन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इंटर हाउस साइंस ओलंपियाड प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता जूनियर एवं सीनियर दो वर्गों में संपन्न हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता का आयोजन चार रोचक एवं चुनौतीपूर्ण चरणों- जनरल राउंड, स्लिप राउंड, रैपिड फायर राउंड तथा बजर राउंडफ्रमें किया गया। सभी राउंड्स ने विद्यार्थियों की त्वरित सोच, वैज्ञानिक समझ एवं टीम भावना को उजागर किया। जूनियर वर्ग में वॉटर हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अर्थ हाउस द्वितीय स्थान पर रहा, जबकि एयर हाउस ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं सीनियर वर्ग में एयर हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया, फायर हाउस द्वितीय तथा अर्थ हाउस तृतीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिता का निष्पक्ष एवं प्रभावी मूल्यांकन परुल मेहरा एवं अमरीन द्वारा किया गया। जूनियर वर्ग में जनरल राउंड एवं रैपिड फायर राउंड का संचालन काशिश वर्मा ने किया, जबकि स्लिप राउंड एवं बजर राउंड का कुशल संचालन मुमीबा द्वारा किया गया। सीनियर वर्ग में जनरल राउंड का संचालन रेणुका गौतम ने किया, स्लिप राउंड एवं बजर राउंड परुल मेहरा द्वारा तथा रैपिड फायर राउंड का संचालन नरेंद्र द्वारा किया गया।

संदिग्ध हालत में युवक का शव मिला

परिजनों ने कार्रवाई से किया इंकार

शाह टाइम्स संवाददाता

झालू। कस्बे के मौहल्ला मिर्दगान में आज सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे पड़ा मिला। नमाज अदा करने जा रहे लोगों ने युवक को सड़क पर अचेत अवस्था में देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी।

पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया। जानकारी में सामने आया कि युवक झालू नगर का ही निवासी है। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान पंकज उर्फ कामिल (लगभग 20 वर्ष) पुत्र जयप्रकाश उर्फ नंदू निवासी मोहल्ला अमरूवाला के रूप में की।

बताया गया है कि पंकज का शव फरीद अहमद मिस्त्री के घर के बाहर सड़क किनारे पड़ा मिला। शव मिलने की खबर फैलते ही क्षेत्र में लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करते हुए आवश्यक जानकारी जुटाई और उच्चाधिकारियों को भी अवगत कराया।

मृतक के पिता जयप्रकाश ने बताया कि रविवार देर रात करीब दस बजे पंकज मोहल्ले के एक चिकित्सक से दवा लेकर घर लौटा था और सो गया था। इसके बाद वह घर से कब और कैसे निकला, इसकी जानकारी परिवार को नहीं हो सकी। पंकज मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। परिवार में एक छोटा भाई और एक बहन हैं। युवक की अचानक मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

पुलिस के अनुसार परिजनों ने बताया कि पंकज काफी समय से बीमार चल रहा था तथा उसकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं थी। परिजनों ने किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से इंकार कर दिया। उच्चाधिकारियों से वार्ता के बाद पुलिस ने आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया।

लोकेंद्र चौधरी ने मृतक के घर पहुंचकर बंधाया ढांढस

झालू। कस्बे में युवक की असामयिक मृत्यु के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी मृतक के आवास पहुंचे और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने दिवंगत युवक को शोंक संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार के प्रति गहरी सहानुभूति व्यक्त की। इस दौरान लोकेंद्र चौधरी ने परिजनों को ढांढस बंधाया और दुख की इस घड़ी में हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटना अत्यंत दुखद है और पूरा कस्बा परिवार के साथ खड़ा है। मृतक के घर पर नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी, सुरेश वर्मा, बिट्टू जोशी आदि मौजूद रहे। भगवान से प्रार्थना की तथा परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

नसीम हत्याकांड में अखलाक सहित पांच को उम्र कैद

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। न्यायालय एडीजे नगीना ने अफजलगढ़ के नसीम हत्याकांड में अखलाक सहित पांच अभियुक्तों को आजीवन कारावास एवं एक लाख चालीस हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार अफजलगढ़ थाने में छह जून, 2024 को ग्राम हिदायतपुर टाण्डा निवासी महबूब अहमद पुत्र शमीम अहमद ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अखलाक, आफताब व शहजाद पुत्रगण अली अहमद, राशिद व रियासत पुत्रगण मौ. उमर निवासीगण ग्राम हिदायतपुर टाण्डा एवं शमीम पुत्र बाबू निवासी ग्राम मीरापुर मोदीवाला ने पुरानी मुक.

एक लाख चालीस हजार का अर्थदण्ड

दमेबाजी की रंजिश को लेकर उसके चाचा नसीम अहमद उर्फ बाबू की तमंचे से गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। न्यायालय एडीजे नगीना ने धारा 147, 148, 149 व 302 आईपीसी एवं 3/25 आर्म्स एक्ट में अखलाक, राशिद, शहजाद, रियासत एवं शमीम को उम्र कैद एवं एक लाख चालीस हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। न्यायालय ने आफताब को सजा नहीं सुनाई है।

'तिथि भोजन' कार्यक्रम में बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया

शाह टाइम्स संवाददाता

नहटौर। प्रधानमंत्री पोषण योजना के अंतर्गत विद्यालयों में जनसमुदाय की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से विकास क्षेत्र नहटौर के उच्च प्राथमिक विद्यालय अल्लेहदादपुर मुबारक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय इब्राहिमपुर साधो में 'तिथि भोजन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को पौष्टिक और विशेष आहार उपलब्ध कराया गया।

आज आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ समा. जसेवी एवं शीशा प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक (एमडी) विजेंद्र कुमार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने स्वयं बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर भोजन किया। उन्हें अपने बीच पाकर बच्चे प्रफुल्लित नजर आए और सभी ने अत्यंत आनंदपूर्वक भोजन ग्रहण किया। मुख्य अतिथि विजेंद्र कुमार का विद्यालयों के प्रति यह जुड़ाव नया नहीं है। इससे पूर्व भी वह इन विद्यालयों में शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए स्मार्ट टीवी, कंप्यूटर सेट व अन्य आवश्यक शिक्षण सामग्री भेंट की हैं। इतना ही नहीं वह समय-समय पर भी जरूरत के सामान स्कूलों को उपलब्ध कराते रहते हैं। जो उनकी बाल कल्याण के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमित मलिक, रामअवतार सिंह, सहायक अध्यापक कृष्णपाल, सहायक अध्यापिका निगार हनीफ, मनोज कुमार, रामनाथ सिंह और एआरपी सुखबीर सिंह तथा शीशा परिवार की ओर से सोमपाल सिंह व मुनीष कुमार मौजूद रहे।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी नहटौर विजेंद्र पाल सिंह ने कहा कि जन समुदाय की भागीदारी से ही पीएम पोषण योजना के लक्ष्यों को पूर्ण किया जा सकता है। उन्होंने तिथि भोजन कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए मुख्य अतिथि विजेंद्र कुमार का धन्यवाद व्यक्त किया।

ट्रैक्टर टिपलर पलटा, चालक घायल

अफजलगढ़। थाना क्षेत्र ग्राम घासीवाला निवासी कुलदीप सिंह शाम खेत से ट्रैक्टर ट्रिपलर द्वारा गन्ना भरकर द्वारिकेश शुगर मिल जा रहा था। धामपुर मार्ग पर पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात वाहन को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर ट्रिपलर खाई में गिरकर पलट गया। किसी तरह ट्रैक्टर चालक कुलदीप सिंह ने ट्रैक्टर से कूदकर जान बचाई, जिसमें वह चोटिल हो गया।

स्योहारा में कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

स्योहारा। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नगर के रेलवे स्टेशन प्रांगण में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कांवड़ सेवा शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य लोगों ने भगवान शिव की आराधना कर कांवड़ यात्रियों की सेवा का संकल्प लिया।

इस कांवड़ सेवा शिविर में हरिद्वार एवं अन्य तीर्थ स्थलों से जल लेकर आने वाले शिवभक्तों के लिए भोजन, नाश्ता, चाय, शरबत, फल एवं विश्राम की विशेष व्यवस्था की गई है। शिविर में चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है ताकि कांवड़ यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कांवड़ शिविर कमेटी के अध्यक्ष मनोज भटनागर ने बताया कि यह शिविर पूर्णत सेवा भावना से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रियों की सेवा करना सौभाग्य की बात है और कमेटी के सभी सदस्य तन-मन-धन से सेवा में जुटे हैं। उन्होंने नगरवासियों से भी सहयोग करने की अपील की। वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. मनोज वर्मा ने कहा कि धार्मिक आयोजनों के माध्यम से समाज में एकता और सद्भाव का संदेश जाता है। उन्होंने

श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे समाजसेवी

वे धार्मिक व सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और सेवा कार्यों को आगे बढ़ाएं। उन्होंने शिविर व्यवस्था में सहयोग देने वाले सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अरुण कुमार वर्मा अध्यक्ष, मनोज भटनागर प्यारेलाल सैनी, व्यवस्थापक सुखबीर प्रजापति, महेंद्र सिंह, हल्दीराम, डॉ. मनोज, डॉ. विनीत, बिट्टू रस्तोगी, चमन होटल के संचालक संजय जैन, डॉ. राज बहादुर, सतीश प्रजापति, सुरेंद्र सैनी, संजीव भंडारी, राजीव भंडारी, देशबंधु, वैभव रस्तोगी, सोबीर सिंह, सुजीत भारद्वाज, राजीव वर्मा, रोहित कुमार, सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। शिविर में भजन-कीर्तन और हर हर महादेव के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। नगरवासियों ने भी सहयोग करते हुए शिवभक्तों की सेवा में सहभागिता निभाई।

घर के मचान से गिरकर बालिका की मौत

बिजनौर। एक किशोरी की घर के मचान से गिरकर मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। स्थानीय मौहल्ला मिर्दगान वार्ड 31 में रहने वाले शकील की 16 वर्षीय पुत्री जकिया कल देर शाम कोई सामान रखने के लिए घर के मचान पर चढ़ रही थी कि अचानक पैर फिसलने से वह मचान से सिर के बल नीचे गिर गई। आनन-फानन में उसे डॉक्टर के पास ले जाया गया। डॉक्टर ने जकिया को मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मचा है। जकिया को सुपुर्दे खाक कर दिया गया है।

रगड़पुरा के चार ग्रामीणों को कठोर कारावास

बिजनौर। न्यायालय एडीजे पॉक्सो अधिनियम ने थाना किरतपुर के ग्राम मौहम्मदपुर रावा उर्फ रगड़पुरा निवासी फुरकान पुत्र मजीद, मजीद पुत्र कालू, अमीर हसन उर्फ कल्लू पुत्र कालू एवं शकील पुत्र मेहंदी को महिला व उसकी पुत्री के साथ गाली-गलौच एवं जानलेवा हमला करने के आरोप में पांच-पांच वर्ष के कठोर कारावास एवं 88 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। वादी ने 17 जनवरी, 2024 को इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

फ्यूचर एकेडमी में स्कूल फेट

शिवाला कलां। फ्यूचर चिल्ड्रन एकेडमी में आज एक भव्य एवं रंगारंग स्कूल फेट का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर उत्साह, उमंग और रचनात्मकता से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती कमलेश सैनी एवं ब्लॉक प्रमुख अमरोहा गुरवेंद्र सिंह ढिल्लो, एसएचओ शिवाला कलां द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर तथा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। स्कूल फेट में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए, जिन्हें फेट में आए सभी अतिथियों ने बड़े चाव से चखा और बच्चों की मेहनत व रचनात्मकता की खुले दिल से सराहना की। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी भी लगाई। जिसमें विज्ञान के रोचक प्रयोगों और कलात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने ज्ञान व प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा दिखाए गए विज्ञान के 'मैजिक' और नवाचारों ने अतिथियों को विशेष रूप से प्रभावित किया। सभी गणमान्य अतिथियों ने विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, सोच और मेहनत की भूरी-भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम का सफल संचालन सुलभ चौहान द्वारा किया गया। जिन्होंने पूरे आयोजन को सुव्यवस्थित एवं रोचक बनाए रखा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक संघर्ष चौहान एवं प्रधानाचार्या श्रीमती कल्याणी चौहान ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा आयोजन के लिए किए गए उत्कृष्ट प्रबंधों की सराहना की। विद्यालय प्रशासन ने इस सफल आयोजन का श्रेय विद्यालय के समस्त शिक्षकों के सहयोग, विद्यार्थियों की मेहनत और अभिभावकों के विश्वास को दिया। यह स्कूल फेट न केवल बच्चों के सर्वांगीण विकास का प्रतीक बना, बल्कि उनमें आत्मनिर्भरता, टीमवर्क और रचनात्मक सोच को भी बढ़ावा देने वाला सिद्ध हुआ।

बाइक अनियंत्रित होकर फिसली, दो घायल

नगीना। थाना बढ़ापुर के नए वाला गांव के पास इस्लामाबाद वाली रोड के मोड़ पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इससे बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना में भर्ती कराया। घायल युवक की पहचान थाना नहटौर के ग्राम बच्छी वाला निवासी 22 वर्षीय हिमांशु पुत्र सुभाष चंद्र के रूप में हुई। घायल हिमांशु ने बताया कि वह उत्तरकाशी के बरकोट में नौकरी करता है और वह अपने दोस्तों के साथ नए वाला गांव में अपनी बहन की शादी में शामिल होने के लिए आया था। मंगलवार की रात वह अपने दोस्त के साथ बाइक पर सवार होकर नगीना की ओर जा रहा था। इसी दौरान इस्लामाबाद मोड़ पर अचानक बाइक असंतुलित होकर सड़क पर फिसल गई, जिससे वह और उसका दोस्त आदित्य गिरकर घायल हो गये। हादसे के बाद आसपास मौजूद राहगीरों ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना भिजवाया, जहां चिकित्सकों द्वारा उपचार किया गया।

हादसे में बाइक सवार दंपत्ति घायल

नगीना। थाना कोतवाली के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 74 पर ग्राम मनावली के समीप ओवरटेक करते समय एक फोर व्हीलर गाड़ी ने बाइक को साइड से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक पर सवार पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल दंपत्ति को मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना पहुंचवाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल बिजनौर के लिए रेफर कर दिया, परंतु अस्पताल पहुंचे परिजन दोनों घायलों को नगीना स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। गंभीर रूप से घायल पति-पत्नी की पहचान शशि बाला (52 वर्ष) पत्नी नरेश कुमार व नरेश कुमार (60 वर्ष) पुत्र छोटे सिंह निवासीगण ग्राम भोगली थाना नगीना देहात के रूप में हुई है।

एक नजर

निरीक्षण में 63 गोवंश स्वस्थ मिले

स्योहारा। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी विजेंद्र पाल की तत्परता और सक्रिय कार्यशैली का असर अब स्पष्ट रूप से नगर की गौशाला में दिखाई दे रहा है। गुरुवार को उन्होंने गौशाला का गहन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में कुल 63 गोवंश सुरक्षित पाए गए, जिनकी स्वास्थ्य स्थिति संतोषजनक मिली। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी ने पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण, आहार व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल उपलब्धता तथा रखरखाव संबंधी व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने स्वयं भूसा, हरा चारा, चोकर तथा अन्य पोषक आहार की गुणवत्ता जांची और परिसर की स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण किया। सभी व्यवस्थाएं मानकों के अनुरूप पाई गईं। गौशाला में एक दुर्घटनाग्रस्त गोवंश भी पाया गया, जिसके उपचार हेतु तत्काल आवश्यक निर्देश दिए गए। अधिशासी अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश जारी किए कि बीमार अथवा घायल पशुओं के उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को नियमित निगरानी एवं समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित करने के आदेश दिए। इस अवसर पर विजेंद्र पाल ने कहा कि गोवंश संरक्षण एवं उनकी समुचित देखभाल नगर पालिका परिषद की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

बिजली मीटर चोरी का खुलासा

स्योहारा। थाना पुलिस ने बिजली मीटर चोरी की घटनाओं का सफल खुलासा करते हुए एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। 8 फरवरी को ग्राम निवासी वादी द्वारा थाना स्योहारा में सूचना दी गई कि चोरों ने गांव के खेतों में लगे ट्यूबवेल के बिजली मीटर चोरी कर लिए हैं। इस संबंध में थाना स्योहारा पर धारा 303(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद 10 फरवरी को एक अन्य पीड़ित द्वारा भी मीटर चोरी की तहरीर दी गई, जिस पर अलग से मुकदमा पंजीकृत किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने टीम गठित कर घटनाओं के खुलासे के निर्देश दिए। पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए 11 फरवरीको वांछित अभियुक्त नौशाद उर्फ खरगोश पुत्र बुंदू निवासी ग्राम टांडा थाना स्योहारा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से 3 चोरी के बिजली मीटर ट्यूबवेल के, मीटर की टूटी हुई बॉडी, स्क्रू ड्राइवर, लोहे का कटर व सरिया बरामद किया। पूछताछ में अभियुक्त ने मीटर चोरी की घटनाओं को स्वीकार किया है। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर संबंधित धाराओं में वृद्धि करते हुए विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

अवैध निर्माण से ग्रामीणों में आक्रोश

हल्दौर। ग्राम बिलाई में तालाब की भूमि पर कथित अवैध कब्जे और निर्माण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई है। खसरा संख्या 385 की 3.855 हेक्टेयर भूमि तालाब के रूप में दर्ज है। ग्रामीण परवेंद्र सिंह का आरोप है कि ग्राम के ही संजीव कुमार ने उक्त तालाब की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर आवासीय निर्माण कार्य शुरू कर दिया। ग्रामीणों की शिकायत पर राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवा दिया था। हालांकि आरोप है कि संबंधित व्यक्ति ने दोबारा निर्माण कार्य शुरू कर दिया। इस पर परवेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, हल्का लेखपाल विवेक कुमार का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है।

INFORMATION

I, Mishbha Khatoon, wife of Subhan Ul Hasan, resident of Muslim Choudhariyan, Thana and Post Seohara, District Bijnor, have changed my name from Mishbha Khatoon.

My new name is Misbah Khatoon. In future, I should be known by my new name, Misbah Khatoon, and not by my previous name, Mishbha Khatoon.

संबंध विच्छेद सूचना

सर्वसाधारणों को सूचित करना है कि मेरा पुत्र पुनीत कुमार व पुत्रवधू अंशु देवी मेरे कहने में नहीं है और समझाती हूं तो मेरे साथ आए दिन मारपीट करते रहते हैं तथा पुत्र पुनीत व पुत्रवधू अंशु देवी अपने ससुराल वालों से मिलकर मुझे जान से मारना चाहते हैं। इसलिए विवश होकर मैंने पुत्र पुनीत व पुत्रवधू अंशु देवी से संबंध विच्छेद कर दिए हैं। साथ ही अपनी चल अंचल संपत्ति से भी बेदखल कर दिया है। अब मेरा उन दोनों से कोई मतलब वास्ता नहीं रहा है।

निवेदक- श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी स्व. श्री राजपाल सिंह, निवासी टीचर कॉलोनी धामपुर (बिजनौर) मो.नं.- 6395 50 6061

सम्बंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र मौ. सालिम उर्फ मोनू निवासी हाल डबुआ कालोनी बी ब्लाक 494 मस्जिद के पास वाली गली फरीदाबाद (हरियाणा) गलत संगत में पड़कर बिगड़ गया है। मेरे कहने में नहीं है। वह वहीं पर रह रही बाल बच्चों वाली महिला नाजरीन उर्फ नज्जो के प्यार में पड़ गया है। मौ. सालिम उर्फ मोनू की हरकतों से तंग आकर मैंने व परिवार के अन्य लोगों ने उससे सम्बंध विच्छेद कर दिया है। उसके किसी भी लेनदेन व कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता नहीं है और मैंने उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। **लईक अहमद पुत्र कफील अहमद ग्राम पुरुषोत्तमपुर उर्फ थेपुर, थाना कोतवाली देहात (बिजनौर)**

संबंध विच्छेद सूचना

मैंने अपने पुत्र मौ. इस्तियाक व उसकी पत्नी सीबा के गलत आचरण व व्यवहार व रोज-रोज के लड़ाई झगड़ों व मेरी व मेरे परिवार की जान-माल के दुश्मन बनने के कारण उन दोनों से तंग व परेशान होकर सभी तरह के अपने व अपने परिवार के संबंध विच्छेद कर अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके किसी भी कार्य व लेनदेन का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

-नूर जहां पत्नी मरहूम मौ. याकूब निवासी ग्राम पित्तनहेड़ी जिया, थाना कोतवाली देहात, तहसील नगीना, जिला बिजनौर।

संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र मौ. आशु निहायत ही चालाक व झगड़ालू किस्म का व्यक्ति है। वह गलत संगत के लोगों में उठने बैठने लगा है। वह मेरे व मेरे परिवार के साथ गाली-गलौच करता है। मैंने मौ. आशु को काफी समझाया, लेकिन वह किसी भी बात को सुनने व मानने के लिए तैयार नहीं है। मैं उसकी हरकतों से परेशान होकर उसे अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उससे समस्त संबंध समाप्त कर लिए है। अब मेरा में मेरे परिवार के किसी सदस्य का उससे कोई ताल्लुक वास्ता नहीं रहा है। उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **ओन मौहम्मद पुत्र मोहसिन निवासी सुन्दर नगरी मन्डोली, सबोली नॉर्थ ईस्ट दिल्ली, हाल निवासी ग्राम औरंगाबाद पोस्ट हुसैनपुर, तहसील नजीबाबाद, थाना किरतपुर, जिला बिजनौर।**

एक नजर

हंगामा समिति ने किया कांवरतियों का स्वागत

धामपुर। हंगामा लोक सामाजिक, साहित्य समिति द्वारा फलों, लड्डू, बिस्कुट, मूंगफली, रेवड़ी आदि के पैकेट बनाकर कांवरतियों को प्रसाद के रूप में वितरित किये गए व साथ ही पुष्प वर्षा करके कांवड़ ला रहे श्रद्धालुओं का स्वागत खारी कुआं मार्केट में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के संरक्षक पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता द्वारा भगवान शिव, माता पार्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। समिति के संरक्षक डॉ. जितेन्द्र कौशिक, निर्मला कौशिक, समिति की संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक, डॉ. प्रिंस गुप्ता, गौरव दुआ, कंचन प्रिंस गुप्ता, कामेश गुप्ता, नीलम गुप्ता, शशिबाला शर्मा, शीतल, रवि गुप्ता, कार्तिक, कुमुद जैन, विभु जैन, सचिन जैन, यतेन्द्र शर्मा एडवोकेट, सौरव मालपानी,चंचल शर्मा, विशाखा शर्मा आदि द्वारा कांवड़ ला रहे श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। समिति के संरक्षक राजू गुप्ता द्वारा समिति की ओर से कांवड़ ला रहे श्रद्धालुओं को सनातन सारथी सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित भी किया गया। हर वर्ष की भांति समिति की संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक द्वारा मुख्य बाजार व अन्य स्थानों पर शिवरात्रि पर जल अभिषेक करने हेतु पावन गंगाजल व बेलपत्र, घतुरा वितरित किया।

कला, कौशल और तकनीक की जानकारी दी

धामपुर। सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं द्वारा कार्यक्रम अधिकारी मीनू शर्मा की उपस्थिति में ग्राम नौरंगाबाद पंचायत घर में कौशल विकास हेतु युवा के अंतर्गत द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आज एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका विषय 'नारी शक्ति: कला, कौशल और तकनीक' रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वयंसेविकाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु उपयोगी एवं रोजगारपरक कौशलों से परिचित कराना था। कार्यक्रम में योग शिक्षिका श्रीमती ज्योति एवं डॉ. मीनाक्षी सिंह उपस्थित रहीं। डॉ. मीनाक्षी सिंह द्वारा स्वयंसेविकाओं को कढ़ाई-एंब्रॉयडरी एवं मेहंदी कला का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही नौरंगाबाद की महिलाओं ने भी स्वयंसेविकाओं से इन कलाओं की तकनीकें सीखी और अपने अनुभव साझा किए। छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ इन कलाओं की बारीकियाँ सीखीं और सिखाई और सुंदर डिजाइन तैयार किए। शिविर में स्वयंसेविकाएं महक बानो, अनुष्का, भावना, टीना शर्मा, गार्गी, सुनैना, मरियम, अनुष्का, इलमा आदि स्वयंसेविकाओं ने इस प्रशिक्षण में सराहनीय भूमिका निभाई। शिविर के संचालन में मनोज, अर्जुन, श्रीमती संतोष का सहयोग रहा।

राधा इंटर कॉलेज में फेयरवेल समारोह

धामपुर। राधा इंटर कॉलेज मे कक्षा 12 की छात्राओं के सम्मान में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 11 की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से समापन वर्ष की छात्राओं को भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक रवि कुमार एवं अनु राजपूत द्वारा मां सरस्वती के चित्र का अनावरण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके उपरांत सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। फेयरवेल समारोह के दौरान छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मिस फेयरवेल के रूप में ईशा रानी का चयन किया गया, जिन्हें विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं वरिष्ठ अध्यापकों द्वारा ताज पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य सुरेश कुमार ने 18 फरवरी से प्रारंभ होने वाली बोर्ड परीक्षाओं के संबंध में छात्राओं को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने छात्राओं को मन लगाकर अध्ययन करने, आत्मविश्वास बनाए रखने तथा परीक्षा को तनावमुक्त होकर देने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में अंकिता, चारु पाल, ललिता, सुहानी, छवि, वर्षिका, मोनिका, पलक सहित अनेक छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा।

उमंग तातरान का नेशनल शूटर में चयन

हल्दौर। नगर में स्थित जीएसएन इंटरनेशनल एकेडमी में कक्षा 12 के छात्र उमंग तातरान ने दिल्ली में आयोजित 66 वीं शुटिंग प्रतियोगिता में नेशनल शूटर में चयन होने पर विद्यालय पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। दिल्ली में स्थित डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज का चार जनवरी को 66 वीं नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जीएसएन इंटरनेशनल एकेडमी स्कूल के कक्षा 12 वीं के छात्र उमंग तातरान ने प्रतियोगिता में शामिल होकर 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल यूथ प्रतियोगिता में 533 अंक व 19 वीं रैंक हासिल कर अव्वल स्थान प्राप्त कर अपने जनपद व विद्यालय का नाम रोशन किया। मंगलवार को उमंग तातरान के विद्यालय पहुंचने पर उनके सम्मान में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधक रघुराज सिंह नागर ने छात्र उमंग तातरान को नेशनल स्तर की शूटिंग में चयन होने पर पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने छात्र की इस उपलब्धि को विद्यालय के लिए गौरव का क्षण बताया। साथ ही उन्होंने उमंग के पूरे परिवार को भी मंच पर आमंत्रित कर शुभकामनाएं देते हुए सम्मानित किया, जिससे अभिभावकों का उत्साह और विश्वास और अधिक बढ़ा। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रवक्ता विकास पंकज ने छात्र उमंग तातरान को बधाई देते हुए कहा कि उमंग की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। हमें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में भी वह देश और विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेगा। उन्होंने उमंग और उसके परिवार को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी प्रस्तुत की। विद्यालय प्रबंधक रघुराज सिंह नागर ने अपने संबोधन में घोषणा की कि जो भी विद्यार्थी बोर्ड परीक्षाओं में जिला स्तर पर टॉप करेगा उसे भी इसी प्रकार सम्मानित किया जाएगा ताकि विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और आत्मविश्वास विकसित हो। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। विद्यालय प्रशासन ने यह भी बताया कि जी.एस.एन. इंटरनेशनल एकेडमी शिक्षा के साथ-साथ खेलों, अनुशासन और सर्वांगीण विकास को विशेष महत्व देता है।

इंस्टाग्राम पर गाली-गलौज के बाद मारपीट

इंटर कॉलेज में छात्रों के दो गुट भिड़े, बस स्टॉप पर जमकर मचाया हुड़दंग

शाह टाइम्स संवाददाता

हीमपुर दीपा। थाने से महज चंद कदमों की दूरी पर स्थित बस स्टॉप पर उस समय दर्जनों छात्रों और असामाजिक तत्वों का हुजूम लग गया, जब इंस्टाग्राम पर गाली-गलौज को लेकर एक छात्र ने दूसरे छात्र को पीट दिया और पिटने वाले छात्र ने ग्राम में फोन कर भीड़ बुला ली। दर्जनों की संख्या में भीड़ और सड़क पर आवागमन देख स्थानीय लोग भी हैरान थे। वहीं सूचना पाकर बस स्टॉप पर पहुंची पुलिस ने दो-तीन छात्रों को गाड़ी में डाल लिया और कॉलेज पहुंच गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम मारूफपुर निवासी दयानंद जनता इंटर कॉलेज के कक्षा दस के एक छात्र ने बताया कि सब्दलपुर निवासी कक्षा आठ का दूसरा छात्र इंस्टाग्राम पर न केवल गालियां देता है बल्कि रात को कॉल कर उसकी बहन को भी परेशान करता है। जिसके चलते उसे कई बार समझाया गया। आज भी कॉलेज के फील्ड में उससे बात हुई, तो हाथापाई शुरू हो गई। मारपीट के बाद वह पेपर देने स्कूल परिसर में चला गया। जबकि पिटा हुआ युवक अपना पेपर देकर घर जा रहा था। जिसने ग्राम से दर्जनों की संख्या में भीड़ को बुला लिया। उधर सूचना पाकर हीमपुर दीपा पुलिस ने इस भीड़ में मौजूद पिटने वाले युवक और उसके एक साथी को भी गाड़ी में बैठा लिया और कॉलेज पहुंच गई। जहां कॉलेज से पीटने वाले छात्र को भी उठा लिया गया।

हैरानी की बात यह रही की कॉलेज का स्टाफ कॉलेज परिसर में मौजूद था। परंतु किसी ने भी न तो पुलिस से विद्यालय में आने की वजह पूछी, न ही नाबालिग छात्र को ले जाने का कारण पूछा। जब पुलिस छात्र को क्लासरूम से विद्यालय के बाहर फील्ड में ले आई तब पत्रकार परीक्षित गुप्ता ने जानकारी के उद्देश्य से प्रधानाचार्य योगेश कुमार से विद्यालय में पुलिस के आने का कारण पूछा तो विद्यालय के अध्यापकों की नींद टूट गई। इसके बाद छात्रों के दोनों गुटों को प्रधान अध्यापक के कक्ष में ले जाया गया और उनके परिजनों को बुलाकर चेतावनी दी गई।

बिजली बकाया वसूली को गई टीम से मारपीट, मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

स्योहारा। ग्राम मुंडाखेड़ी में बकाया विद्युत बिल की वसूली के दौरान बिजली विभाग की टीम के साथ मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है। आरोप है कि उपभोक्ता और उसके पुत्र ने न केवल कर्मचारियों से हाथापाई की बल्कि मोबाइल फोन तोड़ दिया और सरकारी दस्तावेज भी फाड़ डाले। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

ताजपुर बिजलीघर में तैनात टीजी-2 रामपाल सिंह अपनी टीम के लाइनमैन योगन कुमार व अतुल कुमार के साथ बकाया वसूली अभियान पर निकले थे। विभागीय अभिलेखों के अनुसार ग्राम मुंडाखेड़ी निवासी रोहताश सिंह पुत्र कूड़े सिंह पर 43,504 रुपये का बिजली बिल बकाया था। टीम जब उपभोक्ता के घर पहुंची और भुगतान करने को कहा, तभी विवाद की स्थिति बन गई। टीजी-2 रामपाल सिंह का आरा. `प है कि रोहताश सिंह और उसके पुत्र कामेश यादव ने गाली-गलौच शुरू कर दी और विरोध करने पर मारपीट की। इस दौरान कर्मचारियों का मोबाइल फोन छीनकर जमीन पर पटक कर तोड़ दिया गया। साथ ही बिच्छेदन बुक सहित अन्य सरकारी कागजात भी छीनकर फाड़ दिए गए। घटना के बाद बिजलीकर्मियों ने थाना पहुंचकर तहरीर दी।

पुलिस ने रोहताश सिंह और कामेश यादव के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा, मारपीट, धमकी और सरकारी दस्तावेज नष्ट करने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

28 फरवरी तक बकायादारों के लिए सुनहरा मौका : प्रजापति

शाह टाइम्स संवाददाता

स्योहारा। विद्युत विभाग ने बकाया बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं को अंतिम अवसर देते हुए ओटीएस (वन टाइम सेटलमेंट) योजना की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2026 घोषित की है।

स्योहारा के उपखंड अधिकारी एसडीओ जी.डी. प्रजापति ने कहा कि यह योजना उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से चलाई जा रही है ताकि वे अपने बकाया बिलों का निस्तारण रियायत के साथ कर सकें। जिन उपभोक्ताओं पर लंबे समय से बकाया चल रहा है उनके लिए यह सुनहरा अवसर है कि वे 28 फरवरी से पहले अपना बकाया जमा कर आर्थिक राहत प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि विभाग की मंशा किसी उपभोक्ता को परेशान करना नहीं बल्कि उन्हें सुविधाजनक विकल्प उपलब्ध कराना है, लेकिन इसके बावजूद यदि निर्धारित समय सीमा तक बकाया जमा नहीं किया गया तो मार्च माह से सख्त विभागीय कार्यवाही शुरू की जाएगी। इसमें बकाया वसूली अभियान, कनेक्शन विच्छेदन तथा अन्य विधिक कार्रवाई शामिल हो सकती है।

एमकेडी एकेडमी में वार्षिकोत्सव मनाया

शाह टाइम्स संवाददाता

नहटौर। नगर के हल्दौर रोड स्थित एमकेडी अग्रिम एकेडमी का वार्षिकोत्सव आज बड़े ही भव्य रूप से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में एकेडमी के छात्र-छात्राओं द्वारा मंच पर आकर्षक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का शुभारम्भ माता कमला देवी एवं उनके सुपुत्र राजेश अग्रवाल (एलआरएस ग्रुप ऑफ कॉलेज व माता कमला देवी ग्रुप ऑफ स्कूल), सीमा अग्रवाल, एकेडमी के प्रबन्धक अंकित अग्रवाल, प्रधानाचार्या एड. तृप्ति अग्रवाल, नैना मित्तल व स्वर्ण मित्तल द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित व पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

कार्यक्रम के शुभारम्भ के मौके पर विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं द्वारा दी गई मनमोहक व देश भक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान फन्नी डान्स, क्लासिकल डांस,

छात्र-छात्राओं ने मंच पर दी आकर्षक प्रस्तुतियां

पंजाबी थीम आदि ने सभी का मन मोह लिया। इसी दौरना बॉलीवुड थीम पर दी गयी ऑपरेशन सिन्दूर की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केन्द्र रही। देर तक चले कार्यक्रम के दौरान वातावरण तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान होता रहा। इस अवसर पर एकेडमी प्रबंधन की ओर से इस वर्ष नहटौर क्षेत्र के सभी विद्यालयों से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र आयुष पुत्र अमित को 5100 रुपए का चेक देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर संस्था के प्रबंध निद. `शक राजेश अग्रवाल ने कहा कि एमकेडी महिला महाविद्यालय व उसके बाद एमकेडी अग्रिम एकेडमी खोलने की प्रेरणा उन्हें उनकी माता कमला देवी से मिली। उन्होंने कहा कि स्थापना वर्ष से ही एकेडमी निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और इसमें सर्वाधिक योगदान यहां के शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का रहा है। उन्होंने एकडमी के विकास में अपना बहुमूल्य योगदान देने हेतु शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि माता कमला देवी विशेष स्कॉलरशिप योजना के तहत आगामी सत्र 2026-27 के लिए 28 फरवरी 2026 तक नर्सरी कक्षा में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं के लिए आने जाने हेतु यातायात सुविधा का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। इसके साथ ही आगामी वर्ष में नहटौर क्षेत्र के सभी विद्यालयों से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र को 11 हजार का चेक प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से कुलदीप कान्त शर्मा, सुभाष, सुरभि, शैली, गुल्फशां रिया, शिवांगी, ज्योति, सपना उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजन व सफल संचालन में एकेडमी के सभी शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का सहयोग रहा।

एसडीएम ने किया कांवड़ यात्रा सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

नजीबाबाद। कांवड़ यात्रा के मद्देनजर प्रशासन अलर्ट मोड में है। बुधवार दोपहर करीब एक बजे उपजिलाधिकारी (एसडीएम) और क्षेत्राधिकारी (सीओ) ने थाना मंडावली व नजीबाबाद क्षेत्र में कांवड़ यात्रा के दौरान तैनात पुलिस बल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम और सीओ ने कांवड़ मार्ग पर लगाए गए बैरिकेडिंग, पुलिस पिकेट, यातायात व्यवस्था और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की उपस्थिति की जांच की। उन्होंने यह भी देखा कि कांवड़ियों के आवागमन में किसी प्रकार की बाधा तो नहीं आ रही है और आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त इंतजाम हैं या नहीं। अधिकारियों ने मार्ग से गुजर रहे कांवड़ियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए संबंधित पुलिसकर्मियों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। साथ ही, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया।

यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए लागू किए गए डायवर्जन प्लान की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भारी वाहनों का प्रवेश निर्धारित वैकल्पिक मार्गों से ही कराया जाए और स्थानीय नागरिकों को भी असुविधा न हो, इसका ध्यान रखा जाए। एसडीएम और सीओ ने समस्त संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी कर्मी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन सुव्यवस्थित और जिम्मेदारी के साथ करें। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से भी अपील की है कि वह निर्धारित मार्ग का पालन करें और सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करें, ताकि कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न हो सके।

मदरसों में एमआर टीकाकरण अभियान

खसरा-रूबेला का टीका लगाया

शाह टाइम्स संवाददाता

नगीना। कोतवाली ब्लॉक के मदरसों में खसरा-रूबेला टीकाकरण अभियान की शुरुआत हो गई है। यह अभियान 27 फरवरी तक चलाया जाएगा, जिसके तहत कक्षा 1 से 5 तक पढ़ने वाले बच्चों को एम-आर टीके की अतिरिक्त खुराक दी जाएगी। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को खसरा और रूबेला जैसी गंभीर और संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित करना है।

कोतवाली ब्लॉक के विभिन्न मदरसों में एम-आर टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीएचसी के अधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. विशाल दिवाकर ने बताया कि पूरे ब्लॉक में इस अभियान के अंतर्गत कुल 19

सत्रों का आयोजन किया गया है। प्रत्येक सत्र में प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बच्चों का सुरक्षित तरीके से टीकाकरण किया जा रहा है। डॉ. विशाल दिवाकर ने अपनी स्वास्थ्य टीम के साथ क्षेत्र के मदरसों में आयोजित टीकाकरण सत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने टीकाकरण की प्रक्रिया, बच्चों की उपस्थिति और रिकॉर्ड संधारण की जानकारी ली। टीम ने मदरसों के भ्रमण के दौरान वहां के प्रधानाचार्यों व शिक्षकों से संवाद कर एम-आर टीकाकरण के महत्व को समझाया। डॉ. विशाल दिवाकर ने प्रधानाचार्यों से अपील की कि वे बच्चों के अभिभावकों को भी जागरूक करें, ताकि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे और शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत 5 से 10 वर्ष आयु वर्ग के उन सभी बच्चों को एम-आर टीके की अतिरिक्त खुराक दी जा रही है, जिन्हें पूर्व में यह टीका लगाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि खसरा और रूबेला दोनों ही अत्यंत संक्रामक रोग हैं, जो बच्चों में गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि खसरा रोग से बच्चों में निमोनिया, दस्त, कुपोषण और यहां तक कि दृष्टिहीनता जैसी गंभीर जटिलताएं भी हो सकती हैं। वहीं, रूबेला संक्रमण यदि गर्भवती महिला को हो जाए, तो नवजात शिशुओं में जन्मजात विकृतियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। डॉ. विशाल दिवाकर ने स्पष्ट किया कि एम-आर टीका पूरी तरह सुरक्षित और प्रभावी है तथा यह बच्चों को इन दोनों बीमारियों से लंबे समय तक सुरक्षा प्रदान करता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करें और अपने बच्चों का समय पर टीकाकरण अवश्य कराएं।

एक नजर

कृमि संक्रमण से बचाव को दवा वितरित

नगीना। कोतवाली ब्लॉक में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान चलाया गया। इस दौरान 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों और किशोरों को कृमि संक्रमण से बचाने के लिए एल्बेंडाजोल टैबलेट दी गईं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण और शैक्षणिक विकास को सुनिश्चित करना था। अभियान में ब्लॉक के सभी सरकारी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, मान्यता प्राप्त वित्त पोषित स्कूलों, मदरसों और केंद्रीय विद्यालयों को शामिल किया गया। इन सभी संस्थानों में बच्चों को कृमि संक्रमण से मुक्ति दिलाने के लिए दवा वितरित की गई। चिकित्सा प्रभारी नगीना डॉ. विशाल दिवाकर ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम वर्ष 2016 से लगातार संचालित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाना और उनके स्वास्थ्य व पोषण स्तर में सुधार करना है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि कोतवाली ब्लॉक क्षेत्र के सभी निजी, सरक. ारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों के साथ साथ स्कूल न जाने वाले बच्चों के लिए सवा लाख टैबलेट्स प्राप्त हुईं। अभियान के दौरान शिक्षकों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की देखरेख में बच्चों को यह दवा खिलाई गई। उन्होंने बताया कि 14 फरवरी को मॉप अप डे आयोजित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत वंचित बच्चों को टैबलेट्स खिलाई जाएंगीं। इस दौरान डा. विशाल दिवाकर के साथ हर्षित विश्नोई बीपीएम, एआरओ अमन बंसल, डॉ. जैदी, सत्ती सिंह, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. नवेद इकबाल, संजय सिंह, शक्ति सिंह आदि मौजूद रहे।

महासम्मेलन की सफलता को संपर्क

बिजनौर। 15 फरवरी को इंदिरा बाल भवन में होने वाले पेंशन क्रांति महासम्मेलन की सफलता को लेकर आज जनपद के विद्यालयों एवं कार्यालयों में संपर्क किया। इस अवसर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने पेंशन क्रांति महासम्मेलन की सफलता के लिए सहयोग एवं समर्थन व अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। संपर्क में कलेक्ट्रेट मिनिस्टीरियल कर्मचारी संघ के मंडल अध्यक्ष सतीश चौधरी, जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार, जिला मंत्री सुधांशु शर्मा, राज्य संयुक्त कर्मचारी परिषद के जिला संरक्षक देशराज सिंह, जिला अध्यक्ष धीरज कुमार, सिंचाई संघ के जिला अध्यक्ष सुरभी सिंह, इरिगेशन मिनिस्टीरियल कर्मचारी संघ के जिला कोषाध्यक्ष विरेंद्र कुमार, माधुरी गौड़, फूलचंद सिंह चंदेल, मोहित शर्मा, निकुल कुमार, पुनीत अग्रवाल, विजयपाल सिंह, हेम. राज गौतम, अमर सिंह, राजीव कश्यप, लतीफअहमद, विपिन कुमार, संजय सेन, संजय त्यागी, त्रिलोक चंद, ममता शर्मा, दीपक कुमार, मेहताब अहमद, पवन कुमार, संजुल त्यागी, अंशुल कुमार, दीपक कुमार आदि से किया गया।

कांवड़ियों को 24 घंटे मिलेगी स्वास्थ्य सुविधाएं

नगीना। कांवड़ियों को 24 घंटे स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेगी। स्वास्थ्य विभाग ने थाना क्षेत्र में दो स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर लगाए हैं। इनमें डॉक्टर, फार्मासिस्ट और स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी लगा दी गई है। इनके अलावा सरकारी अस्पताल में आवश्यकतानुसार बेड रिजर्व किए गए हैं और विशाल पंडाल की व्यवस्था भी की गई है। कांवड़ यात्रा की शुरूआत हो गई है। हालांकि नगर में हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वाले कांवड़ियों की भीड़ अभी कम है। स्वास्थ्य विभाग ने दो जगह चिन्हित कर स्वास्थ्य कांवड़ शि. विर लगा दिए हैं। इन कांवड़ स्वास्थ्य शिविरों में डॉक्टर, फार्मासिस्ट और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई हैं। शिविर में कांवड़ियों को 24 घंटे की स्वास्थ्य सुविधाएं मिले, इसके लिए डॉक्टरों, फार्मासिस्टों और कर्मचारियों को अलग-अलग शिफ्टों में तैनात कर दिया है। बुंदकी-बढ़ापुर तिराहा, गौसपुर चौराहा और नगीना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मोबाइल यूनिट खड़ी रहेंगी। स्वास्थ्य कांवड़ शिविरों पर निगरानी के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। यहां से सभी कांवड़ स्वास्थ्य शिविरों पर नजर रखी जाएगी।

ईंट भट्टों पर स्वास्थ्य टीम पहुंची

नगीना। नगर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने क्षेत्र के ईंट भट्टों पर शिविर लगाये। इस दौरान मजदूरों और महिलाओं को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में उपस्थित श्रमिकों को कुष्ठ रोग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। सीएचसी नगीना के चिकित्सा प्रभारी डॉ विशाल दिवाकर ने बताया कि कुष्ठ रोग छुआछूत की बीमारी नहीं है और न ही यह स्पर्श करने से फैलता है। उन्होंने सलाह दी कि यदि शरीर पर किसी प्रकार का सफेद या हल्के रंग का दाग दिखाई दे, या किसी अंग में सुन्नता महसूस हो, तो इसे नजरअंदाज न करें। उन्होंने तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर चिकित्सक से परामर्श लेने की बात कही। डॉ. विशाल दिवाकर ने यह भी बताया कि कुष्ठ रोग का इलाज पूरी तरह संभव है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसकी दवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। समय पर उपचार से रोगी पूरी तरह स्वस्थ हो सकता है और समाज में किसी प्रकार की भ्रांति या भेदभाव की आवश्यकता नहीं है।

चिकित्सा शिविर का शुभारंभ

नजीबाबाद। कैमिस्ट एसोसिएशन श्री महाकाली सेवादल नजीबाबाद के द्वारा निःशुल्क चिकित्सा सेवा शिविर आयोजित किया गया। जिसमें कांवरियों द्वारा फीता काट कर शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रवण कुमार, किशोर कुमार, शुभम नामदेव, कोमल, वरुण कौशिक, अंकित अग्रवाल, ओमपाल सिंह, सचेत कुमार शर्मा, गौरव राजपूत, अजय नामदेव, आशुतोष, विक्की चौहान, अनुज, हिमांशु, अतुल रोहिल्ला आदि उपस्थित रहे। इसी के साथ-साथ नगर पालिका नजीबाबाद अधिशासी अधिकारी प्रिंस कुमार और नगर पालिका अध्यक्ष इंजीनियर मौज्जम खां द्वारा सेवा शिविर आयोजित किया गया। जिसमें कांवड़ियों को फल वितरित किए गए। शिविर का शुभारंभ अधिशासी अधिकारी प्रिंस कुमार और पालिका अध्यक्ष इंजी. मौअज्जम के द्वारा फीता काट कर किया गया।

स्कूलों में कोर्स लगवाने को सक्रिये हुए कोर्स माफिया

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। कहावत है छुरी खरबूजे पर गिरे या खरबूजा छुरी पर अर्थात कटना खरबूजे को ही होता है। यही स्थिति आजकल अभिभावकों की भी बनी हुई है। क्यों कि नया शैक्षित सत्र शुरू होने में चंद माह रह गए है,लेकिन स्कूलों में महेंगी किताब नौनिहालों को थमाने के लिए कोर्स माफिया सक्रिये हो गए है।

○ चमचमाते वाहनों से स्कूलों में पहुंचकर कोई लगवाने का हर सम्भव हो रहा प्रयास

सरकार और जिला प्रशासन की सख्ती से निजि स्कूलों में कोर्स और मनमाने स्थानों से ड्रैस आदि लेने की स्कूलों की हिटलरशाही पर कुछ लगाम लगी थी। लेकिन यही हालात फिर से दोहराये जाने की सम्भावनाएं बलबती होती दिखायी दे रही हैं। हालांकि जिला प्रशासन की स्कूलों में कोर्स व ड्रैस की मनमानी पर तेवर अभी भी सख्त हैं लेकिन एक कहावत यह भी है कि जब बाढ़ ही खेत को खाने लगगी तो फिर खेत का क्या हाल होगा सटीक अंदाजा लगाया जा सकता है। उसी तरह सरकार जीरो टोलरेंस नीति पर चलकर जनता को हर सुख सुविधा देने का हर सम्भव प्रयास कर रही है लेकिन सपा में रहकर दिन दोगुनी रात चौगुनी तरक्की कर भग्वा चोला चोला पहन लिया है। खुद को पार्टी का निष्ठावान दिखाकर अंदर ही अंदर जड़े खोखली करने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे है। सफेद पोश चमचमाते वाहन में घूमकर कमाई का ऐंसा रास्ता ढूंढ निकाला है जिससे सांप भी मर जाये और लाठी भी न टूटे अर्थात जेब भी भर जाये और बदनामी भी नहीं हो। किताब कापियों के दुकानदारों की रोजी रोटी पर हमलावर हो गए हैं और खुद कोर्स बेचने निकल पड़े गए। चमचमाते वाहन से स्कूल-स्कूल पहुंचकर अपना कोर्स लगवाने का हर वह सम्भव प्रयास कर रहे हैं जिससे उनका कोई वार खाली नहीं जाये और उनका कोर्स हर हाल में स्कूल संचालक लगाकर मनमाने दामों पर बच्चों को कोर्स बिकवाया जाये। मगर उन्हे नहीं पता यह पब्लिक है यब जानती है।

सम्भल। छतों को छूकर गुजरती मौत रूपी हाईटेंशन लाइन के विरोध में प्रदर्शन करते मोहल्लेवासी।

छतों को छूकर गुजर रही हाईटेंशन लाइन, रोष

शाह टाइम्स ब्यूरो

○ गुस्साय लोगों ने किया प्रदर्शन, पूर्व में एक महिला की हो चुकी है मौत

सम्भल। छतों को छूकर गुजरते हाईटेंशन लाइनों के तारों को हटाने की कोई कवायद बिजली विभाग की ओर से नहीं की जा रही है जबकि मौत रूपी लटके तारों से किसी भी समय हादसे की सम्भावनायं बनी रहती है। बार-बार मांग और शिकायत के बाद भी तार नहीं हटाये जाने से नाराज लोगों ने प्रर्दशन कर गहरी नाराजगी प्रकट की।

सराय तरीन मुहल्ला कटरा कमालपुर सराय में हाईटेंशन विद्युत लाइन के तार मकानों की छतों को दूकर गुजर रहे हैं। मकानों पर लटकते तारों से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा ह औरकभी भी हादसे की आशंका बनी रहती है। जिससे लोगों में भय का माहौल है। मौहल्ले वासियों ने हाईटेंशन विद्युत लाइन के तार मकानों की छतों से हटानें की मांग करते हुए बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। लोगों का कहना था कि तार छतों से छू रहे है, जिससे आए दिन हादसे होते रहते हैं। मुहल्ले मे एक मकान में करंट उतरने से एक महिला की मौत पहले ही चुकी है, महेश, सतीश, विजय, अमित, नईम, जहीर आदि के आवासों की छतों के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। इससे परिवार के सदस्यों के साथ-साथ बच्चों को भी हर समय करंट लगने का खतरा बना रहता है। मुहल्ले वासियों ने कई बार समस्या को लेकर चिंता जताई, लेकिन अब तक समाधान नहीं हो सका है। मुहल्ले वासियों ने हाईटेंशन लाइन हटवाने अथवा सुरक्षित दूरी पर शिफ्ट कराने की मांग की है।

त्रृटिपूर्ण आवेदन सही करने को 13 फरवरी निर्धारित

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। त्रुटिपूर्ण आवेदनों को छात्र/छात्राओं के स्तर से सही करने की अन्तिम तिथि 13 फरवरी, 2026 तक निर्धारित कर दी गई है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2025-26 में अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) दशमोत्तर कक्षाओं में (कक्षा 11-12 को छोड़कर) छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत ऑनलाइन आवेदन से लेकर वितरण हेतु समय सारिणी जारी की गयी है। उक्त समय सारिणी के अनुसार छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत ऑनलाइन आवेदन से लेकर वितरण हेतु तिथियों निर्धारित हैत्रुटिपूर्ण आवेदनों को छात्र/छात्राओं के स्तर से सही करना 13 फरवरी, 2026 तक सही किये गये आवेदन पत्रों को छात्र/छात्राओं द्वारा संस्था में जमा किया जाना तथा संस्था स्तर से पुनः अग्रसारित किया जाना 18 फरवरी, 2026 तक किया जाना निर्धारित है। उन्होने सभी दशमोत्तर (डिग्री) शिक्षण संस्थाओं से निर्धारित समयान्तर्गत संस्थान में अध्ययनरत अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछडे वर्ग को छोड़कर) के पात्र छात्र/छात्राओं के स्तर से त्रुटिपूर्ण आवेदनों को ऑनलाइन सही कराते हुए अपने स्तर की समस्त कार्यवाही भी निर्धारित समयान्तर्गत पूरी करना सुनिश्चित करने को कहा है।

चिकित्सका व चिकित्साधीक्षक के बीच देर से आने का खुलकर सामने आया विवाद

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। संविदा चिकित्सक और चिकित्साधीक्षक के बीच देर से आने का विवाद खुलकर सामने आ गया। चिकित्साधीक्षक ने संविदा चिकित्सक के पति पर नोंक-झोंक-गाली-गलौंच और सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाया जबकि महिला चिकित्सका के पति ने अकारण ही परेशान करने और शिकायत करने पर झूठे आरोप लगाने का आरोप लगाया। पुलिस ने चिकित्सका के पति को शांति भंग की आशंका में उपजिलाधिकारी की अदालत से जमानत पर रिहा कर दिया।

○ चिकित्साधीक्षक ने चिकित्सका के पति पर लगाए सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप, प्रधान ने कहा चिकित्साधीक्षक नहीं आते नियमित अस्पताल

गुन्नौर ब्लॉक के क्षेत्र गांव पंवारी निवासी वर्तमान प्रधान अनिल यादव की पत्नी अनीता यादव संविदा पर तैनात हैं। चिकित्सा अधीक्षक राजकिशोर का आरोप है कि संविदा चिकित्सका देर से आती है। समय पर आने को कहने पर उनके पति ने आकर उनके साथ अभद्रता की और गाली-गलौंच कर सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की। उन्होने कहा कि मामला उच्चाधिकरियों के संज्ञान में डाल दिया है। पुलिस ने पहुंचकर प्रधान अनिल यादव पर शांति भंग की आशंका की कार्यवाही की। जबकि प्रधान अनिल यादव ने कहा कि मेरी पत्नी अनीता यादव सीएचसी में संविदा पर तैनात है। उसके लिए डाक्टर अस्पताल में समय पर नही आने की बात कहकर फटकार रहे थे। जबकि वह ही नियमित रूप से अस्पताल नहीं आते। मैंने समझाया तो मुझ पर अनर्गल आरोप लगाये हैं।

कैलादेवी इंटर कॉलेज में हजारों विद्यार्थियों ने किया माता-पिता का पूजन

○ अभिभावकों ने भी अपने बच्चों को दिया आशीर्वाद

शाह टाइम्स,ब्यूरो

सम्भल। बाबा रतन गिरि आदर्श इंटर कॉलेज में मातृ पितृ पूजन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया,जिसमें हजारों छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने माता-पिता का पूजन विधि-विधान के साथ किया तथा आरती की। इसके साथ ही इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई सम्मान समारोह का आयोजन भी हुआ।

कैला देवी स्थित बाबा रतनगिरि आदर्श इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट के छात्रों की विदाई सम्मान समारोह के दौरान विशेष तरीके से माता-पिता का पूजन एवं उन्हें सम्मानित करने का कार्यक्रम आयोजित हुआ। हजारों छात्र छात्रओं ने अपने माता-पिता को पंक्तिबद्ध तरीके से आसन पर बिठाकर उनका पूजन किया, तथा आरती कर आशीवांद पाया। माता-पिता ने भी अपने-अपने बच्चों को शुभ आशीवांद दिया और उज्जवल भविष्य की कामना की। जहां कुछ देर के लिए माहौल भक्तिमय हो गया। तत्पश्चात इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं का विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। विदाई के दौरान छात्र-छात्राएं भावुक नजर आए। जहां उन्होंने विद्यालय में किसी भी प्रकार की गलती पर अध्यापकों से क्षमा प्रार्थना की। जिसके पश्चात सभी अभिभावकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया, तथा इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों को डॉक्यूमेंट फाइल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में युवा भारत पतंजलि के जिला प्रभारी यशपाल सिंह शास्त्री जिला विज्ञान समन्वयक राजू सिंह यादव विद्यालय प्रबंधक अजय पाल सिंह तथा विद्यालय प्रधानाचार्य अशोक कुमार यादव के साथ सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

सम्भल- माता-पिता पूजन कार्यक्रम में सरस्वती वंदना की प्रस्तुति देती छात्रायें।

बाजार में रमजान की होने लगी तैयारियां

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। रमजान का पवित्र माह धीरे-धीरे आता जा रहा है। सप्ताह भर बाद शुरू हो रहे रमजान से पहले बाजार में कई तरह के सामान दिखायी देने लगे हैं।

संसद में जयंत चौधरी के बयान पर बिफरे शिक्षको ने फूका पुतला

शाह टाइम्स,ब्यूरो

सम्भल। संसद में मंत्री जयंत चौधरी द्वारा दिए गए वक्तव्य के विरोध तेज हो गया है। विरोध में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय बहजोई में मंत्री का पुतला दहन किया और सरकार के नहीं चेतने पर उग्र आन्दोलन की चेतावनी दी। जिलाध्यक्ष अंजीव कुमार श्रोत्रिय नें कहा कि सरकार शिक्षकों का शोषण करने में लगी हुई है। जब शिक्षक की नियुक्ति हुई थी तो उस समय जो योग्यता निर्धारित थी उसी के अनुसार उसकी नियुक्ति हुई थी। अब 30 -35 साल बाद उसी शिक्षक को कहा जाये कि वो टेट करें तभी उसकी जॉब सुरक्षित रह सकती है। यह तो घोर अन्याय है। 2011 से राइट टू एजुकेशन एक्ट लागू हुआ है उस समय के बाद जो भी शिक्षक नियुक्त हुए है वो सारे टेट पास है फिर पुराने शिक्षकों से टेट कराने का क्या औचित्य है।जिला मंत्री लायक सिंह यादव नें कहा कि अगर सरकार नहीं मानी तो दिल्ली में एक विशाल धरना प्रदर्शन होगा।प्रदर्शन में जिला मंत्री लायक सिंह यादव, जिला संयुक्त मंत्री मुकेश गोयल, कोषाध्यक्ष मो. रईस आदि मौजूद रहे।

बजट में रोज़गार और इंफ्रास्ट्रक्चर पर दिया ज़ोर

शाह टाइम्स संवाददाता

○ युवाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण को मिली प्राथमिकता

बबराला। भाजपा जिला मंत्री कुमोद वार्ष्णेय ने कहा कि बजट में योगी सरकार के कार्यकाल में हर वर्ग का विकास हुआ है। बजट में युवाओं को रोजगार के लिए सक्षम बनाने पर विशेष जोर दिया गया है। बड़े पैमाने पर रोजगारपरक प्रशिक्षण और कौशल संवर्धन को मिशन मोड में संचालित करने की बात कही गई है। साथ ही प्रदेश में डिजिटल इन्टरप्रन्योरशिप योजना पर भी कार्य किया जाएगा। उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अगले चरण में जनविश्वास सिद्वांत के तहत रजिस्ट्रेशन और लाइसेंसिंग प्रक्रिया को और सरल बनाया जाएगा। विश्व बैंक सहायतित यूपी एग्रीज परियोजना के तहत एग्री-एक्सपोर्ट हब की स्थापना का भी प्रस्ताव है। नगर विकास के तहत 26,514 करोड़ रुपये का प्रस्ताव रखा गया है, जिसके अंतर्गत प्रदेश में 113 नगरीय निकाय गठित किए गए हैं। गंगा स्नाई के लिए सीवरेज की 74 परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं, जिनमें से 41 पूरी होकर कार्य कर रही हैं। इसके अलावा एक्सप्रेसवे, फ्लाईओवर निर्माण के लिए 1500 करोड़ और सड़कों के मरम्मत व चौड़ीकरण के लिए 1000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह बजट सभी को अच्छा है।

सुबह में तेज ठंड, दोपहर को मौसम हो रहा गर्म

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। मौसम में तेजी के साथ परिवर्तन होता जा रहा है। सुबह सवेरे ठंड लेकिन दोपहर को मौसम काफी गर्म रह रहा है। जबकि देर सांय को ठंडक का कुछ अहसास हो रहा है। तेजी से हो रहे परिवर्तन से मौसमी बीमारी पांव पसारने लगी है।

एक नज़र इधर भी

बबराला-गांव फिरोजपुर के समीप बने अंडरपास में भरा पानी।

अंडरपास में भरा पानी, परेशानी

शाह टाइम्स,संवाददातो

बबराला। थाना क्षेत्र के गांव फिरोजपुर के समीप ग्रामीणों की सुविधा के लिए बनाए गए अंडरपास में पानी भरा रहता है। जिससे ग्रामीणों को निकलने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इससे ग्रामीण परेशान है।

रेलवे लाइन से निकलने के लिए आवागमन को बनाया गया अंडरपास जल भराव के कारण समस्या का सबब बन गया है। उससे लोग आवागमन नहीं कर पा रहे हैं। जबकि इसके लिए ही उसे बनाया गया था। इस समस्या की ओर किसी का ध्यान नहीं है। इसको सही कराने के प्रयास से जिम्मेदार मूकदर्शक बने हुए हैं।

सम्भल। पं. दिन दयाल की पुण्य तिथि पर पुष्प अर्पित करते।

समर्पण दिवस पर पुष्पांजलि

सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)। पंडित दीन दयाल उपाध्याय को पुण्य तिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाकर श्रद्वाजंलि अर्पित की गई। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष सय्यद शान अली के नेतृत्व में मंडल हयात नगर के सेक्टर मनोकामना पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पंडित दीन दयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाकर उन्हे याद किया। इस मौके पर मण्डल हयातनगर के सेक्टर मनोकामना पर सेक्टर प्रभारी एवं बूथ अध्यक्ष सय्यद शान अली सेक्टर सयोंजक खुर्शीदा बेगम गुलजार अंसारी निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा बूथ अध्यक्ष सारभ खान मोहम्मद जुबेर मोहम्मद इस्लाम नकवी परवीन जहाँ आदि कार्यकर्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

बबराला- गुन्नौर में पैदल मार्च कर चैकिंग अभियान चलाती पुलिस।

पैदल मार्च कर चला चेकिंग अभियान

बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)। नगर में पुलिस ने पैदल मार्च किया। सीओ गुन्नौर आलोक सिद्दू द्वारा एसओ बबराला सौरभ तिवारी मय पुलिस बल के साथ थाना बबराला क्षेत्रन्तर्गत अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत प्रमुख स्थानों रेलवे रोड,चन्दौसी रोड़, राजघाट रोड़ पर पैदल मार्च कर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चैकिंग की और जनमानस को सुरक्षा व भयमुक्त होने का भरोसा दिलाया।

बारिश से कोतवाली हुई पानी-पानी

बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई के निर्देशन में जनपद में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से यातायात प्रभारी के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम (एमवी एक्ट) के अंतर्गत कार्रवाई की गई। अभियान में जनपद के विभिन्न प्रमुख चौराहों, बाजारों से गुजरने वाली ई-रिक्शाओं पर जोन वार कोडिंग करते हुए नंबरिंग दी गई तथा यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई।

परीक्षा में आत्म विश्वास बनाए रखें

शाह टाइम्स संवाददाता

बबराला। नगर स्थित शांतिदेवी कन्या इंटर कालेज के प्रधानाचार्य सोमेश पाठक ने छात्रों को परीक्षा और मोबाइल उपयोग को लेकर महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मोबाइल की लत बच्चों का मूल्यवान समय चुरा लेती है, आंखों को कमजोर करती है और पढ़ाई में बाधा डालती है। इसके स्थान पर छात्रों को पुस्तकों से मित्रता करने, खेलकूद में भाग लेने और परिवार के साथ समय बिताने की सलाह दी। उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं के लिए छात्रों को आत्मविश्वास बनाए रखने और प्रश्नपत्र को ध्यान से पढ़कर उत्तर

○ बोर्ड परीक्षा से पूर्व छात्रों को दी सफलता और मोबाइल नियंत्रण की सलाह

देने की सलाह दी। उन्होंने श्रीमद्भगवदगीता का उदाहरण देते हुए कहा, 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन', जिसका अर्थ है कि व्यक्ति का अधिकार केवल कर्म करने पर है, उसके परिणाम पर नहीं। उन्होंने सभी छात्रों को आगामी परीक्षाओं के लिए हृदय से शुभकामनाएं दीं और अनुशासन, प्रयास और सकारात्मक सोच बनाए रखने पर जोर दिया।

मौसम की तल्लखी दूर होते ही मच्छरों का आतंक बढ़ने लगा

शाह टाइम्स,ब्यूरो

सम्भल। जैसे-जैसे मौसम की तल्लखी समाप्त होती जा रही है। वैसे ही नगर वासी बच्चो के आतंक को झेलने के लिए मजबूर है जबकि नगर पालिका की ओर से अभी फॉगिंग का दूर-दूर तक अता-पता नहीं है,जबकि जरूरत है पूरे शहर व कोने-कोने में फॉगिंग कराए जाने की।

मौसम में आए भारी परिवर्तन से नगर में मच्छरो को साम्राज्य स्थापित हो गया है। बंद पड़े नाले व नालियो से मच्छरो की पैदावार में लगातार वृद्धि हो रही है। नगर वासी मच्छरो के आतंक से बचने के लिए भारी पैसा खर्च कर गुडनाईट की स्लाईड, कछुआ छाप, मोरटीन सहित हजारो तरह की मच्छर मार दवाईयो का इस्तेमाल कर रहे है। जिसके कारण ऐसे उत्पादन बनाने वालो की चॉदी कटने लगी है साथ ही इन उत्पादों की मांग भी एकदम से बढ़ने लगी है। नगर वासियो की महंगाई के इस दौर में।

पीएम मातृ वंदना योजना शत प्रतिशत संतृप्तिकरण के निर्देश

शाह टाइम्स,ब्यूरो

सम्भल। आंगनबाड़ी आईसीडीएस, मिशन शक्ति तथा समाज कल्याण की बैठक में आईसीडीएस विभाग के अन्तर्गत बच्चों के वजन माप पर चर्चा की गयी तथा वीएचएसएनडी सत्र को लेकर संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि सत्र पर लम्बाई एवं वजन अच्छे से हो नहीं तो कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा है।

कलक्ट्रैट सभागार में आयोजित बैठक में आंगनबाड़ियों पर कार्यवाहियों को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना को लेकर संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत संतृप्तिकरण कराया जाए। जबकि सैम मैम बच्चे, एनआरसी पोषण पुनर्वास केन्द्र चंदौसी, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण,लर्निंग लैब पर भी चर्चा की गयी। बैठक में आंगनबाड़ी आईसीडीएस के अन्तर्गत

आधार सत्यापन तथा मोबाइल सत्यापन शत प्रतिशत कराने के निर्देश दिए। मिशन शक्ति बैठक के तहत कन्या सुमंगला के लंबित आवेदन पर चर्चा की गयी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विधवा पेंशन के सत्यापन के लिए समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया। समाज कल्याण के अन्तर्गत वृद्वावस्था पेंशन, फैमिली आईडी, शादी अनुदान योजना पर चर्चा की गयी। अभ्युदय योजना, आश्रम पद्वति विद्यालय पिछड़ा वर्ग शादी अनुदान के लंबित आवेदन निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि पर चर्चा की गई एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी तिनेज कुमार, आदि मौजूद रहे।

वयोवृद्ध मां के हाथों कराया कोल्ड स्टोरेज का शुभारम्भ

शाह टाइम्स,ब्यूरो

सम्भल। इधर आलू की फसल खेतो में तैयार हो रहा है। जबकि आलू को सुरक्षित और ताजा रखने के लिए कोल्ड स्टोरेज को सजाने व संवारने का कार्य तेजी के साथ हो रहा है। जबकि एक ओर नए कोल्ड स्टोर का भव्य रूप से उद्घाटन कर और पहला कटटा रखवाकर शुभारम्भ किया गया।

चन्दौसी मार्ग ग्राम बिछौली स्थित महान कोल्ड स्टोरेज एण्ड जनरल मिल्स का शुभारम्भ फीता काटकर किया गया। हजी मुजफ्फर उल्लाह उर्फ हाजी बब्बू के कोल्ड स्टोर मे उनकी बुजुर्ग माता ने फीता काटा। कोल्ड स्टोर मे आलू का पहला कटटा रखकर किसान को ईनाम पुरस्कृत किया। जबकि किसानो संग भोजन किया और कोल्ड स्टोर की व्यवस्था के बारे मे जानकारी दी।

सम्भल- बेटे के महान कोल्ड स्टोरेज का उद्घाटन करती वयोवृद्व मॉ।

किसानों मे आलू रखने को लेकर काफी उत्साह दिखाई दिया। इस मौके पर हाजी मुजफ्फर उर्फ बब्बू, मौ. खुर्शी, मौ. फैसल, मौ. अशरफ, मौ. अरमान, खलीक अहमद, शफात उल्लाह, साजिद एडवोकेट, रिजवान अंसारी, जिया अंसारी, जैद अंसारी, फरजंद वारसी, मुजफर हुसैन, सलीम अंसारी आदि उपस्थित रहे।

एक दिवसीय शिविर में चला सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

शाह टाइम्स,ब्यूरो

सम्भल। एमजीएम कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (युवा कौशल विकास) के द्वितीय एक दिवसीय शिविर में कार्यक्रम अधिकारी डा. नेमपाल सिंह के दिशा निर्देशन में यातायात पुलिस बूथ पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर योगेंद्र सिंह ने बताया कि प्रत्येक नागरिक को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक और जिम्मेदार बनकर अपना और समाज दोनों का जीवन बचाना है। यातायात पुलिस हेड कांस्टेबल सचिन ने सभी को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई। हेड कांस्टेबल विशांत ने यातायात नियमों और सड़क पर बने प्रतीक चिन्हों को विस्तार से समझाया। स्वयंसेवक धर्मेंद्र यश कुमार भारती कासिद

मोहम्मद शोएब अभिनाश मोहम्मद आदिल ने दो पहिया वाहन चलाते समय लोगों से हेलमेट लगाने की अपील की। स्वयंसेविका जिकरा सना शाजिया वजीहा शिफा ने चार पहिया वाहन चलाने वालों से हमेशा सीट बेल्ट का प्रयोग कर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में स्वयंसेवक सेविकाओं ने सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा आदि स्लोगन बोलते हुए एक रैली का आयोजन कर समाज को जागरूकता का संदेश प्रदान किया। इस अवसर पर कांस्टेबल निधान एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के समस्त स्वयंसेवक सेविका उपस्थित रहे।

दीवान चीनी मिल की चेन में गिरकर मजदूर की मौत, मिल प्रशासन कर रहा घटना से इन्कार

कांठ (शाह टाइम्स)। दीवान चीनी मिल की चेन में काम कर रहे मजदूर की उसमें गिरकर मौत हो गई मृतक के भाई ने मिल प्रशासन पर अनदेखी किए जाने का आरोप लगाया है समाचार लिखे जाने तक मृतक का शब नहीं मिल पाया था। बताया गया कि बहलोलपुर निवासी अरविंद और उसका भाई जितेंद्र दीवान चीनी मिल में चेन पर काम करते थे रात को भी दोनों भाई वहीं पर काम कर रहे थे रात करीब 12:00 बजे जितेंद्र किसी काम से चौन से कुछ दूर चला गया वापस आया तो उसे उसका भाई नहीं मिला उसने मिल अधिकारियों से अपने भाई के चौन में गिर जाने और गन्ने में दब जाने की बात कहते हुए चौन बंद करने को कहा आरोप है कि मिल प्रशासन ने उसकी एक नही सुनी और उसे आसपास तलाश करने की सलाह दी। चेन रात भर चलती रही अरविंद नहीं मिला तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई डॉग स्क्वॉड को भी वहां पर बुलाया गया लेकिन अरविंद का कोई पता नहीं लग सका। अरविंद के साथ काम करने वाले मजदूरों ने बताया कि उन्होंने चौन पर खून पड़ा हुआ देखा है और उन्हें पूरी उम्मीद है कि मिल प्रशासन की अनदेखी के कारण अरविंद चौन में गिरकर अपनी जान गवा चुका है। मृतक की पत्नी अनीता और बच्चों का भी घटना को देखकर रो-रो कर बुरा हाल है लेकिन मिल प्रशासन अभी तक अरविंद की मौत को मानने के लिए तैयार नहीं है हालांकि गांव वाले मिल प्रशासन पर कई तरह के आरोप लगा रहे हैं समाचार लिखे जाने तक मृतक का शब नहीं मिल पाया था।

चौकी के पास वर्कशॉप में चोरों ने चोरी की वारदात को दिया अंजाम

मुरादाबाद। जनपद के कटघर थाना क्षेत्र में पंडित नगला पुलिस चौकी के पास स्थित एक कार मरम्मत वर्कशॉप में चोरी की घटना से कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। चोर चौकी से चंद कदम की दूरी पर स्थित वर्कशॉप से हजारों रुपये के औजार और गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स चोरी कर ले गए।वर्कशॉप स्वामी मुस्तफा ने बताया कि 10 फरवरी की रात वह दुकान बंद कर घर चले गए थे और उस समय सारा सामान सुरक्षित था। 11 फरवरी की सुबह करीब 7 बजे पड़ोसियों ने फोन कर चोरी की सूचना दी। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि वर्कशॉप का सामान बिखरा पड़ा है और कीमती उपकरण व स्पेयर पार्ट्स गायब हैं।घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और संभावित सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।गौरतलब है कि प्रदेश सरकार और पुलिस प्रशासन अपराध नियंत्रण के दावे करते रहे हैं, लेकिन चौकी के नजदीक हुई इस चोरी से स्थानीय लोगों में नाराजगी है। लोगों ने क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

एक नजर

विदाई समारोह में छलका भावनाओं का सैलाब, रुकैया बनीं मिस फेयरवेल 2026

कांठ(शाह टाइम्स)। बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज, कांठ में आज कक्षा 12 की छात्राओं के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कक्षा 11 की छात्राओं ने अपने वरिष्ठ साथियों के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें गीत, नृत्य एवं भावपूर्ण संदेश शामिल रहे। समारोह के दौरान विद्यालय परिसर भावनात्मक वातावरण से सराबोर रहा। छात्राओं ने अपने विद्यालयीन अनुभव साझा किए तथा शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्या डॉ. अंजना शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह विदाई नहीं, बल्कि जीवन की नई ऊंचाइयों को छूने की शुरुआत है। विद्यालय परिसर से निकलकर अब उनके सामने संभावनाओं का विस्तृत मैदान है, जहां वे अपने परिश्रम और आत्मविश्वास के बल पर सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगी। कार्यक्रम के अंतर्गत 'मिस फेयरवेल 2026' का खिताब कक्षा 12 'ब' की छात्रा रुकैया ने प्राप्त किया, जबकि कुमारी सारिका रनर-अप रहीं। विजेता छात्राओं को ताज एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा और सभी ने छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कांवड़ियों की वापसी से नगर में माहौल हुआ भक्तिमय

कांठ(शाह टाइम्स) कांवड़ियों की वापसी से नगर का माहौल भक्तिमय होने लगा है कांवड़ियों के जत्थे धीरे-धीरे नगर से होकर अपने-अपनी मंजिल तक वापस जा रहे हैं बतादें कि 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व है जिसमें भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए कावड़िए हरिद्वार से गंगा. जल लेकर आते हैं और अपने-अपने मंजिल पर पहुंच कर मंदिरों में भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। इस समय कांवड़ियो के जत्थे जाने के साथ-साथ आते हुए भी दिखाई दे रहे हैं और भगवान शिव के जयकारों से नगर का माहौल भी शिवमय होता जा रहा है। कांवड़ियों की सेवा के लिए संचालित होने वाले भंडारों की तैयारी भी आखिरी चरण पर है आज कई जगह पंडाल लगाने की व्यवस्था होती देखी गई कुल मिलाकर कांवड़ियो की वापसी से नगर का माहौल भी भक्तिमय होता दिखाई दे रहा है।

कावड़ यात्रा की सुरक्षा के लिए बसों का संचालन बंद होने से सड़के सूनी

कांठ (शाह टाइम्स) कावड़ यात्रा की सुरक्षा के लिए मुरादाबाद धामपुर मार्ग की बसों का संचालन बंद कर दिए जाने से सड़के सूनी हो गई जबकि कांठ से मुरादाबाद के लिए अभी बसो का संचालन जारी है। बताया गया कि कांवड़ियों के जत्थे अब हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर वापस आने लगे हैं जिसके लिए मुख्य मार्ग पर बसों का संचालन रोक दिया गया अब बस कांठ से धामपुर या धामपुर से कांठ की ओर नहीं आ रही है जिसकी वजह से सड़के सूनी हो गई है उधर नूरपुर छजलैट मार्ग पर कुमखिया के पास से बसों का संचालन बंद कर दिए जाने की जानकारी मिली है। रोडवेज बस प्रभारी का कहना है कि बसे नए बस स्टैंड तक आ रही है और यही से सवारियों को लेकर मुरादाबाद के लिए वापस जा रही है। कुल मिलाकर बसों का संचालन बंद होने से एक और जहां यात्रियों को आवागमन में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है वहीं दूसरी और मुरादाबाद के लिए संचालित हो रही बसों से यात्रियों को राहत मिल रही है हालांकि इस कमी को पूरा करने के लिए प्राइवेट टेंपो द्वारा सवारी लाने और ले जाने का काम भी किया जा रहा है।

भारतीय किसान यूनियन की गई मांगों की 17 को करेगी समीक्षा

कांठ (शाह टाइम्स) भारतीय किसान यूनियन किसानो की समस्याओं को लेकर दे चुकी ज्ञापन के समाधान की समीक्षा 17 फरवरी को तहसील सभागार में करेगी उक्त जानकारी भारतीय किसान यूनियन द्वारा प्रेस को दी गई। बताया गया कि इस संबंध में उन्होंने आज एसडीएम से मुलाकात की जिसमें त्रिपक्षीय वार्ता के लिए 17 फरवरी दोपहर 12:00 बजे का समय निश्चित किया गया है। इस मौके पर किसान नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह तहसील अध्यक्ष दर्शन सिंह बिश्नोई ब्लॉक अध्यक्ष अंगद चौधरी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

17 फरवरी को भूड मंदिर पर होगा 79वां वार्षिक मेले का आयोजन

कांठ (शाह टाइम्स) श्री जम्भेश्वर आश्रम भूड टीबा पर फाल्गुन अमावस्या को बिश्नोई समाज का विशाल मेला लगता है । जहां देश के कोने कोने से आकर श्रद्धालु जम्भेश्वर भगवान को नमन कर पर्यावरण को बनाये रखने जीवों पर दया करने व उनके आदर्शों तथा उनके द्वारा प्रतिपादित 29 नियमों पर चलने का संकल्प लेते हैं।

श्री जम्भेश्वर आश्रम का 79 वां वार्षिक उत्सव 17 फरवरी को मनाने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं । कांठ-स्योहारा मार्ग स्थित ब्रह्मलीन स्वामी चन्द्रप्रकाश जी महाराज की तपोभूमि श्री जम्भेश्वर आश्रम भूड टीबा मन्दिर बिश्नोई समाज का उत्तर प्रदेश में सबसे विशाल मन्दिर है । करीब 40 बीघा में बने इस विशाल जम्भेश्वर आश्रम में विश्नोई समाज के संस्थापक गुरु जम्भेश्वर भगवान के अनुयायी स्वामी चन्द्र प्रकाश जी महाराज ने करीब आठ दशक पूर्व इस भूड़ टीवा पर आकर तपस्या की थी।

उनके यहाँ तप करने से ही यह स्थान प्रसिद्ध हो गया। इस स्थान पर स्वामी जी के दर्शन व अपनी समस्याओं को लेकर नगर व क्षेत्र के अनेक लोग उनके पास आने लगे और स्वामी जी के आशीर्वाद से व उनके कहने पर मन्दिर के पास स्थित पोखर में स्नान करने से अनेक लोगों के चर्म रोग दूर होने लगे । कुछ ही समय में यह स्थान आस्था और श्रद्धा का प्रतीक बन गया । यहां पर साधू संत आकर तपस्या करने लगे । बुजुर्गों के मुताबिक भूड़ टीबा पर स्वामी जी ने अपने तप से लोगों के अनुरोध पर कई बार वर्षा भी कराई । स्वामी जी के इस चमत्कार से यह स्थान - गुरू जम्भेश्वर आश्रम भूड़ टीबा मन्दिर दूर दूर तक प्रसिद्ध हो गया। मंदिर के अध्यक्ष कुंवर सुरेंद्र सिंह ने बताया कि वार्षिक उत्सव पर आयोजित विशाल यज्ञ में श्रद्धालु यहां देसी घी और गोले को ही अर्पण करेंस वार्षिक उत्सव में दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, उत्तरांचल, उत्तर प्रदेश के अन्य प्रमुख नगरों से काफी संख्या में लोगो के पहुंचने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

शिवरात्रि और रमजान के मददे नजर कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

बिलारी। शिवरात्रि और रमजान माह को लेकर कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सभी से त्योहारों को मिलजुल कर प्रेम सौहार्द के साथ मनाने का आह्वान किया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक उदय प्रताप सिंह ने बताया दस फरवरी से 15 फरवरी की रात 8:00 बजे तक रामपुर शाहबाद रोड से आने वाले वाहन मुरादाबाद की ओर नहीं जाएंगे बल्कि उन्हें संभल होकर गुजारा जाएगा उन्होंने यह भी कहा कि सभी लोग यातायात सुरक्षा के पर ध्यान दें, नाबालिग को वाहन चलाने को नहीं दें। सीओ अशोक कुमार सिंह ने कहा कि बिलारी क्षेत्र का पिछले सालों का विवरण देखने से पता चलता है कि यहां के लोग आपसी सौहार्द के साथ त्यौहार मनाते हैं कोई स्थाई विवाद नहीं है छोटे-मोटे विवाद यदि होते हैं तो वह आपस में मिलजुलकर निपटा लिए जाते हैं।

सीओ ने कहा कि रमजान माह भी निकट है उस पर भी सभी लोग सौहार्द का परिचय दें। उन्होंने कहा कि सड़क पर चलने वाले किनारे होकर चलें ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके। बैठक का संचालन कर रहे व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन ने कहा पटाखे और तेज आवाज रखने वाली बाइकों पर कार्रवाई होनी चाहिए। इसका सभी न समर्थन किया। बैठक के दौरान बताया गया कि यहां रेलवे फाटक के निकट श्री मोहनानंद सेवाश्रम स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में तेरस का मेला लगता है ऐसा ही मेला कुआं खेड़ा तो वह आपस में मिलजुलकर निपटा लिए जाते हैं। अलावा सहसपुर में शिव बारात निक. ली जाती है।

बृहस्पतिवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र बिलारी द्वारा भव्य शोभायात्रा भी निकाली जाएगी सभी त्योहारों पर सफाई और प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने की मांग भी उठाई गई। मोहन आनंद सेवा आश्रम वाले तेरस मेले के प्रबंधक बृजेश राघव ने मांग उठाई की मंदिर के निकट ही मदिरा की दुकान है उसे शिवरात्रि वाले दिन बंद रखा जाए। इंस्पेक्टर क्राईम द्वारा साइबर अपराधियों से बचने की तकनीकी जानकारी दी गई। बैठक में सिद्धार्थ शेखर, कल्याण सिंह, जेपी सिंह यादव, हाजी मोहम्मद रफी राजू, आमिल सिद्दीकी, हप्पू राजा, प्रधान धर्मेंद्र सिंह, इकरार हुसैन वसीम इदरीसी अनिल ठाकुर, ब्रज रतन प्रजापति निहाल सिंह लाठर, सरफराज हुसैन पाशा, जगत नारायण शर्मा के अलावा बिजली और नगर पालिका के जेई आदि शामिल रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से गो माता घायल, बजरंग दल ने कराया उपचार

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। जनपद के थाना सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित बुद्ध विहार में देर शाम एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से गौ माता गंभीर रूप से घायल हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सड़क पर सामान्य यातायात चल रहा था, तभी अचानक तेज गति से आए वाहन ने सड़क पर विचरण कर रही गौ माता को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि गौ माता कई फीट दूर जा गिरी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए।स्थानीय नागरिकों ने तुरंत बजरंग दल कार्यकर्ताओं को सूचना दी। सूचना पाकर संगठन के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और घायल गौ माता को निजी वाहन से उपचार के लिए एक गौशाला पहुंचाया।

वहां पशु चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार शुरू किया। चिकित्सकों के अनुसार गौ माता को कई स्थानों पर गंभीर चोटें आई हैं, हालांकि फिलहाल हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।घटना के बाद क्षेत्रवासियों में रोष है। लोगों ने क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

टिमिट में वाद-विवाद प्रतियोगिता 'थिंक-स्पीक-डिफेंड' का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (टिमिट)-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट द्वारा विद्यार्थियों के बौद्धिक एवं तार्किक कौशल के विकास के उद्देश्य से एक प्रभावशाली वाद-विवाद प्रतियोगिता "थिंक-स्पीक-डिफेंड" का आयोजन 11 फरवरी, 2026 को प्रातः 10:30 बजे से किया गया। इस कार्यक्रम में आईएसटीडी (इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट), मुरादाबाद चौप्टर तथा टीएमयू-एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सेल (ईडीसी) का सहयोग रहा। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में तर्कशक्ति, आलोचनात्मक चिंतन, आत्मविश्वास, प्रभावी अभिव्यक्ति तथा अपने विचारों का सशक्त ढंग से बचाव करने की क्षमता का विकास करना रहा। कार्यक्रम में बी.कॉम. पाठ्यक्रम के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न समसामयिक एवं शैक्षणिक विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुश्री अदिति अग्रवाल, सॉफ्ट स्किल ट्रेनर (रिवोल्यूशनरी जनीं) एवं एमबीए एलुमनी रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वाद-विवाद न केवल ज्ञान बढ़ाता है, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, नेतृत्व क्षमता और प्रोफेशनल कम्युनिकेशन स्किल्स को भी मजबूत करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को मंच का सकारात्मक उपयोग कर अपने विचार निर्भीकता से रखने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने अपने तर्कों को तथ्यों, उदाहरणों और तार्किक विश्लेषण के माध्यम से प्रस्तुत किया, जिससे कार्यक्रम का वातावरण अत्यंत जीवंत एवं ज्ञानवर्धक बन गया। आयोजन के अंत में प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की गई तथा ऐसे आयोजनों को भविष्य में भी निरंतर आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। यह आयोजन टिमिट के उस सतत प्रयास का परिचायक है, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक एवं जीवनोपयोगी कौशल प्रदान किए जाते हैं।

चीनी मिल ने किया 12 करोड़ 67 लाख का भुगतान

बिलारी। राजा का सहसपुर स्थित लक्ष्मी जी शुगर मिल ने किसानों का 11 फरवरी को 12 करोड़ 67 लाख रुपए का भुगतान किया है। यह भुगतान 16 जनवरी से 22 जनवरी तक 7 दिन के गन्ना मूल्य का है, जो किसानों के खातों में भेजा गया। गन्ना मूल्य भुगतान की पुष्टि गन्ना समिति सचिव ने की है। चीनी मिल में अब तक 38.61 लाख कुंतल गन्ने की प्राइस की गई।

चीनी मिल उपाध्यक्ष सुभाष खोखर ने किसानों से कहा कि सभी किसान साफ सुथरा गन्ना चीनी मिल को आपूर्ति करके अपना बेसिक कोटा बढ़ाएं। कहीं पर भी सस्ते दामों पर गन्ने को ना बेचे। उप महाप्रबंधक गन्ना गिरीश कुमार ने ताजा व साफ सुथरा गन्ना आपूर्ति करने का आग्रह किया।

कार्यालय नगर पंचायत कुंदरकी, (मुरादबाद)।

पत्रांक: 166/न.पं.कु./2025-26 :: नोटिस:: दिनांक: 06.02.2026

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मौहल्ला कायस्थान पश्चिमी कस्बा कुन्दरकी तहसील, बिलारी स्थित भवन संख्या-243 वार्ड संख्या-09 जो गृहकर अभिलेखों में श्रीमति कादरी बेगम पत्नी श्री शाहबुद्दीन निवासी ग्राम काजीपुरा तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद के नाम दर्ज है पर श्रीमति शायरा पत्नी श्री शमीम मुहम्मद निवासी मौहल्ला कायस्थान पश्चिमी, कस्बा कुन्दरकी, तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद के द्वारा उक्त भवन के आंशिक भाग पर गृहकर अभिलेखों में अपने नाम दर्ज करने हेतु इस कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र दिनांक-29/01/2028 को प्रेषित किया है। जिसके साक्ष्य में इनके द्वारा प्रार्थना पत्र के साथ विक्रय-पत्र (वैनामे) की छायाप्रति प्रेषित की गयी है।

क्र. सं.	भवन संख्या	मौहल्ला	वर्तमान में दर्ज नाम	नाम परिवर्तन की दशा में गृहकर का प्रकार
1	243	कायस्थान पश्चिमी कुंदरकी।	श्रीमती कादरी बेगम पत्नी श्री शाहबुद्दीन	श्रीमती शायरा पत्नी श्री शमीम मुहम्मद

उक्त के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस नोटिस की दिनांक के 30 दिन के भीतर अपनी आपत्ति मय साक्ष्य के प्रस्तुत कर सकता है। बीत जाने मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कुंदरकी (मुरादाबाद)।

कार्यालय ग्राम पंचायत अदलपुर
विकास खण्ड-डिलारी (मुरादाबाद)।

पत्रांक: 01/ग्राम निधि/मनरेगा/निविदा/ 2025-26 दिनांक: 11.02.2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

विकास खण्ड-डिलारी की ग्राम पंचायत अदलपुर में राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त /मनरेगा योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु सील. बंद निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 17.02.2026 की दोपहर 12.00 बजे आमंत्रित की जाती है एवं उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे निविदा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है या देखी जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्लन आदि किसी भी कार्य दिवस में अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि बैंक ड्राफ्ट/एफडीआर के रूप में जमा करनी होगी। जो ग्राम पंचायत के नाम बंधक होगी। अवकाश की दशा में उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	सामग्री का विवरण	सामग्री की अनुमानित लागत लाख	जमानत की 2% राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	कार्य अवधि
1	मैन रोड से इरशाद के घर तक नाली मिट्टी व सीसी टाईल्स निर्माण कार्य।	सीमेंट बजरफुट रेता, ईंट, सीसी टाईल्स आदि।	117810/-	2356/-	250/-	2 माह
2	उबैद के घर से रईस के घर तक नाली मिट्टी सीसी टाईल्स निर्माण कार्य।	सीमेंट बजरफुट रेता, ईंट, सीसी टाईल्स आदि।	124129/-	2483/-	250/-	2 माह
3	आरसीसी रोड से छोटे के घर तक नाली मिट्टी सीसी टाईल्स निर्माण कार्य।	सीमेंट बजरफुट रेता, ईंट, सीसी टाईल्स आदि।	361152/-	7223/-	250/-	2 माह

प्रतिबंध/शर्तें:-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत-अदलपुर
विकास खण्ड डिलारी मुरादाबाद

उत्तर रेलवे
ई-नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग (ए.सी.ओ.) उत्तर रेलवे, मुरादाबाद मंडल के द्वारा वाटर वेंडिंग मशीन, पार्किंग, पे एंड यूज़, एम.पी.एस. एवं A-1, A & B केटेगरी के रेलवे स्टेशनों पर कैटरिंग स्टाल (स्पे० माइनर यूनिट्स) के कार्य को IREPS के माध्यम से मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर ठेके पर देने हेतु ई-बोलियाँ www.ireps.gov.in पर क्रमशः दिनांक 03.03.2026, 05.03.2026 एवं 06.03.2026 को आमंत्रित की जाती हैं, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं।

ग्राहको की सेवा मे मुस्कान के साथ 470/2026

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना

विभाग	Electrical (TRD)
टेंडर नं.	T-16-TRD-MB-25-26
कार्य का नाम	मुरादाबाद डिवीजन के बुंदकी, हापुड़, इकबालपुर, डबरारा, हकीमपुर और यंदौसी स्टेशनों पर रेलवे माल गोदामों से संबंधित टी.आर.डी. का कार्य।
निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय	05.03.2026, 15:00 Hrs.
कार्य की अनुमानित लागत (₹)	₹ 73,44,062.94/- (Including GST @ 18%)
बिड सिक्यूरिटी राशि (₹)	₹ 1,46,900/-
निविदा प्रपत्र मूल्य (₹)	NIL
ऑफर की वैधता (दिन)	60 दिन
कार्य पूरा करने की अवधि	06 माह
वेबसाइट एवं कार्यालय का पता	www.ireps.gov.in, Divisional Railway Manager's Office, Northern Railway, Moradabad

निविदा सूचना सं.: Elect/TRD/MB/2025-26/TN-19 दिनांक: 11.02.2026 467/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कार्यालय ग्राम पंचायत जैतपुर
विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद)।

पत्रांक: मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 11.02.2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत जैतपुर विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 28.02.2026 को 12. 30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 28.02. 2026 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

क्र. सं.	कार्य तथा स्थल का नाम	कार्य की ल० मी० में	अनुमानित लागत लागत (रू. लाख में)	निविदा मूल्य	जमानत धनराशि	कार्य पूर्ण कराने की अवधि
1	अंकित के घर से रमेश चौधरी के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य।	62 मी0	235460/-	500	2%	3 माह
2	चामुंडा से फरमान के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य।	77 मी0	283490/-	500	2%	3 माह
3	मैन रोड से शमशाद के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य।	53 मी0	260250/-	500	2%	3 माह

प्रतिबंध/शर्तें:-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत जैतपुर
विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद

एमआईटी संस्थान में वार्डन व स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं निदेशालय नागरिक सुरक्षा उ० प्र० लखनऊ के निर्देशानुसार एम आई टी संस्थान के सभागार में वार्डन एवं स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के चतुर्थ सत्र के छप्टम दिन आज प्रशिक्षण सत्र में सर्वप्रथम प्टतनी शक्ति हमें देना दाता प्रार्थना की गई । तत्पश्चात पहले सेशन में प्मानव शरीर की संरचना आदि प के बारे में बताया गया प । दूसरे सेशन में श्री कमल प्रसाद गुप्ता उपायुक्त परिवहन, बरेली परिक्षेत्र एवं पवन कुमार पंकज, आर टी ओ मुरादाबाद द्वारा प्सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा में वार्डन के रोल प पर चर्चा की गई। छठे दिन के अंतिम सेशन में श्री सतीश कुमार सहायक उपनियंत्रक प्राथमिक उपचारकर्ता के

कर्तव्य आदि को समझाया गया। सभी वक्ताओं/व्याख्यान विशेषज्ञों का आभार उपनियंत्रक श्री नीरज चक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नागरिक सुरक्षा कार्यालय से चमन कुमार शर्मा, तुषार अग्रवाल मास्टर ट्रेनर अखिल अग्रवाल, विवेक कुमार यादव डिविजन वार्डन सुरेन्द्र प्रकाश गुप्ता, मो खालिद, अशोक कुमार गुप्ता स्टाफ अधिकारी शरीफ अहमद, वसीम अंसारी, वसीम अख्तर, डा शफीक अहमद घटना नियंत्रण अधिकारी सुभाष जैन, संदीप जैन आदि ने उपस्थित रह कर सहयोग प्रदान किया।

बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र शाहजेब अजीम को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में शाहजेब के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **मौ0 अजीम पुत्र मोविन खलिफा आयु 61 वर्ष निवासी बनातुल कुरैश के पास असालतपुरा थाना गलशहीद जनपद मुरादाबाद।**

38 की जगह 78 पेड़ कटवाने का मामला कानूनगो व वन विभाग की भूमिका संदिग्ध, डीएम को भेजी गई रिपोर्ट

ठाकुरद्वारा। सीओ सर्किल ठाकुरद्वारा के अंतर्गत थाना डिलारी क्षेत्र के गांव रहटामाफी में ग्राम समाज की भूमि पर लगे पेड़ों की कटान को लेकर बड़ा मामला सामने आया है। आरोप है कि नीलामी में स्वीकृत संख्या से कहीं अधिक पेड़ कटवाकर बेच दिए गए, जिससे लाखों रुपये के गबन की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि ग्राम समाज की भूमि पर वन विभाग द्वारा लगाए गए पेड़ों में से 38 पेड़ों की नीलामी की स्वीकृति दी गई थी। लेकिन जांच में सामने आया कि मौके पर 78 पेड़ कटवा दिए गए। यानी स्वीकृति से करीब 40 से 50 पेड़ अधिक काटे गए। इनमें शीशम और यूकेलिप्टस जैसे कीमती पेड़ भी शामिल बताए जा रहे हैं। अतिरिक्त कटान से लाखों रुपये की आर्थिक अनियमितता की आशंका है। इस मामले को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने एसडीएम से शिकायत की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने जांच के लिए एक कमेटी गठित की। कमेटी द्वारा की गई स्थलीय जांच और अभिलेखों के मिलान में यह तथ्य सामने आया कि नीलामी आदेश से अधिक पेड़ों की कटान की गई है। एसडीएम ने बताया कि जांच रिपोर्ट में कानूनगो और वन विभाग की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। प्रथम दृष्टया लापरवाही या मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता। पूरे प्रकरण की विस्तृत रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेज दी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगे की कार्रवाई डीएम स्तर से की जाएगी। मामले के उजागर होने के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। ग्रामीणों और किसान संगठनों ने दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि ग्राम समाज की संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और भविष्य में इस प्रकार की अनियमितताओं पर रोक लगाई जा सके।

घर में घुसकर चोरी करते हुए ग्रामीणों ने नशेड़ी युवक को पकड़ा, पुलिस को सौंपा

ठाकुरद्वारा। नशे आदी लोग दिन का उजाला या रात का अंधेरा चोरी करने से बाज नही आ रहे है। इन चोरों में पुलिस का कोई खौफ नही है। अपनी नशे की पूर्ति के लिए लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे है। पुलिस ने इन नशे के आदी चोरो के खिलाफ कोई सख्त कदम नही उठा रही है। इसी का फायदा उठाकर नशेड़ी युवक नगर व देहात क्षेत्र में बेखौफ चोरियां कर रहे है। बुधवार को कोतवाली क्षेत्र के गांवत अस्लेमपुर निवासी रोहिताश सिंह पुत्र नत्थू सिंह के घर में ठाकुरद्वारा के मोहल्ला बिजली के पीछे वार्ड 22 निवासी नशे का आदी चोर घुस गया। जहां पर चोरी करते हुए परिजनों और ग्रामीणों ने घेर लिया। लेकिन चोर दीवार फांद कर जंगल की भागने लगा। ग्रामीणों ने करीब एक किलोमीटर दौड़ कर चोर का पीछा करते हुए उसे पकड़ लिया। ग्रामीणों ने चोर के पकड़े जाने की सूचना डायल 112 पुलिस को दी। सूचना पर डायल पुलिस मौके पर पहुंची और चोर को अपने साथ कोतवाली ले आयी। जहां पर चोर ने अपना नाम सालिम पुत्र अहमद अली नगर के मोहल्ला बिजली के घर पीछे वार्ड 22 बताया। चोर के पास से एक आर्टिफिसल कपड़ो पर लगाने वाली लटकन बरामद हुई।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर गोष्ठी का आयोजन

मुरादाबाद। भारतीय जनता पार्टी महानगर ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर एक गोष्ठी का आयोजन किया। मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में पश्चिमी क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल शामिल हुए। गोष्ठी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन और कार्यों पर चर्चा की गई। राजेश सिंघल ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जनसंघ के आधिकारिक राजनीतिक सिद्धांत, समग्र मानवता का मसौदा तैयार करने के लिए जाने जाते हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शैफाली सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि अकेले खुशहाल होने से समाज का परिवर्तन नहीं हो सकता, सबके खुशहाल होने से ही हम आगे बढ़ सकते हैं। पूर्व महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को साकार कर रहे हैं।गोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, जिला पंचायत अध्यक्ष डा.शैफाली सिंह, पूर्व महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा,प्रांतीय परिषद सदस्य निमित जयसवाल, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता विनय राजोरिया दीपक यादव आदि महानगर, मंडल, मोर्चा, प्रकोष्ठों के पदाधिकारीगण एवं पार्षदगण शामिल रहें।

डिजिटल परिवर्तन के लिए रैपिड प्रोटोटाइपिंग विषय पर हुआ सेमिनार का आयोजन

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन कार्डासल (आईआईसी), इंडस्ट्री-एकेडेमिया इंटीग्रेशन एंड स्किल डेवलपमेंट (आईएआईएसडी) सेल एवं स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लिकेशंस के संयुक्त तत्वावधान में "एआई और इनोवेशन स्प्रिंट्स: डिजिटल परिवर्तन के लिए रैपिड प्रोटोटाइपिंग" विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्व. विद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इनोवेशन स्प्रिंट्स आज के डिजिटल युग की आवश्यकता बन चुके हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय में उपलब्ध अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, शोध सुविधाओं और नवाचार आधारित शैक्षणिक वातावरण की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को तकनीक-आधारित समाधान विकसित करने के लिए प्रेरित भी किया। सेमिनार के मुख्य वक्ता व ऐपस्क्वार्ड सॉफ्टवेयर प्राइवेट लिमिटेड, नोएडा के श्री तनय किशोर मिश्रा ने अपने तकनीकी सत्र में एआई इनोवेशन स्प्रिंट्स, रैपिड प्रोटोटाइपिंग, डिजाइन थिंकिंग और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन की अवधारणाओं को व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया। उन्होंने कहा कि सीमित समय में समस्या की पहचान कर उसका कार्यशील समाधान तैयार करना आज की इंडस्ट्री की प्रमुख मांग है और इस दिशा में एआई एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के सेमिनार और इनोवेशन आधारित कार्यक्रम विद्यार्थियों को केवल तकनीकी ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि उन्हें उद्यमिता, टीमवर्क और समस्या-समाधान जैसी महत्वपूर्ण क्षमताएँ भी विकसित करने का अवसर प्रदान करते हैं। इस मौके पर स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लिकेशंस के निदेशक डॉ. राहुल कुमार मिश्रा, आईएआईएसडी के निदेशक डॉ. वैभव त्रिवेदी एवं आईआईसी के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरप्रीत सिंह चावला ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष डॉ. देवेंद्र सिंह, डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर एप्लिकेशंस के विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष रंजन पांडेय एवं आईआईसी के संयोजक डॉ. अतनु नाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

इसके अलावा डॉ. ललित जोहरी, श्री अंकुल शर्मा, श्री भूपेन्द्र कुमार एवं श्री शिवम शर्मा ने आयोजन की योजना, समन्वय और संचालन में सक्रिय योगदान दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शोधार्थी, शिक्षक एवं तकनीकी विशेषज्ञ उपस्थित रहे। प्रतिभागियों में एआई, डिजिटल नवाचार और उद्योग-शिक्षा समन्वय को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने उत्सुकतावश एआई, स्टार्टअप संस्कृति और इंडस्ट्री रेडी स्किल्स से संबंधित प्रश्न भी पूछे, जिनके तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा संतोषजनक उत्तर भी दिए गए। विभागाध्यक्ष डॉ. सिंह ने जानकारी दी कि इस सेमिनार के माध्यम से विद्यार्थियों को डिजिटल युग की चुनौतियों और अवसरों को समझने का अवसर तथा नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
सम्पादक
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

पीएम श्री विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर, बच्चों का हुआ नि:शुल्क परीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता
चन्दौसी। विकासखंड बनियाखेड़ा के गांव आटा स्थित पी. एम.श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को डॉ. शेखर वार्ष्णेय (एमबीबीएस, एमएस) सम्राट हॉस्पिटल द्वारा हर माह आयोजित होने वाला स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प आयोजित किया गया। विद्यालय में उपस्थित सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा बदलते मौसम से होने वाले रोगों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

बच्चों को इन बीमारियों से बचने के बारे में बताया गया एवं उन सबकी जांच की गई जैसे बुखार, जुखाम, आंखें का दर्द, पेट दर्द आदि। कैंप मे ज्यादातार बच्चे बुखार, पेट दर्द, सर दर्द एवं सर्दी से ग्रसित पाए गए। बच्चों को इन रोगों से सम्बंधित, दवाईयां भी नि:शुल्क दी गई। कैम्प के अन्तर्गत समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

युवक के घर पर हमला, जबरदस्त तोड़फोड़, दो लाख नकद व 10 तोला सोना चोरी का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता
ठाकुरद्वारा। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पीपली उमरपुर निवासी एक युवक का गांव की दूसरी जाति की युवती से एक लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल आ रहा था। युवती ने अपने परिजनों की बिना अनुमति के अपने गांव के युवक से कोर्ट मैरिज कर ली। यह जानकारी युवती के परिजनों को मिली तब एक दर्जन से अधिक लोगों ने घर पर लाठी डंडों हथियारों से हमला कर दिया। हमले होते देख युवक पक्ष के लोग अपनी जान बचाकर भाग निकले। फिर क्या था घर में घुसकर घर का पूरासमान तोड़फोड़ कर नष्ट कर दिया। युवक के पक्ष के लोगों का आरोप है की हमला वारो ने तोड़फोड़ करने के बाद घर का ताला तोड़कर नकदी व जेवर चोरी की है तोड़फोड़ करने और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि घटना की तहरीर देने के बावजूद पुलिस ने अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं की है। ग्राम पीपली उमरपुर निवासी विरेन्द्र कुमार पुत्र लाखन सिंह ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह अपनी पत्नी सुमन देवी, पुत्र अजय कुमार, पत्नी पवित्रा देवी व दो नाबालिग बच्चों के साथ घर पर रहते है। 6 फरवरी 2026 को वह किसी कार्य से घर से बाहर गया हुआ था। इसी दौरान गांव के ही कई दबंगों ने घर का ताला टूटा देखकर अवैध रूप से घर में घुसकर तोड़फोड़ की। आरोप है कि आरो. पियों ने घर में रखी अलमारी, संदूक आदि को तोड़ दिया और करीब दो लाख रुपये नकद व लगभग 10 तोला सोने के जेवरात चोरी कर लिए। साथ ही मोटरसाइकिल, कूलर, फ्रिज, वाशिंग मशीन, इन्वर्टर, बैटरी, एलईडी, कैमरा सहित अन्य कीमती सामान को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। जब वह परिवार सहित घर पहुंचा तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और झूठे मुक. दमों में फंसाने की चेतावनी दी। आरोप है कि दबंग लगातार पीड़ित परिवार को धमका रहे हैं और गांव में खेती तक नहीं करने दे रहे हैं। परिवार दहशत के माहौल में जीने को मजबूर है। पीड़ित ने बताया कि घटना के संबंध में सीसीटीवी कैमरों में पूरी वारदात कैद है, लेकिन इसके बावजूद पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित ने आशंका जताई है कि यदि उसके या उसके परिवार के साथ कोई अनहोनी होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी आरो. पियों की होगी। पीड़ित ने पुलिस के उच्चाधिकारियों से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने तथा हुए नुकसान की भरपाई कराने की मांग की है। बताया जाता है की सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। थाना अध्यक्ष डिलारी कृष्ण कुमार ने बताया कि युवती के परि. जनो की तहरीर पर पुनीत कुमार के नाम एससी एक्ट सहित विभिन्नधाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। युवती को माता-पिता के सुपुर्व कर दिया गया है। इसी के अपेक्स में युवक के परिजनों ने घर मे तोड फोड करने आदि की पुलिस को तहरीर दी है। उसकी जांच कराई जा रही है। मामला सत्य मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। सुरक्षा की दृष्टी से गाँव मे पुलिस वल तैनात किया गया।

एनएसएस शिविर में 'कौशल विकास को युवा' मिशन पर बनी कार्ययोजना

शाह टाइम्स संवाददाता
ठाकुरद्वारा। ठाकुरद्वारा क्षेत्र स्थित सुखदेई स्मारक महाविद्यालय, रतूपुरा (मुरादाबाद) की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की दोनों इकाइयों के द्वितीय एक दिवसीय शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों ने भारत सरकार के "कौशल विकास हेतु युवा" मिशन पर चर्चा करते हुए आगामी कार्यक्रमों की कार्ययोजना तैयार की। शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय सभागार में एनएसएस लक्ष्य गीत के साथ हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजपाल सिंह ने युवाओं के लिए संचा. लित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमिता विकास अभियान, मुख्यमंत्री युवा कल्याण योजना तथा मुद्रा लोन जैसी योजनाएं संचालित कर रही है।

उन्होंने कहा कि मुद्रा लोन के माध्यम से युवाओं को कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे वे स्वरोजगार, कृषि आधारित कार्य, लघु एवं कुटीर उद्योग आदि स्थापित कर सकते हैं। इससे न केवल युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे, बल्कि देश की आर्थिक और सामाजिक प्रगति में भी योगदान होगा तथा विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की प्राप्ति में सहयोग मिलेगा। डॉ. रघुनाथ सिंह ने बताया कि इस वर्ष एनएसएस की प्रथम इकाई ने ग्राम नाहरवाला खैईखेड़ा तथा द्वितीय इकाई ने ग्राम सरकडा परपुर माफी को गोद लिया है। इन गांवों में स्वयंसेवक जनहित से जुड़े जागरूकता कार्यक्रम संचालित करेंगे। कार्यक्रम में राहुल बिश्नोई, प्रदीप कुमार, आलम अंसारी, राजीव सक्सेना सहित विकास, विनर, राजेश, अमित, सोनिया, सलौनी, प्रियंका, स्वाति, मुस्कान आदि उपस्थित रहे।

नरौली में हिंदू सम्मेलन एकजुटता और सामाजिक समरसता पर दिया गया जोर

चन्दौसी। नगर पंचायत नरौली में बुधवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के आसपास गांवों से सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महर्षि मधुसूदन स्वामी, विशिष्ट अतिथि मीनाक्षी सहरावत, मुख्य वक्ता किसान संघ के प्रांत संगठन मंत्री सुनील तथा अध्यक्ष कुंवर राघवेन्द्र ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पांजलि अर्पित कर किया। संचालन विनय शर्मा एडवोकेट ने किया, जबकि भजनों ने कार्यक्रम को भक्तिमय वातावरण प्रदान किया। मुख्य वक्ता ने अपने संबोधन में कहा कि समाज की मजबूती के लिए सभी सनातनियों को जाति-पाति के भेदभाव से ऊपर उठकर एकजुट होना होगा। उन्होंने सामाजिक समरसता और संगठन की आवश्यकता पर बल दिया। किसान संघ के प्रांत संगठन मंत्री सुनील ने कहा कि इतिहास में अनेक चुनौतियों के बावजूद हिंदू समाज ने अपनी सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षित रखा है

आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'आसन से परे योग: एक योगिक दृष्टिकोण' विषय पर हुआ सत्र का आयोजन

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय में आईएफटीएम यूनिवर्सिटी एलुमनाई एसोसिएशन (आईयूएए) और स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के संयुक्त तत्वावधान में ''आसन से परे योग: एक योगिक दृष्टिकोण'' विषय पर एक सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने सत्र के सफल आ योजन हेतु अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान का सफल एलुमनाई अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत होते हैं। इस सत्र में एमबीए-2017 बैच की पूर्वछात्रा व वर्तमान में शिवोहम योगशाला, मुरादाबाद की संस्थापिका सुश्री स्वाति वर्मा रिसोर्स पर्सन के रूप में रही। उन्होंने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में सफलता के लिए योग की महत्ता पर विस्तार के साथ प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी बताया कि शारीरिक फिटनेस कॅरियर में आगे बढ़ने और व्यक्तिगत संबंधों में सुधार करने में मदद करती हैं, साथ ही इससे कार्यस्थल में एक सकारात्मक माहौल भी बनता है। इस मौके पर आईयूएए के अध्यक्ष व परीक्षा नियंत्रक डॉ. अनुज श्रीवास्तव ने रिसोर्स पर्सन व एलुमना सुश्री वर्मा को उनकी सफलता हेतु बधाई देते हुए उन्हें भविष्यमयी शुभकामनाएं दीं। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षा व स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका डॉ. निशा अग्रवाल ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं और आयोजन से जुड़े सदस्यों का उत्साहवर्धन किया। आयोजन सचिव डॉ. चारू दत्ता ने एलुमना सुश्री वर्मा व अन्य अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्कूल के फैकल्टी मैम्बर्स डॉ. हिमांशु गुप्ता, डॉ. मेघा भाटिया एवं डॉ. आरती गर्ग का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में सह संयोजक डॉ. निखिल गुप्ता ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक व 50 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

गैंगस्टर एक्ट में वांछित गिरफ्तार

चन्दौसी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना चन्दौसी पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वांछित मुशाहिद उर्फ आडवाणी पुत्र मेहराव निवासी मुरैठा रोड मालिनी वाली बिगया पास थाना पाकवाड़ा मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। बताया गया कि आरोपी एक संगठित गिरोह बनाकर अवैध भौतिक व आर्थिक लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से डकैती डालकर सम्पत्ति लूटकर अवैध धन अर्जित करते हैं। इनके इस कृत्य से समाज में आक्रोश उत्पन्न है जिसके आधार पर 04 फरवरी 2026 को थाना चन्दौसी पर उपरोक्त गैंग के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया। बता दें कि अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी जिसमें उसके खिलाफ लगभग एक दर्जन के करीब मुकदमे दर्ज हैं।

आम बजट पर राय

आज विधान सभा में पेश किया गया बजट 2026-27 सरकार की प्राथमिकताओं को साफ दिखाता है। यह बजट दिखावा है जिसमें केवल घोषणाएं हैं की गई है जमीनी स्तर पर इसका कोई महत्व नहीं है। लेकिन आम आदमी, गरीब, किसान, मजदूर और अल्पसंख्यक तबकों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरता। सरकार इन्फ्रास्ट्रक्चर और कैपेक्स की बात करती है, लेकिन सवाल यह है की गरीब जनता को इस बजट में मिल क्या रहा है केवल जनता को लॉलीपॉप बजट के नाम पर थमा दिया है।

एडवोकेट मोहिद फरगानी
जिला अध्यक्ष
ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन (AIMIM) मुरादाबाद।

बजट चुनावी लॉलीपॉप है और कुछ नहीं

युवाओं को रोजगार देने में सरकार विफल है. कारोबार, शिक्षा ध्यान नहीं,स्वास्थ्य सेवाओं में जिलों में गलत दवाएं दी जा रही हैं और दवा घोटालों के मामले सामने आ रहे हैं। महंगाई रोकने पर कोई उपाए नहीं बजट व्यवस्था ही सवालों के घेरे में हैं किसान, कारोबारी, बेरोजगार को मायूसी मिली हैं ऑन लाइन करोबार के रोक पर कोई बात नहीं। मुरादाबाद को इस बार भी कुछ नहीं मिला लोकोशेड से इम्पीरियल तक फलाई ओवर मांग पूरी नहीं हुई हवाई अड्डा बना हुआ है। लेकिन उड़ान बंद हैं। सरकारी मेडिकल भी नहीं मिला।

जयवीर सिँह यादव जिलाध्यक्ष
समाजवादी पार्टी, मुरादाबाद

'कागजी' बजट मुबारक हो!

यूपी की जनता को एक बार फिर 'सपनों का अमृत' पिलाया गया है. विकास केवल विज्ञापनों में दौड़ रहा है और हकीकत की सड़कों पर गड्ढे आज भी अपनी गिनती का इंतजार कर रहे हैं. बेरोजगारों की डिग्रियां अलमारी में है और सरकार का डेटा फाइलों में मुस्कुरा रहा है. कमाल की जादूगरी है, आंकड़ों का अंबार है, मगर गरीब की थाली में अब भी हाहाकार है. जुमलों की खेती लहलहाई, कागज हुए हरे-भरे, नौकरी मांगो तो कहते हैं- तुम आत्मनिर्भर क्यों नहीं रहे? महंगाई के पंख लगे हैं, छू रहे हैं आसमान, पर सरकार कह रही- सब चंगा, खुश है किसान!ऽ ये बजट नहीं, बस एक और श्इवेंटश की तैयारी है, राज्य सरकार पहले ही गरीबों को उनके घरों से बेघर कर चुकी है। व्यापारियों को रोजगार से गरीबों को उनके घरों से हटा दिया गया है, तो ये बजट क्यों हम सब क्या उम्मीद करें कि बजट किसानों के हित में होगा, छात्रों और नौजवानों के हित में होगा। भाजपा ने जो वादा किया था कि स्वास्थ्य सेवाएं को विश्व स्तर पर लाएंगे, वह अभी दिख नहीं रहा। छात्र, किसान, नौजवान और पीड़ित लोग इनसे उब चुके हैं और मन बना लिए हैं। जनता जानती है अब, किसकी जाने की बारी है।

धर्मेन्द्र यादव प्रदेश अध्यक्ष, भारत रक्षा सेना जिला प्रवक्ता, समाजवादी पार्टी, मुरादाबाद।

बजट से मेधवी छात्राएं बेहद खुश

यूपी सरकार का बजट आज पेश कर दिया गया है इस बजट से मेधावी छात्राएं बेहद खुश हैं. बजट में मेधावी छात्रों को स्कूटी देने के लिए 400 करोड़ का प्रावधान किया गया है. स्टूडेंट्स ने अपने अंदाज में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद दिया है. वहीं इस बजट में टेक युवा समर्थ युवा का नारा बुलंद किया गया है। इसको लेकर भी स्टूडेंट्स की खुशी का ठिकाना नहीं है.प्रदेश में एम.एस.एम.ई. उद्योगों को प्रोत्साहन प्रदान करने के उद्देश्य से ''सरदार वल्लभ भाई पटेल इम्प्लायमेन्ट एण्ड इण्डस्ट्रियल जोन'' की नई योजना प्रस्तावित की जा रही है जिसके लिये 575 करोड़ रूपये की व्यवस्था का प्रस्ताव है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान हेतु 1,000 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है. योजना के अन्तर्गत प्रतिवर्ष 01 लाख सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना का लक्ष्य है परन्तु आवश्यकतानुसार इसे बढाया जायेगा। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना हेतु 225 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। ''एक जनपद एक व्यंजन'' जो एक नई योजना है, के लिये 75 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

आम बजट पर राय

आज विधान सभा में पेश किया गया बजट 2026-27 सरकार की प्राथमिकताओं को साफ दिखाता है। इसमें केवल घोषणाएं की गई है गरीब जनता के लिए किसानों के लिए कोई खास व्यवस्था नहीं की गई हैं। यह बजट गरीब जनता के लिए सिर्फ एक छलावा है और कुछ नहीं इस बजट में गरीब जनता के लिए कुछ नहीं रखा गया। लेकिन आम आदमी, गरीब, किसान, मजदूर और अल्पसंख्यक तबकों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरता। जहां सरकार यह कह रही है कि सबका साथ और सब का विकास हमारा उद्देश्य है इस बजट से साफ हो गया है कि यह बजट केवल घोषणाओं वाला बजट है।

इकबाल हुसैन अंसारी
महानगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी मुरादाबाद।

एक नजर

जश्ने दस्तारे मुफ्ती कान्फ्रेंस का हुआ आयोजन

कुंदरकी। क्षेत्र के गांव चकफाजल पुर में जश्ने दस्तारे मुफ्ती कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया जिसमें ओलामा अहले सुन्नत ने इल्म की अहमियत पर रोशनी डाली कान्फ्रेंस का आगाज कुरआन पाक की तिलावत से हुआ और अकरम रजा सम्भली ने नबी करीम सल्लल्लाहो अलैही वसल्लम की शान में कलाम पेश किया इसके बाद मुफ्ती आकिल रजवी बरेलवी ने इल्म हासिल करने पर जोर दिया मुफ्ती मुजफ्फर हुसैन मिस्बाही ने भी खिताब किया और मुफ्ती निजाम रजा मंजरी के सर पर दस्तार बांधकर सम्मानित किया कान्फ्रेंस की सरपरस्ती डॉ सय्यद नासिर मियां मोअज्जमी ने की आखिर में सलातो सलाम के मुल्क व मिल्लत की खुशहाली के लिए दुआ कराई इस अवसर पर मुफ्ती नईम रजा मौलाना शब्बीर अहमद मौलाना ग्यासुद्दीन मिस्बाही कघरी इन्तजार रजवी शारिक रजा मोलाना आजम अरकान कघदरी आदि मौजूद रहे।

छात्र-छात्राओं को पुरस्कार किए गए वितरित

कुंदरकी। ब्लॉक ग्राम हरियाना में बुधवार को सर सय्यद अहमद पब्लिक स्कूल हरियाना में कक्षा 3,4,5,छात्र छात्रायें का हिन्दी राइटिंग प्रतियोगिता कराई गई जिसमें कक्षा 3 में प्रथम स्थान अलशिफा द्वितीय स्थान अनस तृतीय स्थान तयावा कक्षा 4 में प्रथम स्थान अमित कुमार द्वितीय स्थान अक्सा तृतीय स्थान अनमता कक्षा 5 में प्रथम स्थान सिमरन द्वितीय स्थान इश्मा तृतीय स्थान स्वलिहिन हिन्दी राइटिंग स्कूल में प्रथम स्थान सिमरन द्वितीय स्थान अमित कुमार तृतीय स्थान अलशिफा बच्चों को स्कूल प्रबंधक मास्टर नौशे अली खाँ एवं प्रधानाचार्य मास्टर बसीम खान साहब अध्यापक अकरम खान,मोहम्मद रजा,अध्यापिका नाजमा,नाजमीन,रेशमा,माला,अलजमा,जीनत,काजल,द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण किए गए।

कुष्ठ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

मुरादाबाद। विकसित भारत अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे स्पर्श कुष्ठ जागरूकता कार्यक्रम एवं कुष्ठ पखवाड़े के क्रम में आज दिनांक 11 फरवरी 2026 को असलतपुरा गुलशन नगर जुबैर भाई की बैठक के पर स्थित अर्बन स्लम में कुष्ठ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ भास्कर अग्रवाल ने क्षेत्रवासियों को कुष्ठ रोग के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग एक सामान्य बीमारी है जो इलाज करने से पूर्णत: ठीक हो सकती है। उन्होंने बताया कि अगर किसी व्यक्ति के शरीर पर सुन्न चकत्ते हैं जिसमें पसीना नहीं आ रहा है, खुजली नहीं आ रही है, बाल गिर गए हैं तो ऐसा दाग धब्बा कुष्ठ रोग का हो सकता है।

ऐसे व्यक्ति को टाउन हॉल स्थित पुराना अस्पताल भेज कर उसकी जांच एवं उपचार कराया जा सकता है जो बिल्कुल निशुल्क उपलब्ध है। कार्यक्रम में डॉ0 खुशबू, डॉ0 मोहम्मद शोएब आलम, एएनएम पैकरजहां, डॉ नीतिका अग्रवाल एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

पुलिस परामर्श केन्द्र ने की बैठक

चन्दौसी। पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक चंदौसी परामर्श केंद्र प्रभारी डॉ0 रुकमपाल सिंह की देखरेख में गौशाला रोड पिंक चौकी चंदौसी में संपन्न हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी डॉ रूकमपाल सिंह के द्वारा काउंसलरों के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउंसलर द्वारा किया गया जहां कुल 12 पत्रावली सूनकर 04 पत्रावली का निस्तारण किया गया तथा 01 परिवार को मिलाया गया और 03 पत्रावली पर आवेदक द्वारा

सहसपुर में श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस गूंजे भक्ति के स्वर, श्री कृष्ण जन्मोत्सव का भव्य आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

बिलारी। श्री चामुंडा गमादेवत के तत्वाधान में राजा का सहसपुर,

बिलारी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस कथा व्यास दीपक उपाध्याय व्यास जी महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को जीवनोपयोगी अनेक उपदेश दिए। व्यास जी महाराज ने भागवत कथा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए धर्म, भक्ति, सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा मानव जीवन को दिशा देने वाली अमूल्य धरोहर है, जो मनुष्य को ईश्वर से जोड़ती है। कथा के समापन अवसर पर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को अत्यंत भव्यता और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग आया, पूरा पंडाल जयकारों और भजनों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने नृत्य, भजन-कीर्तन और पुष्पवर्षा के साथ जन्मोत्सव का आनंद लिया। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही तथा आयोजन को लेकर क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल बना हुआ है। मुख्य यजमान. श्रीमती लता सरीन. श्री विष्णु सहाय सरीन रहे। प्रसाद वितरण राम प्रकाश भटनागर एवं श्रीमती लता सरीन द्वारा किया गया।

कमाल अख्तर ने विधानसभा में नगर वासियों से वसूले जा रहे हैं भारी भरकम टैक्स का उठाया मुद्दा

कांठ(शाह टाइम्स)। विधान सभा की कार्यवाही के दौरान कांठ विधायक कमाल अख्तर ने नियम 56 के अंतर्गत सदन का ध्यान प्रदेश की नगर पालिकाओं और नगर निगमों की कार्यप्रणाली की ओर आकर्षित कराते हुए कहा कि सरकार द्वारा जनमानस के हितों के नाम पर जो घोषणाएँ की जा रही हैं, धरातल पर उनकी वास्तविकता बिल्कुल भिन्न है, नगर विकास विभाग के माध्यम से प्रदेश भर में नए-नए टैक्स लगाकर आम जनता पर आर्थिक बोझ डाला जा रहा है, जबकि शहरों और कस्बों में मूलभूत सुविधाओं की स्थिति दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। उन्होंने कहा कि नगर निकायों में बैठे अधिकारी जनता के कल्याण के लिए योजनाएँ बनाने के बजाय केवल कर वसूली की नई-नई रणनीतियाँ बना रहे हैं, घरों और पिछड़े क्षेत्रों में नागरिकों द्वारा अपनी मेहनत की कमाई से बनाए गए मकानों अथवा भूमि पर सड़क के नाम पर मनमाने ढंग से टैक्स और शुल्क वसूले जा रहे हैं, कच्चे और पक्के मकानों के बीच भेदभाव करते हुए कई-कई गुना वसूली की जा रही है, जिससे

आम जनता में रोष व्याप्त है, सरकार द्वारा विकास के नाम पर बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि 'चंदन नगरी' जैसे दावे केवल कागजों तक सीमित हैं। उन्होंने कहा कि धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों के विकास के नाम पर केवल चयनित स्थानों पर कार्य कर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि प्रदेश में सभी वर्गों और सभी धर्मों के लोग निवास करते हैं, इसलिए विकास कार्यों में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए, सरकार को सर्वधर्म समभाव की भावना के साथ कार्य करना चाहिए।

एक नजर

दलपतपुर मार्ग पर ठेले वालों ने किया कब्जा, पुलिस की लाख कोशिशो के बाद स्थिति बनी जस की तस

मूंढापांडे। थाना क्षेत्र के दलपतपुर चौराहे पर थाना प्रभारी मोहित चौधरी एव टीआई द्वारा अवैध अतिक्रमण के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। मूंढापांडे पुलिस और ट्रैफिक पुलिस की संयुक्त टीम ने दलपतपुर क्षेत्र में सड़क किनारे किए गए अतिक्रिमण को हटाने की चेतावनी दी,दलपतपुर अलीगंज मार्ग के दोनों ओर दर्जनों रेहड़ी ठेले-खोमचे वालों द्वारा सड़क की पटरी पर सामान रखकर बहुत समय से अतिक्रमण कर रखा है, जिससे प्रति दिन जाम की स्थिति बनी रहती है, और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा थख,लोगों की शिकायतों के आधार पर लोकल पुलिस और ट्रैफिक पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान चलाते हुए ,रेहड़ी ,पटरी खोमचे ,ठेले वालों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण किए जाने पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। ट्रैफिक टीआई ने बताया कि सड़क को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए समय-समय पर ऐसे अभियान आगे भी चलाए जाएंगे, ताकि यातायात व्यवस्था शुचारु रूप से बनी रहे,वाहन चालकों ने प्रशासन से ठेले वालों के खिलाफ मांग करते हुए कहा कि अतिक्रमण के कारण अक्सर जाम लग जाता है और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है,पुलिस के जाने के बाद फिर से अवैध ठेला पटरी वालो ने सड़क पर फिर से अपना सामान बेचना शुरू कर दिया है,इससे ऐसा लगता है,कि इन ठेले पटरी वालों को कानून का कोई भय नहीं है।

बंदरों से निजाद दिलाने पर अमल हुआ शुरू, कुत्तों से भी जल्द निजाद दिलाने की हो रही तैयारी

कांठ(शाह टाइम्स) नगर के लोगों को बंदरों से निजाद दिलाने के लिए नगर पंचायत द्वारा शुरुआत कर दी गई है आज पहले दिन सैकड़ो

बंदर टीम ने पकड़े हैं। बतादे की नगर में बंदरों का काफी आतंक है इनके चलते कई जाने जा चुकी है और दर्जनों से ज्यादा लोग घायल हुए हैं काफी समय से नगर वासी बन्दर पकड़वाने की मांग करते चले आ रहे हैं लेकिन किसी न किसी अड़चन की वजह से इस पर अमल अभी तक नहीं हो पाया था। लेकिन अब नगर को बंदरों से मुक्ति दिलाने की नगर पंचायत ने ठान ली है आज बन्दर पकड़ने वाली टीम ने नगर पंचायत कार्यालय से इसकी शुरुआत की और सैकड़ो की तादाद में बंदर पकड़े गए। नगर अध्यक्ष इकबाल आलम अंसारी ने बताया कि इन बंदरों को दूर दराज बनो में भिजवाया जाएगा और जल्द ही लोगों को आवारा कुत्तों से भी निजाद दिलाई जाएगी इसकी प्रक्रिया अभी चल रही है और जैसे ही परमिशन मिलेगी कुत्तों से निजाद भी दिलाने का काम किया जाएगा।

दयानंद इंटर कॉलेज में कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं को दी समारोह के साथ विदाई

कांठ(शाह टाइम्स) महर्षि दयानन्द इंटर कॉलेज पट्टी मौढा कांठ में कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपने सीनियर छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य मदन सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर के किया कार्यक्रम में कक्षा 12 के विभिन्न छात्र-छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किए तथा अनेक वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विदाई समारोह एक भावात्मक और यादगार कार्यक्रम होता है जो छात्र-छात्राओं के सुनहरे भविष्य की कामना हेतु आयोजित किया जाता है । जिस तरह आपने अब तक लगन और मेहनत के साथ अपनी पढ़ाई की है उसी तरह आगे चलकर लगन और मेहनत के साथ पढ़ाई करके अपना कैरियर बनाएं । कार्यक्रम में प्रधानाचार्य मदन सिंह,पदम सिंह, अखिलेश कुमार बिश्नोई, भानु बिश्नोई,दीपक सिंह, रजत कुमार, विपुल कुमार त्यागी, ओम प्रकाश सिंह, निशिकांत पाठक, योगेंद्र कुमार, सुंदर सिंह आदि शिक्षक शिक्षकों के साथ-साथ कक्षा 11 व 12 के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

ब्लॉक संसाधन केंद्र पर दो दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

कांठ(शाह टाइम्स) ब्लॉक संसाधन केंद्र पर बुधवार को मीना मंच और पावर एंजेल के सशक्तिकरण, नेतृत्व क्षमता और जीवन

कौशल शिक्षा को विकसित करने के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ इसमें प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गएस दो दिवसीय कार्यशाला में मीना मंच के बारे में विस्तार से बताया गया और छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान किया स वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्पेशल प्रोजक्ट फॉर इक्विटी के अन्तर्गत मीना मंच/पॉवर एंजिल के सशक्तीकरण एवं नेतत्व क्षमता प्रदान करने हेतु उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालय तथा के०जी०बी०वी० की एक एक शिक्षिकाओं का सुगमकर्ता के रुप में ब्लाक स्तर पर दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गयास प्रशिक्षण में दीपिका गुप्ता,वंदना बिश्नोई,इंदु रानी मंजू रानी, अंजलि बिश्नोई, अनीता शर्मा, रूमा सलीम सहित 61 उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालय तथा के०जी०बी०वी० विद्यालयो की एक-एक शिक्षिका मौजूद थीस प्रशिक्षण प्रतीक शर्मा,जय कुमार मास्टर ट्रेनर ने दिया।

टीएमयू में कबड्डी के फाइनल खिताब के लिए भिड़ेंगे सीसीएसआईटी और फिजिकल एजुकेशन के खिलाड़ी

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की पुरुष वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबलों में फिजिकल एजुकेशन और सीसीएसआईटी कॉलेज विजेता रहे। ये दोनों टीमें अब फाइनल में भिड़ेंगी। फिजिकल एजुकेशन कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज के मुक. ाबले में नर्सिंग कॉलेज ने टॉस जीतकर कोर्ट चुना। फर्स्ट हाफ में फिजिकल एजुकेशन ने 26-8 से बढ़त बनाकर रखी। सेकेंड हाफ में भी 62-32 से फिजिकल एजुकेशन की टीम आगे रही और अंतत: 30 अंकों से मुकाबला अपने नाम कर लिया। फिजिकल एजुकेशन की ओर से आर्यन प्रताप सिंह ने

सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। सीसीएसआईटी और इंजीनियरिंग कॉलेज के सेमीफाइनल मुकाबले में सीसीएसआईटी कॉलेज ने टॉस जीतकर रेड चुना। फर्स्ट हाफ में सीसीएसआईटी ने 23-12 और सेकेंड हाफ में 58-35 से आगे रही और अंतत: 23 अंकों से मैच जीत लिया। सीसीएसआईटी के गौरव शर्मा का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा। इंटरकॉलिजिएट चौंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल मैचों में फिजिकल एजुकेशन और एग्रीकल्चर कॉलेज के बीच एग्रीकल्चर ने टॉस जीतकर रेड चुना। फर्स्ट हाफ में फिजिकल एजुकेशन ने 26-19 से बढ़त बनाए रखी। सेकेंड हाफ में भी 45-39 से फिजिकल एजुकेशन आगे रही और अंतत: 6 अंकों से मैच जीत लिया। नर्सिंग कॉलेज और लॉ के बीच लॉ ने टॉस जीतकर कोर्ट चुना। फर्स्ट हाफ में नर्सिंग ने 32-12 और सेकेंड हाफ में 49-29 से बढ़त बनाए रखी और अंतत: 20 अंकों से मैच जीत लिया। सीसीएसआईटी और पैरामेडिकल के बीच पैरामेडिकल ने टॉस जीतकर कोर्ट चुना फर्स्ट हाफ में 34-16 से सीसीएसआईटी आगे रही। दूसरे हाफ में सीसीएसआईटी ने 32-27 से बढ़त बनाते हुए 25 अंकों से मैच जीत लिया।

मेडिकल कॉलेज और इंजी. नियरिंग कॉलेज में मेडिकल कॉलेज ने टॉस जीतकर रेड करने का निर्णय लिया। फर्स्ट हॉफ के बाद दोनों ही टीमों का स्कोर 22-22 था। दूसरे हॉफ में भी दोनों टीमों ने आखिरी मिनट तक हार नहीं मानी और मैच में बने रहे, परन्तु आखिरी रेड में इंजीनियरिंग के खिलाड़ी राहुल दुबे ने प्वाइंट लेकर अपनी टीम को 46-45 से जीत दिलाई।

पुलिस ने रात्रि में कावड़ पथ पर न जाने की कांवड़ियों से की अपील

कांठ(शाह टाइम्स) पुलिस ने कावड़ यात्रा सकुशल संपन्न कराने के लिए कमर कस ली है जगह-जगह पर कांवड़ियों को दिशा निर्देश हेतु बैनर लगाए गए हैं जिसमें असामाजिक तत्वों को भी आप कैमरे की नजर में है सचेत करने का काम किया जा रहा है।

दूसरी और पुलिस ने कॉवडीयों से अपील की है की रात्रि के समय वह नए गांव से कावड़ पथ की ओर न जाए उनका कहना था कि इस मार्ग पर तेंदुए आदि का काफी बसेरा रहता है इस मार्ग पर तेंदुओ द्वारा कुछ घटनाएं भी पूर्व में की जा चुकी है। इसलिए कांवड़ियों की सुरक्षा हेतु उनसे रात्रि में इस मार्ग का इस्तेमाल न किए जाने की थाना प्रभारी निरीक्षक ने अपील की है कुल मिलाकर हर मोड़ और चौराहे पर पुलिस को तैनात कर दिया गया है नगर के मुख्य मार्ग को सीसीटीवी कैमरो से लैस किया गया है और पुलिस इनके द्वारा कावड़ यात्रा पर 24 घंटे निगरानी कर रही है।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने कर्तव्य बोध दिवस पर किए मेधावी विद्यार्थी और शिक्षक सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

बिलारी। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने डॉ देवेंद्र पाल सरस्वती विद्या मॉदिर इंटर कॉलेज बिलारी में कर्तव्य बोध दिवस पर मेधावी विद्यार्थियों, प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों का अभिनदन किया। छात्रा ऋतु गर्ग द्वारा बोर्ड परीक्षा में प्रदेश स्तर पर प्रथम, इरम फातिमा द्वारा दशम स्थान, अंजलि मौर्य द्वारा जिले में चतुर्थ स्थान एवम् कुश्ती में अखिल भारतीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतने वाले मोहम्मद शान, प्रधानाचार्य शीतल प्रताप सिंह एवं पी एम श्री राजकीय इंटर कॉलेज नगलिया जट्ट के प्रधानाचार्य रघुपति देव ,शिक्षक राहुल चौधरी, पुनीत चौधरी , अमित चौधरी, प्रशांत को प्रशस्ति पत्र एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह ने महासंघ की रीति-नीति को विस्तार से बताते हुए कहा कि

संगठन विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं प्रबुद्धजनों में कर्तव्य के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने एवम् पुरातन गुरु शिष्य परम्परा की पुनर्स्थापना एवम् राष्ट्रीय पुनर्निर्माण में सकारात्मक योगदान कर समरस राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से स्वामी विवे. कानंद एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के मध्य कर्तव्य बोध दिवस का आयोजन करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी परस्पर सहयोग से राष्ट्र निर्माण में योगदान दें, यही कर्तव्य बोध का सार है। राष्ट्र के हित में शिक्षा, शिक्षा के हित में एवं शिक्षक के हित में समाज के ध्येय यात्रा में विगत 37 वर्षों से महासंघ उत्तर प्रदेश कर्मशील है। उन्होंने विद्यार्थियों एवम् शिक्षकों से समाज के प्रति सजग एवं उत्तरदायी नागरिक बनने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय साहित्य कला मंच के संस्थापक एवं उत्तर प्रदेश साहित्य भूषण डॉ महेश दिवाकर ने कहा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम, योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण,स्वामी विवेकानंद एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे महा पुरुषों के जीवन प्रसंगों के माध्यम से राष्ट्र के प्रति निस्वार्थ सेवा की प्रेरणा लेनी चाहिए उन्होंने कहा कि राष्ट्र, समाज एवं परिवार के प्रति कर्तव्यों का बोध आध्यात्मिक चेतना को सामाजिक सुधार एवं प्रगति से जोड़ता है। उन्होंने विद्यार्थियों एवम् शिक्षकों को अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों के प्रति भी सदैव सजग रहने का संदेश दिया।विशिष्ट अतिथि पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज नगलिया जट्ट के प्रधानाचार्य रघुपति देव ने कर्तव्यों के प्रति जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला एवम् सभी से राष्ट्रीय पुनर्निर्माण में सकारात्मक योगदान का आवाहन किया। देश एवं समाज के प्रति अपने कर्तव्यों के निष्ठापूर्वक पालन की अपील की।

कार्यक्रम अध्यक्ष प्रधानाचार्य शीतल प्रताप सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष श्यामवीर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, रणविजय सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, रामवीर सिंह सहित सैकड़ों शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

अलापुर में आयोजित 'मजदूर पाठशाला' में मजदूर किसान अधिकारों पर दिया जोर, कई मांगें उठीं

शाह टाइम्स संवाददाता

बिलारी। अलापुर क्षेत्र में नेशनल एकेडमी फॉर सोशल मूवमेंट और नागरिक एकता परिषद के संयुक्त तत्वावधान में 'मजदूर पाठशाला' का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता किसान नेता राजपाल सिंह यादव ने की। कार्यक्रम में मजदूरों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई तथा सरकार के समक्ष कई मांगें रखी गईं। पाठशाला में बड़ी संख्या में स्थानीय मजदूर, किसान और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत श्रमिक अधिकारों और वर्तमान श्रम परिस्थितियों की समीक्षा से हुई। मुख्य वक्ता एवं ह्यूमन राइट्स डिफेंडर प्रेम कुमार ने कहा कि नए श्रम कोड लागू होने के बाद मजदूरों की स्थिति प्रभावित हुई है। उन्होंने पुराने श्रम कानूनों को बहाल करने की मांग उठाते हुए कहा कि इससे श्रमिकों को सुरक्षा, सामाजिक लाभ और कार्यस्थल अधिकारों में मजबूती मिलेगी। मनरेगा में सुधार की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि मजदूरों को काम मांगने पर तत्काल रोजगार उपलब्ध

कराया जाना चाहिए। पाठशाला में अटल आवासीय विद्यालयों में लेबर कार्ड धारक मजदूरों के बच्चों को प्राथमिकता से प्रवेश देने की मांग भी उठाई गई। साथ ही श्रम विभाग से ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित पंजीकरण शिविर लगाने की अपील की गई, ताकि मजदूर विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकें।

किसानों से जुड़े मुद्दों पर बोलते हुए राजपाल सिंह यादव ने किसान सम्मान निधि की राशि बढ़ाकर मासिक आधार पर देने की मांग रखी। उन्होंने ई-श्रम कार्ड धारक श्रमिकों के लिए 'श्रमिक सम्मान निधि' के रूप में नियमित आर्थिक सहायता शुरू करने की भी जरूरत बताई। कार्यक्रम में महिलाओं की कार्यस्थल सुरक्षा पर भी विशेष चर्चा हुई। प्रतिभागियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सख्त कानून, निगरानी व्यवस्था और जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। पाठशाला में कांग्रेस नेता शाकिर मलिक, सर्वेश, सतपाल यादव, महेंद्र, धीरेन्द्र यादव, पी सिंह, रमेश, भूर सिंह, बनवारी सिंह, राजकुमार, पप्पू सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आयोजकों ने ऐसे कार्यक्रम आगे भी जारी रखने की बात कही।

भाकियू (टिकैत) ने विभिन्न समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी

शाह टाइम्स संवाददाता

बिलारी। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) तहसील बिलारी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं और किसान हितों से जुड़े मुद्दों को लेकर उपजिलाधिकारी बिलारी को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई नहीं की गई तो कार्यकर्ता अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि कुन्दरकी ब्लॉक क्षेत्र में आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए गठित टीम के कार्य में कुछ संगठनों द्वारा लगातार बाधा डाली जा रही है तथा पशु पकड़ने वाले कर्मचारियों पर झूठे मुकदमे दर्ज कराए जा रहे हैं, जिससे कार्य प्रभावित हो रहा है और आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

संगठन ने लक्ष्मी शुगर मिल बिलारी पर भी किसानों के उत्पीड़न का आरोप लगाया है। कहा गया कि किसानों के गन्ने को खराब बताकर उन्हें परेशान किया जा रहा है, जबकि मिल से निकलने वाली

प्रेसमड (मैली) को व्यापारियों को ऊंचे दामों पर बेचकर किसानों को कम मात्रा में उपलब्ध कराया जा रहा है।

ज्ञापन में एक लेखपाल पर रिश्वत लेने तथा कुन्दरकी बाईपास पर अवैध कब्जा कराने का आरोप भी लगाया गया है। इसके अलावा सरकारी खरीद में अनियमितता, ग्राम चांदपुर के बीएलओ पर पक्षपातपूर्ण कार्य, नगर के गांधी मूर्ति चौराहे पर जाम की समस्या और किसानों के गन्ना भुगतान में देरी जैसे मुद्दे भी उठाए गए हैं। संगठन ने यह भी आरोप लगाया कि भाकियू कार्यकर्ताओं पर दबाव में झूठे मुकदमे दर्ज किए गए तथा कई शिकायतों के बावजूद पुलिस प्रशासन द्वारा उचित कार्रवाई नहीं की गई। ज्ञापन पर तहसील अध्यक्ष रणवीर सिंह के साथ अभिनव चौधरी, नदीम खान, राजवीर सिंह, अजीम अहमद, असीम अहमद, सोनू सिंह ठाकुर, विकेश पाल, शिवम, आसिफ, नौशाद, इकबाल, मनोज, गड्डू, अब्दुल मालेक, जियालाल सिंह, अकील, नफीस, दीवा, शकील आलम, सलीम, टेकचंद, फिरोज, सतीश कुमार, अनूप, अतुल कुमार, रघु यादव सहित अनेक पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के हस्ताक्षर मौजूद रहे।

एक नजर

डीएम ने किया निरीक्षण

हल्दौर। डीएम जसजीत कौर ब्लॉक कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा योजना समेत अभिलेखों की जांच की। उन्होंने योजनाओं के प्रगति की समीक्षा करते हुए पात्र लाभार्थियों को समय पर लाभ दिलाने और कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एडीओ पंचायत सुशील कुमार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ब्लॉक की साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त देख गदगद हो गई और कर्मचारियों की पीठ थपथपाई। इसके बाद डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण के दौरान लेबर रूम, एनआईसीयू और ओपीडी कक्ष का जायजा लेते हुए स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की समीक्षा की। उन्होंने ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों व कर्मचारियों से जानकारी ली और आवश्यक दवाओं, उपकरणों तथा साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। मरीजों को समयबद्ध और बेहतर उपचार उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। डीएम पालिका कार्यालय भी पहुंचीं। उन्होंने लाइब्रेरी संचालन और हाउस टैक्स वसूली की स्थिति की जानकारी ली। नगर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की समीक्षा करते हुए बंद पड़े कैमरों को शीघ्र चालू कराने के निर्देश दिए, ताकि नगर की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो सके। उन्होंने ईओ सीमा वर्मा को सड़कों की मरम्मत, नालियों की नियमित सफाई और कूड़ा उठान व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

रामप्रताप को शहर कोतवाली की जिम्मेदारी

बिजनौर। शहर कोतवाल धमेंद्र सोलंकी को सस्पैंड किए जाने के बाद एसपी अभिषेक ने पुलिस व्यवस्था में बदलाव किया है। अफजलगढ़ के थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह को कोतवाली शहर का थानाध्यक्ष बनाया गया है। रेहड़ ने थानाध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह राठी को अफजलगढ़ का थानाध्यक्ष बनाया गया है। विशेष जांच प्रकोष्ठ के प्रभारी राजीव कुमार वर्मा को रेहड़ का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है।

भाकियू कार्यकर्ता धरने पर बैठे

कोतवाली देहात। क्षेत्र के गांव हीरापुर माली निवासी किसान अनुज कुमार पुत्र गजराज सिंह ट्रैक्टर ट्राली से गन्ना लेकर नेशनल हाईवे 74 स्थित एक क्रेशर पर गन्ना बेचने जा रहा था। किसान अनुज का आरोप है कि जब वह गौसपुर चौराहे पर रोड क्रॉस करने लगा तो ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मी ने उसके साथ अभद्र व्यवहार करना शुरू कर दिया तथा ट्रैक्टर ट्राली को रोड क्रॉस नहीं करने दिया। दोपहर भाकियू टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष बलजीत सिंह दर्जनों किसानों के साथ गौसपुर तिराहे पर धरने पर बैठ गए तथा आरोपी पुलिसकर्मी को मौके पर बुलाने की मांग करने लगे। लगभग तीन घंटे बाद आरोपी पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचा तथा अपनी गलती का एहसास किया। इसके बाद किसानों ने धरना खत्म कर दिया।

किन्नरों की रकम हजम नहीं कर पाई पुलिस

प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह पर गिरी गाज

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। किन्नरों के दो गुटों के बीच कल शहर कोतवाली परिसर में हुई मारपीट के मामले में एक गुट के 14 किन्नरों का शांति भंग करने के आरोप में चालान करना प्रभारी निरीक्षक धमेन्द्र सिंह को भारी पड़ गया। एसपी अभिषेक ने प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सोलंकी को सस्पेंड कर दिया है।

गौरतलब है कि किन्नर रानी एवं झालू की किन्नर मुस्कान के गुटों के बीच पिछले काफी दिनों से वसूली के क्षेत्र को लेकर विवाद चला आ रहा है। हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र में भी गाड़ी में तोड़फोड़ की घटना हुई थी। कल दोनों पक्ष शहर कोतवाली में विवाद के समाधान के लिए पहुंचे थे। इस बीच दोनों गुटों में जबरदस्त मारपीट हो गई थी। जिससे शहर कोतवाली में अफरातफरी मच गई थी। पुलिस ने बामुश्किल हालात को काबू में किया था। लेकिन पुलिस ने रानी गुट के खिलाफ कार्रवाई न कर नैना व शबनम गुट के 14 किन्नरों का शांतिभंग में चालान कर दिया था। रानी व उसके साथी किन्नरों को घर भेज दिया था। इसकी शिकायत एसपी अभिषेक से की गई थी। एसपी ने इसकी जांच सीओ सिटी से कराई। सीओ ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि रानी पक्ष आक्रामक था, लेकिन उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई। जबकि दूसरे पक्ष की रेशमा उर्फ शाहिद के गुट के खिलाफ कार्रवाई कर दी गई। एसपी अभिषेक ने इस रिपोर्ट के आधार पर प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सौलंकी को सस्पैंड कर दिया है।

सूत्र बताते है कि पुलिस पर रानी पक्ष से लाखों रुपए लेने के आरोप लग रहे है। इसीलिए इस पक्ष के विरूद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई।

पुलिस ने रानी पक्ष पर कसा अब शिकंजा

बिजनौर। शहर कोतवाल धमेंद्र सौलंकी को सस्पैंड कर दिए जाने के बाद अब पुलिस ने रानी पक्ष पर भी शिकंजा कस दिया है। पुलिस ने चांदपुर की चुंगी के समीप रहने वाली रानी किन्नर व उसकी आठ साथी किन्नरों को आज शाम शहर कोतवाली में बुला लिया। पुलिस के द्वारा इनका भी चालान किए जाने की तैयारी की जा रही थी। बताया जा रहा है कि रानी पक्ष का भी शांति भंग में चालान किया जा रहा है।

मैजिक वाहन गड्ढे में गिरा

नहटौर। हरिद्वार से कांवड़ियों को छोड़कर वापस लौट रहा एक मैजिक वाहन अचानक सामने आए कुत्ते को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरा। जिसमें वाहन चालक और क्लीनर घायल हो गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार श्यामपुर कॉलोनी काशीपुर, उत्तराखंड निवासी मैजिक वाहन चालक बंटी पुत्र प्रताप सिंह (34 वर्ष) तथा क्लीनर वीर सिंह पुत्र भगीरथ (30 वर्ष) सोमवार को वाहन द्वारा कांवड़ियों को छोड़ने हरिद्वार गए थे। मंगलवार की रात जब वह कांवड़ियों को हरिद्वार छोड़कर वापस अपने घर लौट रहे थे। जब वह नहटौर कोतवाली मार्ग स्थित ग्राम सीकरी बुजुर्ग के पास पहुंचे, तो उनके वाहन के सामने अचानक एक कुत्ता आ गया। कुत्ते को बचाने की कोशिश में चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और गाड़ी सीधे गड्ढे में जा गिरी। जिसमें चालक बंटी व क्लीनर वीर सिंह दोनों घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां सूचना मिलने पर पहुंचे उनके परिजन उन्हें प्राथमिक उपचार दिलाकर अपने साथ काशीपुर ले गए।

एक नजर

बाइक से टकराकर खाई में गिरी बस

हीमपुर दीपा। बिजनौर से चांदपुर जा रही रोडवेज बस यूपी23 बीटी 3542 ग्राम छाछरी टीप और उल्हेड़ा के बीच में दुर्घटना का शिकार हो गई। चालक परिचालक ने बताया कि नहर की पालट से सड़क पर आने के दौरान बाइक चालक ने एक बार भी न तो होरन ही सुना और न ही पीछे देखने की जहमत की। जिसके चलते वह रोडवेज बस की चपेट में आ गया। वहीं चालक ने बाइक सवार को बचाने के लिए भरपूर प्रयास किया। जिसके चलते रोडवेज बस खाई में जा गिरी। हालांकि जिस समय रोडवेज बस खाई में गिरी उस समय बस में चालक और परिचालक सहित केवल एक सवारी मौजूद थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जहां बाइक सवार को मामूली खरोचें आई है, तो वहीं महिला परिचालक राशिदा और सब्दलपुर रेहरा थाना हीमपुर दीपा निवासी चालक तालिब को गुम चोट आई है। हालांकि सभी सुरक्षित हैं। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने ट्रैक्टर की मदद से बस को खाई से बाहर निकालने का प्रयास किया।

40 दिव्यांगजनों को मिला जॉब ऑफर लेटर

बिजनौर। राजकीय आईटीआई में दिव्यांगजन-2.0 रोजगार मेला आयोजित किया गया। जिसमें चार कम्पनियों और जनपद के लगभग 235 दिव्यांगजनों ने प्रतिभाग किया। जिनमें से लगभग 40 दिव्यांगजन को मौके पर ही जॉब ऑफर लेटर दिए गए। रोजगार मेले के आयोजन में मंजुल मंयक प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बिजनौर, राकेश कुमार शर्मा प्रधान सहायक राजकीय आईटीआई बिजनौर, गोबिन्ददास वरिष्ठ सहायक दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग बिजनौर, श्रीमति कमलेश आर्य प्रबंधक आर्य सुगन्ध संस्थान मुस्सेपुर बिजनौर मारकण्डे चौरासिया, रोहिताश्व कुमार पाण्डे (एम.आई.आई.एस. मैनेजर), सुशील कुमार, संगीता रानी (ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर) उ.प्र. कौशल विकास मिशन, धर्मेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

गुलदार दिखने से दहशत

नहटौर। क्षेत्र के ग्राम मंडौरी और आसपास के इलाकों में गुलदार ने अपना स्थायी बसेरा बना लिया है। जिससे ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया है। पिछले कुछ समय में गुलदार ने हमला कर दो बालिकाओं को मौत के घाट उतार दिया है। जिसके बाद से पूरे क्षेत्र में मातम और भारी रोष व्याप्त है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि गुलदार अब केवल रात में ही नहीं, बल्कि दिनदहाड़े भी खेतों और रास्तों के आसपास दिखाई दे रहा है। ग्राम के पास स्थित गन्ने के खेतों को गुलदार ने अपना सुरक्षित ठिकाना बना लिया है। रोजाना दिखने की वजह से किसान खेतों पर जाने से घबरा रहे है। गुलदार दिखाई देने पर एक किसान ने वीडियो बना लिया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

थाना हल्दौर का वार्षिक निरीक्षण

हल्दौर। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने थाने का वार्षिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का बारीकी से परीक्षण किया। थाना परिसर में पहुंचने पर उन्हें पुलिस बल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने हवालात, महिला हेल्प डेस्क, पुलिस बैरक और शस्त्रागार का अवलोकन कर सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई एवं अभिलेखों के संधारण की स्थिति पर संतोष जताया। साथ ही आवश्यक सुधार के निर्देश भी दिए। उन्होंने लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने, रजिस्टरों को अद्यतन रखने तथा शस्त्रों के नियमित रखरखाव पर विशेष ध्यान देने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। मिशन शक्ति अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही और महिला हेल्प डेस्क को और अधिक सक्रिय एवं संवेदनशील बनाने पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए जागरूकता बढ़ाने, आमजन की शिकायतों का त्वरित समाधान करने तथा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने हेतु नियमित गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिसकर्मियों से अनुशासन, पारदर्शिता और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया, ताकि जनता का विश्वास और अधिक मजबूत हो सके।

हादसे में पांच घायल

नहटौर। शादी समारोह में शामिल होकर घर लौट रहे कार सवारों की कार अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें एक ही परिवार के चार सदस्यों सहित पांच घायल हो गए। जनपद अमरोहा के बछरायूं थाना क्षेत्र के ग्राम शेरपुर धनौटी निवासी ओमकार सिंह पुत्र रामपाल सिंह (38 वर्ष) अपनी पत्नी मुनेश (34 वर्ष), पुत्र नितिन (10 वर्ष) तथा पुत्री छवि (6 वर्ष) के साथ धनौरा मंडी निवासी कार चालक संतराम सैनी पुत्र राकेश सैनी (42 वर्ष) की कार से नहटौर थाने के पास स्थित ग्राम कासमपुर लेखराज में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। रात्रि करीब 12 बजे वह कार द्वारा घर वापस लौट रहे थे। जब वह नहटौर-नूरपुर बाईपास पर चक मोड़ के पास पहुंचे, तो उनकी कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। जिसमें चालक सहित सभी घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने दो की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल भेज दिया।

पुलिस कर्मियों की अश्लील वीडियो की डिमांड बढ़ी

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। रेहड़ थाने में तैनात रहे हैड कांस्टेबल व महिला सिपाही की अत्यंत अश्लील वीडियो की डिमांड काफी ज्यादा बढ़ गई है। हर कोई यह देखना चाहता है कि आखिरकार वीडियो में क्या है?

गौरतलब है कि रेहड़ थाने में तैनात रहे हैड कांस्टेबल व महिला सिपाही के बीच नाजायज संबंध है। हैड कांस्टेबल व महिला सिपाही विवाहित है, इसके बावजूद इनके द्वारा खुल कर सैक्स किया जाता रहा है। हैड़ कांस्टेबल ने महिला सिपाही के साथ नग्न अवस्था में अत्यंत अश्लील वीडियो अपने मोबाइल से बनाने के दौरान यह कतई नहीं सोचा होगा कि उसकी हालत समाज में मुंह दिखाने लायक भी नहीं रहेगी। अलग-अलग एंगल से बनाई गई यह सभी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद एसपी ने दोनों को सस्पैंड कर दिया है। यह तो सजा का एक पक्ष है। दूसरा पक्ष सामाजिक है। इनकी अश्लील वीडियो की डिमांड काफी ज्यादा बढ़ गई है। हर कोई यह देखना चाहता है कि आखिरकार इस वीडियो में क्या है, जिसकी हर तरफ चर्चा हो रही है। रेहड़ सहित पूरे जनपद और विभिन्न विभागों में इस वीडियो को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। सूत्रों का कहना है कि ज्यादातर लोगों के बीच यह वीडियो पहुंच चुकी है। अब यह पुलिसकर्मी शायद जनपद में रहना पसंद नहीं करेंगे।

हैड कांस्टेबल को भारी पड़ रही करतूत

सड़क हादसे में युवक की मौत, साथी घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

नूरपुर। थाना क्षेत्र के सैदपुर चौराहे पर बुधवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई और परिजनों ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए हंगामा किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्योहारा क्षेत्र के ग्राम हल्दुआ माफी निवासी मुनाजिर (25 वर्ष) अपने दोस्त शहजाद के साथ एक शादी समारोह से बाइक द्वारा लौट रहे थे। शाम के समय जब उनकी बाइक सैदपुर चौराहे के पास पहुंची, तभी मुरादाबाद की ओर जा रही एक तेज रफ्तार प्रिजनर वैन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मुनाजिर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शहजाद गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद वैन चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे तो उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों का आरोप था कि पुलिस ने वैन को मौके से निकलने का अवसर दिया। गुस्साए ग्रामीणों और परिजनों ने हाईवे जाम करने की भी कोशिश की, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

शादी समारोह से लौटते वक्त हादसा

बजट दिव्यांगों, बुजुर्गों, विधवाओं व गरीबों के साथ धोखा : पाशा

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। पिछले कई दशकों से दिव्यांगों, बुजुर्गों, विधवाओं व गरीबों की लड़ाई लड़ रहे राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वीप आइकॉन ब्रांड एंबेसडर लोकसभा चुनाव 2024 सदस्य जिला स्तरीय समिति बिजनौर ने आज प्रदेश सरकार द्वारा पेश किए गए बजट से बेहद आहत दुखी हैं।

श्री पाशा को प्रदेश सरकार से काफी उम्मीद थी की दिव्यांग, विधवा, बुजुर्गों, गरीब वर्गों के लिए बहुत बड़ा पैकेज होगा लेकिन सरकार द्वारा पेश बजट में इन वर्गों के लिए कुछ भी नहीं किया। बजट में ना ही पेंशन बढ़ोतरी हुई, न अंतोदय कार्ड की घोषणा हुई और ना ही आयुष्मान कार्ड की घोषणा हुई। दिव्यांग एक्ट 2016 लागू होना था, उसकी भी घोषणा नहीं हुई। दिव्यांग आयोग का गठन हो चुका है, उसको लागू होना था इसकी भी घोषणा नहीं हुई। दिव्यांगजनों का आरक्षण 4 से 10% होना था, उसकी भी घोषणा नहीं हुई। दिव्यांगजनों को रोजगार के लिए ऋण की घोषणा होनी थी, उसकी भी घोषणा नहीं हुई। दिव्यांग जनों का आरक्षण बैकलॉग के हिसाब से सरकारी नौकरी की भी घोषणा नहीं हुई। कुल मिलाकर प्रदेश सरकार ने इन वर्गों के साथ धोखा किया है। फिलहाल दिव्यांगजन उपेक्षा के शिकार हैं, उन्हें सम्मानजनक सुविधा नहीं मिल पा रही है जो उचित नहीं है। कुल मिलाकर प्रदेश सरकार ने इन वर्गों के साथ धोखा किया है। इसकी हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं और आने वाले समय में सड़कों पर उतरकर धरना, प्रदर्शन और मुख्यमंत्री आवास का घेराव का काम किया जाएगा और इन वर्गों को न्याय दिलाने का काम किया जाएगा।

मदरसा तहजीबुल अंगदपुर में दस्तारबंदी

हाफिज का इकराम व मर्तबा बहुत ऊंचा : मुफ्ती अब्दुल रहमान

शाह टाइम्स संवाददाता

अफजलगढ़। ग्राम अंगदपुर में मदरसा तहजीबुल कुरआन के जेरे अहतमाम एक अजीमुल शान इस्लाह ए मुआशरा व दस्तारबंदी इजलास का इन्एकाद किया गया।

जलसे को खिताब करते हुए मदरसा जियाउल उलूम जसपुर (उत्तराखंड) के नाजिम मारूफ अलमे दीन मौलाना मौहम्मद अखलाक कासमी ने कहा कि कुरआन ए करीम सारी इंसानियत के लिए रसद व हिदायत का जरिया है, जिसको अकीदत मौहब्बत के साथ देखना भी बाअस ए सवाब है। जिसको पढ़ना और एहकामात पर अमल करना हर इंसान के लिए लाजमी है। ए मुसलमानों अगर इंसा. नियत की फलाह चाहते हो तो कुरआन ए करीम के मायने और मतलब को समझते हुए उसके पैगाम को हर खास शाम तक पहुंचाओ मौलाना मौहम्मद अखलाक ने कहा कि दुश्मनाने इस्लाम ने कुरआन ए करीम को मिटाने के लिए हत्ता अल इमकान कोशिश की, लेकिन जिसका मुहाफिज अल्लाह हो उसको कोई नहीं मिटा सकता, और इसका फैज कयामत तक इंसानों के लिए जारी वह सारी रहेगा।

बुजुर्ग आलमें दीन जमीयत उलेमा ए हिंन्द उत्तर प्रदेश के साबिक सदर मुफ्ती अब्दुल रहमान ने अपने सदारती खिताब में कहा की हाफिज का इकराम व मर्तबा बहुत ऊंचा होता है। हुफ्फाज ए इकराम को अकीदत और मोहब्बत की नजरों से देखने और उनके मुआविनत करने वाले आला दर्जे के लोग होते हैं। उन्होंने कहा कि एक हाफिज कुरान की सिफारिश पर खुदावन्द ताअला 10 ऐसे अफराद को जिनके लिए जहन्नुम फर्ज हो चुकी होगी। उनको हुकमे खुदाबांदी जन्नत में दाखिला दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि दुनिया व आखिरत में सुरखरूई हासिल करना चाहते हो, तो उसके लिए उलेमा ए इकराम की मौहब्बत इख्तियार करें उनसे दीन की बातों को समझें और फिर उन पर अमल करें, प्रोग्राम में हिफ्ज कुरआन मुकम्मल करने वाले तीन तुलाबा हाफिज मौहम्मद अरमान, हाफिज मौहम्मद अजीज, हाफिज मौहम्मद हुजैफा की उलमा ए इकराम ने दस्तारबन्दी की और उनको नेक दुआओं से नवाजा गया। मदरसा इशाअतुल उलूम मानियावाला के उस्ताद हदीस मौलाना नफीस अहमद की सरपरस्ती और मुफ्ती जुबैर आलम की निजामत में मुनाअकदि प्रोग्राम का आगाज कारी हसीबुर्रहमान ने तिलावत कुरआन ए करीम और मुफ्ती तारिक जमील ने नाते पाक से किया। जलसा के इख्तताम पर मदरसे के नाजिम मौलाना मौहम्मद यूनुस कासमी ने सभी का शुक्रिया अदा किया। प्रोग्राम में मौलाना मौहम्मद असलम, कारी खलील उर्रहमान, मौलाना मौहम्मद इदरीस, कारी कासिम, कारी अब्दुल रहीम, मौलाना अब्दुल जब्बार, कारी मौहम्मद इस्माइल, मास्टर अलहाज सलीम अहमद, मौहम्मद अलीम, अब्दुल खालिद, मौहम्मद यूसुफ, लियाकत हुसैन ने जलसा में शिरकत की।

बेटी की शादी के लिए घर-बार गिरवी रखने की नौबत

ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह की समय पर मदद बनी उम्मीद की किरण

शाह टाइम्स संवाददाता

धामपुर। तहसील क्षेत्र के गांव मटौरा दर्गा में रहने वाले एक गरीब परिवार की जिंदगी इन दिनों बेटी की शादी की चिंता में उलझ गई थी। सीमित आमदनी और बढ़ती महंगाई के बीच बेटी की शादी का खर्च उठाना परिवार के लिए पहाड़ जैसा साबित हो रहा था। हालात ऐसे बन गए थे कि परिवार अपने सिर की छत और जमीन तक गिरवी रखने पर मजबूर हो गया। मजबूरी का फायदा उठाने के लिए कुछ लोगों ने जमीन गिरवी रखने के बजाय बैनामा कराने का दबाव बनाया, जिससे परिवार और भी ज्यादा डर व असमंजस में पड़ गया।

एक तरफ बेटी की शादी की जिम्मेदारी, दूसरी ओर भविष्य में बेघर हो जाने का डर जैसे-जैसे बारात की तारीख नजदीक आती गई, घर में चिंता का माहौल और गहराता चला गया। माता-पिता, भाई और भाभी बेटी की विदाई को लेकर भीतर ही भीतर टूटते जा रहे थे। रोजाना यही सोचकर आंखें भर आती थीं कि कहीं बेटी की शादी के नाम पर पूरा परिवार सड़क पर न आ जाए।

इसी बीच किसी परिचित ने सलाह दी कि धामपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि से संपर्क किया जाए। हालांकि परिवार इस बात को लेकर असमंजस में था कि उनका गांव दूसरे विधानसभा क्षेत्र में आता है, ऐसे में मदद मांगना कहीं गलत न समझ लिया जाए। काफी सोच-विचार के बाद बेटी की भाभी ने साहस जुटाकर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह से संपर्क किया।

धोखाधड़ी की आशंका को देखते हुए नीरज प्रताप सिंह ने पहले स्थानीय स्तर पर जानकारी की पुष्टि कराने को कहा। नजदीकी गांव नवादा निवासी प्रताप सिंह ने पूरे मामले की सच्चाई से उन्हें अवगत कराया।

परिवार की बदहाली और बेटी की शादी की मजबूरी की जानकारी मिलते ही नीरज प्रताप सिंह भावुक हो गए और बिना देर किए हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। बारात गुरुवार को आनी थी। मंगलवार शाम तक मदद न पहुंचने पर परिवार को फिर चिंता सताने लगी कि कहीं आखिरी वक्त पर उम्मीद टूट न जाए। लेकिन मंगलवार शाम दोबारा संपर्क करने पर नीरज प्रताप सिंह ने भरोसा दिलाया कि बुधवार को वे स्वयं टीम के साथ गांव पहुंचेंगे।

बुधवार को तय समय पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह अपनी टीम के साथ गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार को शादी की तैयारियों के लिए आवश्यक आर्थिक सहायता व घरेलू सामान उपलब्ध कराया। अचानक मिली इस मदद से परिवार की आंखों में आंसू और चेहरे पर मुस्कान लौट आई। जिस घर में कुछ समय पहले तक मायूसी पसरी थी, वहीं अब बेटी की शादी को लेकर उम्मीद और भरोसे का माहौल बन गया।

इस अवसर पर नीरज प्रताप सिंह ने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना उनका सामाजिक दायित्व है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मदद करते समय जाति, क्षेत्र या राजनीतिक सीमाओं को नहीं देखा जाना चाहिए। जब किसी परिवार पर संकट हो, तो समाज का कर्तव्य है कि उसके साथ खड़ा हो।

विधायक ओम कुमार तक पहुंच के बाद भी नहीं मिली मदद

धामपुर। मटौरा दर्गा गांव का पीड़ित परिवार आकू ब्लॉक और नहटौर विधानसभा क्षेत्र से जुड़ा है। परिजनों के अनुसार उन्होंने कई बार क्षेत्रीय विधायक ओम कुमार के दरबार तक अपनी समस्या पहुंचाई और मुलाकात भी की, लेकिन उन्हें हर बार मदद का आश्वासन ही मिला। परिजनों का कहना है कि शादी की तारीख तय होने और समय निकलने के बावजूद विधायक स्तर से कोई ठोस सहायता समय पर नहीं पहुंच सकी। इससे परिवार को बार-बार निराशा का सामना करना पड़ा और आखिरी दिनों में बेटी की शादी को लेकर संकट और गहरा गया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 12 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

ट्रेड पर रार

बुधवार को लोकसभा में राहुल गांधी ने बजट 2026 पर चर्चा में भाग लिया। उन्होंने अमेरिका संग हालिया ट्रेड डील से लेकर वैश्विक मुद्दों पर अपनी बात रखी। राहुल गांधी ने आम बजट और वित्त मंत्रालय की ओर से पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण का जिक्र किया, उनका कहना था कि इसमें उन्हें मुख्य रूप से दो बिन्दु दिखाई दिए, पहला बिन्दू बताता है कि हम ऐसी दुनिया में रह रहे हैं जहां भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता बढ़ती जा रही है। इसका मतलब है कि अमेरिका को आज रूस व चीन से बड़ी चुनौती मिल रही है। जहां ऊर्जा और वित्त को हथियार बना लिया गया है। राहुल का यह भी कहना था कि आज हम स्थिरता वाली दुनिया से अस्थिरता वाली दुनिया में जा रहे हैं। ऐसा कहते हुए उन्होंने रूस और इरान का उदाहरण दिया और याद दिलाया कि पीएम और एनएसए ने कुछ समय पहले कहा था कि युद्ध का समय अब खत्म हो चुका है, लेकिन यूक्रेन में संघर्ष जारी है और इरान में संघर्ष हो रहा है। यानि में स्थिरता से अस्थिरता की ओर जा रहे हैं। उन्होंने भारत का जिक्र करते हुए कहा कि देश की 140 करोड़ जनता के सामने आज चुनौतियां काफी अलग हैं। डॉलर को चुनौती दी जा रही है। जैसाकि मेरे कुछ दोस्त समझते हैं। इस तरह हम दो सुपर या कई सुपर पॉवर वाले दौर में जा रहे हैं। उन्होंने अमेरिकी ट्रेड पर भी खुलकर बात की। ट्रेड को लेकर अभी मिली जुली प्रतिक्रिया आ रही है। अमेरिका की तरफ से नई-नई बातें सामने आ रही हैं, जो कई बार भारत को भी असहज करती हैं। अमेरिका ने भारत के साथ हुई हालिया ट्रेड डील पर जारी फैक्ट शीट में फिर बदलाव किए हैं और पहले जिन बातों का साफ जिक्र था अब उन्हें हटा दिया गया है या उसकी भाषा बदल दी गई है। सबसे बड़ा बदलाव दाल को लेकर है। पहले कहा गया था कि भारत-अमेरिकी औद्योगिक और कृषि उत्पादों पर टैरिफ कम या खत्म करेगा जिसमें दाल भी शामिल थी, अब नए दस्तावेज से दाल का जिक्र हटा दिया गया है। इसी तरह 500 अरब डॉलर की खरीद को लेकर भी भाषा बदल गई है। पहले लिखा था कि भारत अमेरिका से 500 अरब डॉलर का सामान खरीदने के लिए कमिटिड है, अब इसे बदलकर इरादा रखता है कर लिया गया है। भारत रूस से तेल का आयात दोबारा शुरू न करे इस पर निगरानी के लिए ट्रम्प ने तीन मंत्रियों की एक टास्क फोर्स का गठन किया है। इसमें वाणिज्य मंत्री, विदेश मंत्री व वित्त मंत्री शामिल हैं। अगर इनको लगता है कि भारत ने रूस से तेल का दोबारा इम्पोर्ट शुरू कर दिया है तो वह राष्ट्रपति ट्रम्प से दोबारा 25 फीसदी पैनल्टी लगाने के लिए कह सकते हैं। राहुल गांधी भी सरकार को ट्रेड पर घेर रहे हैं और उनकी नजर में भारत डॉलर को चुनौती देने के बजाए उसको मजबूती देने में लगा हुआ है।

अस्थिरता वाली दुनिया में जा रहे हम

हम ऐसी दुनिया में रह रहे हैं जहां भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता बढ़ती जा रही है, यानी जो अमेरिका आधारित सिस्टम था, उसे चुनौती मिल रही है, उसे अब रूस और चीन फिर से चुनौती दे रहे हैं, दूसरा- हम ऐसी दुनिया में रह रहे हैं, जहां ऊर्जा और वित्त को हथियार बना लिया गया है, हम स्थिरता वाली दुनिया से अस्थिरता वाली दुनिया में जा रहे हैं, प्रधानमंत्री और एनएसए ने कुछ समय पहले चौंकाने वाले रूप से कहा था कि युद्ध का समय अब खत्म हो चुका था, लेकिन यूक्रेन में संघर्ष जारी है, ईरान में संघर्ष हो रहा है, यानी हम स्थिरता से अस्थिरता की तरफ जा रहे हैं, देश की 140 करोड़ जनता के सामने आज चुनौतियां काफी अलग हैं, हमने ऑपरेशन सिंदूर किया था, तो हम अस्थिरता की दुनिया में जा रहे हैं, हम सुपरपावर वाली दुनिया से किसी नई दुनिया में जा रहे हैं, जिसका हम अंदाजा नहीं लगा सकते।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता

मन के विकार के निदान में उदासीनता

पंकज चतुर्वेदी

विकसित भारत के सामने आज जो प्रमुख चुनौतियां हैं उनमें सबसे ऊपर युवाओं की बिगड़ती मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति है। बकौल इंडियन साइकियाट्रिक सोसायटी देश में मानसिक विकारों के 60 प्रतिशत मामले 35 वर्ष से कम उम्र के युवाओं में पाए जा रहे हैं। इन युवाओं के सामने काम का बदता दवाब, प्रतिस्पर्धा, बेरोजगारी, सामाजिक अपेक्षाओं जैसे पृष खड़े हैं और इनसे जूझते समय बड़ी संख्या में वे अवसाद , बैचेनी की गिरफ्त में आ जाते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इस तरह के मानसिक विकार होने पर रोगी समझ ही नहीं पाता कि उसके मन के साथ कुछ असामान्य है। कहने की जरूरत नहीं कि जिस तरह मानसिक रोग तेजी से फाइल रहे हैं, हमारे पास उस तुलना में चिकित्सक और इलाज के विकल्प गौण हैं। यही वजह है कि मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी बीमारियां देश की बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बन गई है।

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण स्वीकार कर रहा है कि माकूल उपचार अधिकांश मरीजों की पहुंच से बाहर है। लैंसेट साइकियाट्री जर्नल में प्रकाशित ग्लोबल बर्डन आफ डिजीज स्टडी के अनुसार वर्ष 2017 में भारत में19।73 करोड़ लोग (कुल आबादी का लगभग 14.3 प्रतिशत) किसी न किसी मानसिक विकार से पीड़ित थे। इनमें 4.57 करोड़ अवसाद और 4.49 करोड़ बैचेनी के शिकार हैं । बेंगलुरु के नेशनल इंस्टीट्यूट आफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंसेस (निमहांस) के सर्वे में सामने आया है कि 13 से 17 वर्ष वाले लगभग 7.3 प्रतिशत किशोर किसी न किसी मानसिक विकार से पीड़ित हैं। प्रतिस्पर्धा, परीक्षा-दबाव, सामाजिक अपेक्षाएं व डिजिटल जीवन-शैली इसके प्रमुख कारण हैं। सर्वाधिक खराब हालत राजधानी दिल्ली के हैं जहां 11.23 फीसदी आबादी मानसिक बीमारियों से जूझ रही है। यह बात दिल्ली सरकारी की सन 2025 की सालाना सांख्यिकी रिपोर्ट में कही गई है। रिपोर्ट कहती हैं कि राजधानी में कोई सात फीसदी लोगों का बौद्धिक विकास नहीं हो पाया है, जिससे उनके सीखने और रोजमर्रा के जीवन में कठिनाइयां झेलनी पड़ रहीं। अवसाद, चिंता और सिजोफ्रेनिया जैसी गंभीर मानसिक बीमारी से प्रभावित लोगों की संख्या 4.28 फीसदी हैं। मानसिक रोग विशेषज्ञ कहते हैं कि दिल्ली में अकेलापन, सामाजिकता का अभाव के साथ -साथ प्रदूषण, ट्राफिक जाम , आर्थिक असमानता जैसे कारण तेजी से मानसिक रोगों को बढ़ा रहे हैं। बात अकेले राजधानी की नहीं हैं , देश के दूरस्थ अंचलों में छोटे गांव तक मानसिक विकार का विस्तार बेहद खतरनाक है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा पश्चिम बंगाल के कृषि प्रधान क्षेत्रों में किया गया एक धीयन इसके मूल कारणों पर प्रकाश डालता है। अध्ययन कहता है कि जिन किसानों के खेतों में सप्ताह में एक बार कीटनाशक का छिड़काव होता है, उनमें डिप्रेशन, याददाश्त में कमी और रोजमर्रा की गतिविधियों में गिरावट का खतरा तीन गुना तक बढ़ जाता है। इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईजेएमआर) में प्रकाशित इस अध्ययन में आईसीएमआर का सरकार को सुझाव है कि किसानों को कीटनाशक छिड़कते समय सुरक्षा उपाय अनिवार्य किए जाएं , साथ ही ग्रामीण इलाकों में कीटनाशक-जनित मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के लिए राष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता, प्रशिक्षण और स्वास्थ्य निगरानी कार्यक्रम शुरू किए जाएं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के एक शोध में कुछ साल पहले ही बताया दिया था कि देश में चौथी सबसे बड़ी बीमारी अवसाद या डिप्रेशन है। आज देश की सबसे बड़ी दूसरी बीमारी हार्ट अटैक के बाद अवसाद को कहा जा रहा है। बढ़ती जरूरतें, जिंदगी में बढ़ती भागदौड़, रिश्तों के बंधन ढ़ीले होनाय इस दौर की कुछ ऐसी त्रासदियां हैं जो इंसान को भीतर ही भीतर खाए जा रही है। ये सब ऐसे विकारों को आमंत्रित कर रहा है, जिनके प्रारंभिक लक्षण नजर आते नहीं हैं, जब मर्ज बढ़ जाता है तो बहुत देर हो चुकी होती है। विडंबना है कि सरकार में बैठे नीति-निर्धारक मानसिक बीमारियों को अभी भी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। इसे हास्यास्पद कहें या शर्म कि जय विज्ञान के युग में मनोविकारों को एक रोग के बनिस्पत ऊपरी व्याधा या नियति समझने वालों की संख्या बहुत अधिक है। तभी ऐसे रोगों के इलाज के लिए डाक्टरों के बजाए पीर-फकीरों, मजार-मंदिरों पर अधिक भीड़ होती है । सामान्य डाक्टर मानसिक रोगों को पहचानने और रोगियों को मनोचिकित्सक के पास भेजने में असमर्थ रहते हैं। इसके चलते ओझा, पुरोहित, मौलवी, तथाकथित यौन विशेषज्ञ अवैध रूप से मनोचिकित्सक का दुष्कार्य कर रहे हैं। वैसे भारत में सन 1982 में मानसिक स्वास्थ कार्यक्रम शुरू हुआ था लेकिन इसकी मंथर गति ने रोग को भयानक बना दिया। इतने लोगों के इलाज के लिए कोई 32 हजार मनोचिकित्सकों की जरूरत है, जबकि देशभर में इनकी संख्या बमुश्किल नौ हजार है यानी एक लाख पर एक से भी कम औसतन 0.75 डाक्टर। इनमें भी तीन हजार तो चार महानगरों तक ही सिमटे हैं। यह रोग भयावह है और इसका इलाज भी लंबे समय तक चलता है जोकि खर्चीला भी है। इसके बावजूद कोई भी स्वास्थ्य बीमा योजना में इसे शामिल नहीं किया गया। 15 जून 2020 को सुप्रीम कोर्ट से बीमा नियामक संस्था से यह पूछा भी है कि मानसिक रोग को बीमा सुविधा क्यों नहीं है। उधर सरकारी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं बिल्कुल उपेक्षित हैं। हालांकि इस साल के बजट में इस दिशा में बहुत ध्यान दिया गया है । देश भर में 24 इनटू 7 परामर्श सेवाओं के लिए राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (टेली मानस) मद में 51.14 करोड़ रुपये का प्रावधान है। इसके अलावा निम्हान्स बेंगलुरु को अनुसंधान, प्रशिक्षण और देखभाल के मद में पिछले वर्षों से लगभग दोगुना 917.21 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई रीजनल इंस्टिट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ, तेजपुर: 69.32 करोड़ रुपये, क्षेत्रीय मनोरोग सेवाओं की सहायता। जहां एक ओर मर्ज बढ़ता जा रहा है, वहीं हमारे देश के मानसिक रोग अस्पताल सौ साल पुराने पागलखाने के खौफनाक रूप से ही जाने जाते हैं। यह जर्जर, डरावनी और संदिग्ध इमारतें मानसिक रोगियों की यंत्रणाओं, उनके प्रति समाज के उपेक्षित रवैये और सरकारी उदासीनता की मूक गवाह हैं। तभी सन 2017 में 10,246 और सन 2018 में 10,134 मानसिक रोगियों ने आत्महत्या कर ली थी। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग मानता रहा है कि देश भर के पागलखानों की हालत बदतर है। इसे सुधारने के लिए कुछ साल पहले बंगलौर के राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ और चेतना विज्ञान संस्थान (निमहान्स) मे एक परियोजना शुरू की गई थी, लेकिन उसके किसी सकारात्मक परिणाम की जानकारी नहीं है। यह परियोजना भी नाकाफी संसाधनों का रोना रोते हुए फाइलों में ठंडी हो गई। हमारे देश की सवा अरब को पार कर गई आबादी के लिए केवल 43 सरकारी मानसिक रोग अस्पताल हैं, इनमें से मनोवैज्ञानिक इलाज की व्यवस्था महज तीन जगह ही है। इन अस्पतालों में 21,000 बिस्तर हैं जो जरूरत का एक फीसदी भी नहीं है। यहां तक कि जरूरत की पचास फीसदी नर्स भी उपलब्ध नहीं हैं। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ कार्यक्रम की एक रिपोर्ट भी इस बात का प्रमाण है कि ऐसे रोगियों की बड़ी संख्या इलाज का खर्च उठाने में असमर्थ है। सरकारी अस्पतालों के नारकीय माहौल में जाना उनकी मजबूरी होता है । आज भी अधिकांश मानसिक रोगी बगैर इलाज के अपने हाल में अमानवीय हालात में जीने को मजबूर हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

नई मच्छरदानी दोहरी सुरक्षा देगी

वैसे कुछ वर्ष पूर्व भी WHO ने एक नए प्रकार की मच्छरदानी को सीमित स्वीकृति प्रदान की थी। इस मच्छरदानी में पाएरेथ्रॉइड के साथ पीबीओ का उपयोग किया गया था जो मच्छरों की पाइरेथ्रॉइड का विघटन करने की क्षमता को खत्म करता है। ये केवल पाइरेथ्रॉइड मच्छरदानी की तुलना में काफी महंगी थीं और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा था कि इनके उपयोग से मलेरिया के प्रकोप में कमी से जितना फायदा होता है। वह इनकी लागत के हिसाब से कम है। क्लोरफेनापिर ने इस समस्या को दूर कर दिया है। तंजानिया और बेनिन में किए गए अध्ययनों से पता चला है कि नई मच्छरदानियों के उपयोग से बच्चों में मलेरिया का प्रकोप लगभग आधा रह गया अर्थात इन मच्छरदानी के उपयोग में होना वाला खर्च मलेरिया उपचार की लागत से काफी कम साबित हुआ जो WHO द्वारा अनुमोदन के लिए पर्याप्त कारण था।

हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने नए कीटनाशक मिश्रण से उपचारित मच्छरदानी के उपयोग का अनुमोदन किया है। इस नई मच्छरदानी में ऐसे दो रसायनों का उपयोग किया गया है जो मलेरिया फैलाने वाले मच्छरों को अधिक प्रभावी ढंग से खत्म करने में सक्षम है। जल्द ही यह उपचारित मच्छरदानी उप सहारा अफ्रीका में व्यापक रूप से उपलब्ध हो जाएगी जहां पिछले वर्ष मलेरिया से 6 लाख से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। कीटनाशक उपचारित मच्छरदानी का डबल फायदा है।

इसके अंदर सोता व्यक्ति तो सुरक्षित रहता ही है, इस पर बैठने वाले मच्छरों का भी खात्मा हो जाता है। 2000 से 2015 के बीच मलेरिया के प्रकोप में 40 प्रतिशत गिरावट का श्रेय उपचारित मच्छरदानियों को जाता है, लेकिन मच्छर इनमें प्रयुक्त पाएरेथ्रॉइड नामक कीटनाशक के प्रतिरोधी हो चले थे। नई अनुमोदित मच्छरदानी में पाएरेथ्रॉइड के साथ क्लोरफेनापिर का उपयोग किया गया है। क्लोरफेनापिर मच्छरों के माइटोकॉन्ड्रिया को निशाना बनाता है जिसके चलते मांसपेशियों में मरोड़ पैदा होती है और मच्छर हिलडुल या उड़ नहीं पाते हैं।

वैसे पिछले वर्ष भी WHO ने एक नए प्रकार की मच्छरदानी को सीमित स्वीकृति प्रदान की थी। इस मच्छरदानी में पाएरेथ्रॉइड के साथ पीबीओ का उपयोग किया गया था जो मच्छरों की पाइरेथ्रॉइड का विघटन करने की क्षमता को खत्म करता है। ये केवल पाइरेथ्रॉइड मच्छरदानी की तुलना में काफी महंगी थीं और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा था कि इनके उपयोग से मलेरिया के प्रकोप में कमी से जितना फायदा होता है।

वह इनकी लागत के हिसाब से कम है। क्लोरफेनापिर ने इस समस्या को दूर कर दिया है। तंजानिया और बेनिन में किए गए अध्ययनों से पता चला है कि नई मच्छरदानियों के उपयोग से बच्चों में मलेरिया का प्रकोप लगभग आधा रह गया अर्थात इन मच्छरदानी के उपयोग में होना वाला खर्च मलेरिया उपचार की लागत से काफी कम साबित हुआ जो WHO द्वारा अनुमोदन के लिए पर्याप्त कारण था। गौरतलब है कि क्लोरफेनापिर का उपयोग सबसे पहले अमेरिका में वर्ष 2001 में गैर खाद्य फसलों के लिए ग्रीन हाउसों में किया गया था। पक्षियों और जलीय जीवों में विषाक्तता के कारण खेतों पर इसके छिड़काव पर प्रतिबंध है। चूंकि इस मच्छरदानी का उपयोग घर के अंदर किया जा रहा है और व्यापक पर्यावरण से इसका सीमित संपर्क है इसलिए पर्यावरण की दृष्टि से इसे सुरक्षित माना जा रहा है।

विशेषज्ञों की चेतावनी है कि देर सबेर मच्छरों में क्लोरफेनापिर के खिलाफ भी प्रतिरोध उभरना तय है। इसलिए प्रतिरोध पैदा होने की रफ्तार को धीमा करने की तकनीकें विकसित करना महत्वपूर्ण होगा। इसके लिए नई मच्छरदानियों के साथ-साथ घरों में अंदर कीटनाशक छिड़काव या कुछ वर्षों के लिए पाइरेथ्रॉइड पीबीओ मच्छरदानियों का उपयोग भी करते रहना ठीक होगा।

दो पिता की संतान, पुरुष भी पैदा कर सकेगा अपनी जैविक संतान!

हिन्दी फिल्मों में एक बाप की औलाद की बात कई मर्तबा की जाती है और माना जाता है कि वही सच्ची औलाद होती है। लेकिन यहां बात उस संवाद के संदर्भ में नहीं बल्कि वैज्ञानिकों द्वारा नर की कोशिकाओं से अंडे के निर्माण की हो रही है। लंदन में हाल ही में सम्पन्न तृतीय अंतर्राष्ट्रीय मानव जीनोम संपादन सम्मेलन में यह जानकारी दी गई कि शोधकर्ताओं ने नर चूहों की कोशिकाओं से अंडे बना लिए और जब उन्हें निषेचित करके मादा चूहे के गर्भाशय में रखा गया तो उनसे स्वस्थ संतान पैदा हुई और वे स्वयं संतानोत्पत्ति में सक्षम थीं। यह करामात करने के लिए शोधकर्ता बरसों से प्रयास कर रहे थे। मसलन, 2018 में एक टीम ने खबर दी थी कि उन्होंने शुक्राणु या अंडाणु से प्राप्त स्टेम कोशिकाओं से पिल्ले पैदा किए थे जिनके दो पिता या दो मांएं थीं।

दो मांओं वाले पिल्ले तो वयस्क अवस्था तक जीवित रहे और प्रजननक्षम थे लेकिन दो पिता वाले पिल्ले कुछ ही दिन जीवित रहे थे। फिर 2020 में कात्सुहिको हयाशी ने बताया था कि किसी कोशिका को प्रयोगशाला के उपकरणों में परिपक्व अंडे में विकसित होने के लिए किस तरह के जेनेटिक परिवर्तनों की जरूरत होती है। इसी टीम ने 2021 में खबर दी कि वह चूहे के अंडाशय की परिस्थितियां निर्मित करके अंडे तैयार करने में सफल रही और इन अंडों ने प्रजननक्षम संतानें भी उत्पन्न कीं। अब हयाशी और उनके साथियों ने कोशिश शुरू कर दी कि वयस्क नर चूहे की कोशिकाओं से अंडे विकसित किए जाएं। उन्होंने इन कोशिकाओं को इस तरह परिवर्तित किया कि वे प्रेरित बहुसक्षम कोशिकाएं बन गईं। टीम ने इन कोशिकाओं को कल्चर में पनपने दिया जब तक कि उनमें से कुछ कोशिकाओं ने स्वत: अपना वाय गुणसूत्र गंवा नहीं दिया। जैसा कि सब जानते हैं नर चूहों की कोशिकाओं में सामान्यत: एक वाय और एक एक्स गुणसूत्र होता है। इन कोशिकाओं को रेवर्सीन नामक एक रसायन से उपचारित किया गया। यह रसायन कोशिका विभाजन के समय गुणसूत्रों के वितरण में त्रुटियों को बढ़ावा देता है। इसके बाद टीम ने वे कोशिकाएं ढूंढी जिनमें एक्स गुणसूत्र की दो प्रतिलिपियां थी, अर्थात गुणसूत्रों के लिहाज से वे मादा को. शिकाएं थीं। इसके बाद टीम ने प्रेरित बहुसक्षम स्टेम को. शिकाओं को वे जेनेटिक संकेत दिए जो अपरिपक्व अंडा बनाने के लिए जरूरी होते हैं। जब अंडा बन गया तो उसका निषेचन शुक्राणु से करवाया गया और निषेचित अंडों को मादा चूहे के गर्भाशय में डाल दिया गया। हयाशी ने सम्मेलन में बताया कि इन निषेचित अंडों (भ्रूण) की जीवन दर बहुत कम रही - कुल 630 भ्रूण गर्भाशयों में डाले गए और उनमें से मात्र 7 का विकास पिल्लों के रूप में हो पाया। लेकिन ये 7 भलीभांति विकसित हुए और वयस्क होकर प्रजननक्षम रहे। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, लेकिन हयाशी का कहना है कि अभी इसे एक चिकित्सकीय तकनीक बनने में बहुत समय लगेगा क्योंकि मनुष्य और चूहों में बहुत फर्क होते हैं। अभी यह भी देखना बाकी है कि क्या मूल कोशिका में जो एपिजेनेटिक बदलाव किए गए थे वे नर कोशिका से बने अंडों में सुरक्षित रहते हैं या नहीं। और भी कई तकनीकी अड़चनें आएंगी। बहरहाल, यदि ये अड़चनें पार कर ली जाएं, तो यह तकनीक संतानहीनता की कुछ परिस्थितियों में कारगर हो सकती है। जैसे टर्नर सिंड्रोम के मामले में जहां स्त्री के दो में से एक एक्स गुणसूत्र नहीं होता या आधा-अधूरा होता है। जापान के होकाइडो विश्वविद्यालय के जैव-नैतिकताविद तेत्सुया इशी का कहना है कि यह तकनीक पुरुष (समलैंगिक विवाहित) दंपतियों को भी संतान पैदा करने का अवसर दे सकती है। हां, उन्हें सरोगेट गर्भाशय की जरूरत तो पड़ेगी। इसके अलावा, शायद सूदूर भविष्य में अकेला पुरुष भी अपनी जैविक संतान पैदा कर सकेगा। इस संदर्भ में सिर्फ तकनीकी नहीं बल्कि सामाजिक मुद्दों पर विचार भी जरूरी होगा।

सांप की कलाबाजियां

अगस्त 2019 में, कुछ शोधकर्ताओं को उत्तर-पश्चिम मलेशिया के एक विशाल चूना पत्थर पहाड़ के पास सड़क पार करता हुआ एक ड्वार्फ रीड सांप (स्यूडोरेब्डियन लॉग्निसेप्स) दिखा। जैसे ही वे उसके पास गए तो पहले तो वह अपने बचाव के लिए हवा में ऊपर की ओर घूमा और फिर कुंडली की तरह गोल-गोल लपेटता हुआ नीचे आ गया। शोधकर्ताओं ने सांप को पकड़ लिया और उसे सड़क किनारे समतल जगह पर रख दिया। उसने यही बचाव करतब फिर कई बार दोहराया। ड्वार्फ रीड सांप दिखने में गहरे रंग का, बौना और संटी सरीखा पतला सा होता है।

यह निशाचर प्राणि है जो चट्टानों में छिप कर रहता है। शोधकर्ताओं ने इस सांप पर किए अपने अवलोकन को बायोट्रॉपिका में प्रकाशित किया है। सांपों में इस तरह की हरकत पहली बार देखी और दर्ज की गई है। हालांकि कई अन्य जानवर, जैसे पैंगोलिन और टेपुई मेंढक, भी इस तरह कुलांचे भर सकते हैं, लेकिन सरिसृपों की बात तो दूर, स्तनधारियों में भी शरीर को मरोड़ना (या बल देना) इतनी आम बात नहीं है। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि यह सांप खतरे से जल्दी दूर भागने के लिए ऐसा करता है। उसका यह व्यवहार उसके शत्रुओं को भ्रमित भी कर सकता है और क्योंकि उसकी यह कलाबाजी रेंगकर चलने की तुलना में उसके शरीर को जमीन से कम संपर्क में रखती है तो उसे सूंघ कर हमला करने वाले शिकारी भटक जाएंगे।

अमेरिका ने हमे टायलेट पेपर की तरह फेंका: ख्वाजा आसिफ

पाकिस्तानी रक्षा मंत्री बोले: अपने फायदे के लिए पाक का इस्तेमाल किया, साथ देने की कीमत आज भी चुका रहे

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बुधवार को संसद में कहा कि अमेरिका ने अपने फायदे के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल किया और काम निकलने के बाद उसे टायलेट पेपर की तरह फेंक दिया। पाकिस्तान रक्षा मंत्री ने कहा हमने अफगानिस्तान में दो जंग लड़ीं।

इसमें इस्लाम और मजहब के नाम पर हिस्सा लिया, लेकिन असल में दो सैन्य तानाशाहों (जिया-उल-हक और परवेज मुशर्रफ) ने वैश्विक ताकत का समर्थन पाने के लिए ऐसा किया। उन्होंने 1979 में सोवियत संघ के हस्तक्षेप का जिक्र करते हुए कहा कि यह कदम अफगान सरकार के न्योते पर उठाया गया था, लेकिन अमेरिका ने इसे सीधा हमला बताकर अपनी तरह से नरेटिव तैयार किया। आसिफ ने पाकिस्तान की अमे. रिका के साथ 1999 के बाद हुई नई रणनी. तिक साझेदारी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 11 सितम्बर 2001 के हमलों के बाद अमेरिका के साथ खड़े होने की कीमत

■ आसिफ ने पाकिस्तान की अमेरिका के साथ 1999 के बाद हुई नई रणनीतिक साझेदारी पर सवाल उठाए

पाकिस्तान आज भी चुका रहा है। आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान ने इतिहास से सबक नहीं सीखा और अपने छोटे फायदे के लिए कभी अमेरिका, कभी रूस और कभी ब्रिटेन की ओर झुकता रहा। उन्होंने कहा कि अब इन देशों का यहां पहले से ज्यादा प्रभाव है, जो 30-40 साल पहले नहीं था। उन्होंने यह भी माना कि पाकिस्तान का आतंकी इतिहास रहा है। आसिफ ने कहा कि अफगानिस्तान की दो जंगों में शामिल होना पाकिस्तान की बड़ी भूल थी और आज देश में जो आतंकवाद है, वह उन्हीं गलतियों का नतीजा है। आसिफ ने कहा कि हम अपने इतिहास और गलतियों को स्वीकार नहीं करते। आज का आतंकवाद उन्हीं डिक्टेटरों की गलतियों का नतीजा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को जो नुकसान हुआ, उसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती। ख्वाजा आसिफ ने यह भी दावा किया कि इन जंगो को सही ठहराने के लिए पाकिस्तान की एजुकेशन सिस्टम में जानबूझकर बदलाव किए गए। उनके मुताबिक, यह बदलाव आज भी सिस्टम में मौजूद हैं। उन्होंने साल 2000 में अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की इस्लामाबाद की कुछ घंटों की यात्रा का जिक्र किया। क्लिंटन भारत दौरे के बाद थोड़े समय के लिए पाकिस्तान आए थे। आसिफ ने कहा कि इससे साफ दिखता है कि दोनों देशों का रिश्ता सिर्फ मतलब तक सीमित हो गया था। उस समय अमेरिका ने सैन्य शासक परवेज मुशर्रफ पर लोकतंत्र, परमाणु प्रसार और आतंकवाद को लेकर दबाव डाला था। 2000 में पाकिस्तान का प्रधानमंत्री कोई नहीं था, क्योंकि उस समय देश में सैन्य शासन चल रहा था। नवम्बर 1997 से अक्टूबर 1999 तक नवाज शरीफ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री थे। 12 अक्टूबर 1999 को जनरल परवेज मुशर्रफ ने तख्तापलट करके नवाज शरीफ की सरकार को हटा दिया और खुद चीफ एक्जीक्यूटिव बन गए। 1999 के बाद से 2002 तक पाकिस्तान में कोई निर्वाचित प्रधानमंत्री नहीं था। मुशर्रफ ने सत्ता संभाली और 2002 में चुनाव करवाए, जिसके बाद जफरुल्लाह खान जमाली प्रधानमंत्री बने। यह बयान उस समय आया जब संसद ने इस्लामाबाद की शिया मस्जिद में हुए हमले के खिलाफ निंदा का प्रस्ताव पास किया। 6 फरवरी को नमाज के दौरान हुए इस आत्मघाती हमले में 31 लोगों की मौत हो गई और 169 लोग घायल हुए।

अनंतनाग। जम्मू-कश्मीर की अरु घाटी में 'हिम उत्सव' के दौरान कपड़ों का स्टॉल लगाते विक्रेता।

राजकुमारी सिरिवन्नवारी नारीरत्ना ताजमहल का दीदार करने के लिए पहुंचीं आगरा

आगरा। थाईलैंड की राजकुमारी सिरिवन्नवारी नारीरत्ना बुधवार को ताजमहल का दीदार करने के लिए आगरा पहुंचीं। सुबह करीब आठ बजे डेलिगेशन के साथ ताजमहल में पहुंचीं और ताजमहल में करीब डेढ़ घंटे तक रहीं। इस मौके पर उन्होंने फोटो शूट भी कराया। गाइड से ताजमहल के इतिहास के बारे में जानकारी ली। ताजमहल देखने के बाद आगरा किला भी गईं। भारी सुरक्षा के बीच आगरा का दौरा किया। राजकुमारी सिरिवन्नवारी नारीरत्ना के दौरा निजी था। राजकुमारी सिरिवन्नवारी नारीरत्ना एक दिन पहले विशेष विमान से आगरा पहुंच गईं थी और एक होटल में रात्रि विश्राम किया था।

संक्षिप्त समाचार

फिलीपींस में जहाज डूबने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 52 हुई

फिलीपींस। फिलीपींस के बेसिलन प्रांत के पास यात्री-मालवाहक जहाज 'त्रिशा कर्स्टिन 3' के डूबने से कम से कम 52 लोगों की मौत हो गई है। फिलीपीन कोस्ट गार्ड (पीसीजी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पीसीजी ने तकनीकी गोताखोर टीमों के चल रहे प्रयासों का हवाला देते हुए बताया कि गोताखोरों ने मंगलवार तड़के बालुक-बालुक द्वीप के पास खोज और बचाव अभियान के दौरान एक और शव बरामद किया, जिससे मरने वालों की कुल संख्या 52 हो गई है। कुल मिलाकर 316 लोगों को बचा लिया गया है, जबकि बचाव दल अभी भी शेष पीड़ितों की तलाश में जुटे हैं।

वशिष्ठ अनूप ने दुबई और शारजाह में फहराया हिन्दी ग़ज़ल का परचम

वाराणसी। लोकप्रिय ग़ज़लकार तथा काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. वशिष्ठ अनूप ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय काव्य समारोह 'द पोएटिक हार्ट' के 15वें संस्करण में हिन्दी कविता का प्रतिनिधित्व किया। दुबई में आयोजित इस समारोह में ग्यारह विभिन्न भाषाओं के कवियों ने काव्यपाठ किया।

कश्मीर में पिछले 24 घंटे में हल्की से मध्यम बर्फबारी एवं बारिश

श्रीनगर। पिछले 24 घंटों के दौरान कश्मीर में व्यापक रूप से हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी हुई। मौसम विभाग ने बुधवार को बताया कि गुलमर्ग केंद्र शासित प्रदेश में सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 5.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट में बुधवार सुबह समाप्त हुए 24 घंटों के दौरान कश्मीर संभाग में सबसे अधिक 22.2 मिलीमीटर (मिमी) बारिश भी दर्ज की गई। श्रीनगर में 1.2 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि दक्षिण कश्मीर के पहाड़ी रिसॉर्ट पहलगाम में 8.8 मिमी बारिश हुई।

अमेरिका ने हटाया इंडियन मैप वाला पोस्ट

नक्शे में पीओके-अक्साई चिन को भारत का हिस्सा दिखाया था, पाक-चीन से तनाव की अटकलें लगी थीं

वाशिंगटन। अमेरिका ने बुधवार को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और अक्साई चिन (चीन के कब्जे वाला इलाका) को भारत का हिस्सा दिखाने वाला पोस्ट डिलीट कर दिया है। यूनाइटेड स्टेट्स ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव (यूएसटीआर) ने 7 फरवरी को भारत-अमेरिका के बीच हुए ट्रेड एग्रीमेंट के बाद किए गए पोस्ट में इंडियन मैप शेयर किया था। जारी होने के बाद यह नक्शा चर्चा में आ गया था। अब तक अमे. रिकी एजेंसियां इंडियन मैप में पीओके और अक्साई चिन को विवादित इलाके के तौर पर अलग रंग या डाटेड लाइन्स से दिखाती थी। हालांकि, इस पोस्ट में ऐसा कोई निशान या लाइन नहीं थी, बल्कि पूरे क्षेत्र को भारत का अभिन्न हिस्सा दिखाया गया था।

इस बदलाव के बाद कई एक्सपर्ट का कहना था कि पाकिस्तान और चीन के साथ अमेरिका के रिश्तों में तनाव के बीच यह कदम भारत के समर्थन का संकेत हो सकता है। वहीं, कुछ लोगों ने इसे गलती से जारी हुआ बताया। इन तमाम अटकलों के बीच अब यूएसटीआर ने यह पोस्ट हटा दिया है। हालांकि, इस पर फिलहाल कोई आधिका. रिक बयान नहीं आया है। अमेरिकी ट्रेड आफिस ने यह इंडियन मैप अंतरिम व्यापार समझौते के फ्रेमवर्क के ऐलान के साथ पोस्ट किया था, जिसे अब हटा दिया गया है। भारत और पाकिस्तान के बीच पीओके विवाद जम्मू-कश्मीर क्षेत्र से जुड़ा सबसे पुराना विवाद है। यह 1947 से चला आ रहा है और दोनों देशों के बीच युद्ध, तनाव और कूटनीतिक लड़ाई का कारण बना हुआ है।

■ अमेरिकी ट्रेड ऑफिस ने यह इंडियन मैप अंतरिम व्यापार समझौते के फ्रेमवर्क के ऐलान के साथ पोस्ट किया था, जिसे अब हटा दिया गया है

'वायु शक्ति अभ्यास' में प्रमुख भूमिका में नजर आएगा स्वदेशी तेजस लड़ाकू विमान

नई दिल्ली। पिछले वर्ष दुबई एयर शो में करतबबाजी के दौरान भीषण दुर्घटना का शिकार हुआ वायु सेना का स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस मार्क-1 ए एक बार फिर आगामी अभ्यास 'वायु शक्ति 2026' में प्रमुख भूमिका में नजर आएगा। तेजस विमान की इस दुर्घटना में पायलट की भी मौत हो गई थी। वायु सेना का यह व्यापक शक्ति प्रदर्शन 27 फरवरी को राजस्थान के जैसलमेर के पास पोखरण फायलरग रेंज में होगा। सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रम हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा निर्मित तेजस मार्क-1ए इस अभ्यास में हवाई ड्रिल और युद्ध प्रदर्शन में भाग लेगा।

1 भारत के विभाजन के समय जम्मू-कश्मीर एक रियासत (प्रिंसली स्टेट) थी, जिसके महाराजा हरि सिंह हिंदू थे, लेकिन आबादी में मुस्लिम बहुमत में थे। विभाजन के नियम के अनुसार, रियासतें भारत या पाकिस्तान में शामिल हो सकती थीं या स्वतंत्र रह सकती थीं। 1947-48 में पहला भारत-पाकिस्तान युद्ध-पाकिस्तान से आए मिलिशिया ने कश्मीर पर हमला किया। महाराजा हरि सिंह ने मदद के लिए भारत से संपर्क किया और 26 अक्टूबर 1947 को इंस्ट्रूमेंट आफ एक्सेशन (विलय पत्र) पर हस्ताक्षर किए, जिससे जम्मू-कश्मीर भारत का हिस्सा बन गया। भारत ने सैन्य मदद भेजी। युद्ध के दौरान पाकिस्तान ने क्षेत्र के पश्चिमी और उत्तरी हिस्से पर कब्जा कर लिया, जिसे अब पीओके कहा जाता है। 1949 में यूएन की मध्यस्थता से युद्धविराम हुआ और सीजफायर लाइन (बाद में लाइन आफ कंट्रोल-एलओसी) बनाई गई, जो दोनों देशों के नियंत्रण को अलग करती है। भारत का दावा-भारत कहता है कि पूरा जम्मू-कश्मीर (पीओके सहित) उसका अभिन्न अंग है, क्योंकि महाराजा ने भारत में विलय किया था। 2019 में अनुच्छेद 370 हटाने के बाद जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया। भारत पीओके को अवैध कब्जा मानता है और इसे वापस लेने की बात करता है। पाकिस्तान का दावा-पाकिस्तान कहता है कि कश्मीर मुस्लिम बहुल क्षेत्र है, इसलिए वह पाकिस्तान का हिस्सा होना चाहिए।

पाकिस्तान पीओके को आजाद कश्मीर कहता है और वहां अपनी तरह की सरकार चलाता है। पाकिस्तान यूएन के पुराने प्रस्तावों का हवाला देता है, जिसमें कश्म. ीरियों को जनमत संग्रह का अधिकार देने की बात थी। अमेरिका के मैप शेयर करने से पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने 5 फरवरी को बयान जारी कर कहा था कि कश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा बनेगा। शहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान कश्मीरियों के साथ मजबूती से खड़ा है और जम्मू-कश्मीर विवाद का हल कश्मीर के लोगों की इच्छा के मुताबिक होना चाहिए। शहबाज ने कहा कि जम्मू-कश्मीर विवाद का समाधान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के प्रस्तावों को लागू करने से ही हो सकता है। उन्होंने कहा कि मैं पाकिस्तानी लोगों और पाकिस्तानी नेतृत्व की ओर से कश्मीर के अपने भाइयों के साथ एकजुटता दिखाने आया हूं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना ने इस क्षेत्र को पाकिस्तान की लाइफ लाइन बताया था। शहबाज शरीफ ने कहा कि कश्मीर का मुद्दा पाकिस्तान की फारेन पालिसी का आधार है।

गुयाना के मंत्री ने हिंदी में दिया भाषण, वीडियो वायरल

जार्जटाउन। दक्षिण अमेरिकी देश गुयाना की संसद में भारतीय मूल के मंत्री विकाश रामकिसून का हिंदी में दिया गया भाषण सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। संसद सत्र के दौरान उन्होंने विपक्ष के उस दावे का जवाब हिंदी में दिया, जिसमें कहा गया था कि उन्हें हिंदी नहीं आती।

विपक्षी सांसद विष्णु पांडेय ने सदन में टिप्पणी की कि विकाश रामकिसून को हिंदी का एक शब्द भी नहीं आता। इस पर रामकिसून ने स्पीकर से अनुमति ली और कहा कि वे इसी मुद्दे पर हिंदी में जवाब देना चाहते हैं। इसके बाद उन्होंने हिंदी में बोलते हुए विपक्षी सांसद को खुली चुनौती दी। रामकिसून ने कहा कि मैं अभी इसी वक्त उन्हें चुनौती देता हूं कि किसी भी स्तर पर, किसी भी जगह पर, विषय वे तय करें और मैं बिना कागज देखे हिंदी में बहस करूंगा। मंत्री विकाश रामकिसून के भाषण का वीडियो बाद में सोशल मीडिया पर शेयर किया गया, जिसे बड़ी संख्या में लोग देख और शेयर कर रहे हैं। यह वीडियो भारत के उच्चायोग की ओर से गुयाना की राजधानी जार्जटाउन से एक्स पर पोस्ट किया गया था। इसके बाद यह तेजी से वायरल हो गया और भारत समेत कई देशों में लोग मंत्री की हिंदी की तारीफ कर रहे हैं।

■ विकाश रामकिसून ने विपक्ष को चुनौती दी, बोले: मैं बिना कागज के हिंदी में बहस को तैयार

सोशल मीडिया यूजर्स ने लिखा कि हिंदी को लेकर उठाया गया सवाल अनावश्यक था और मंत्री ने बिना किसी नोट्स के हिंदी में जवाब देकर अपनी भाषा की पकड़ साबित कर दी। विकाश रामकिसून वर्तमान में गुयाना के कृषि मंत्रालय में मंत्री हैं। वे पहले संसद में कृषि मंत्रालय के संसदीय सचिव भी रह चुके हैं। बनाया गया था। गुयाना में भारतीय मूल की आबादी बड़ी संख्या में रहती है। कुल आबादी का करीब 40 प्रतिशत हिस्सा भारतीय मूल के लोगों का है। यह किसी भी लैटिन अमेरिकी देश में भारतीय प्रवासियों की सबसे बड़ी आबादी है। गुयाना में भारतीयों की मौजूदगी की शुरुआत 5 मई 1838 से मानी जाती है। इस दिन भारत से 396 गिरमिटिया मजदूरों को ब्रिटिश गुयाना लाया गया था।

कनाडा के कोलंबिया प्रांत में गोलीबारी, 10 की मौत, 25 घायल

वैंकूवर। कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के टम्बलर रिज में एक उच्च विद्यालय और पास के एक घर में हुई गोलीबारी में संदिग्ध शूटर समेत 10 लोगों की मौत हुई है, जबकि 25 अन्य लोग घायल हुए हैं। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) ने बताया कि अधिकारियों ने स्थानीय समय के अनुसार अपराह्न करीब 1:20 बजे टम्बलर रिज माध्यमिक विद्यालय में गोलीबारी की सूचना पर कार्रवाई की।

विद्यालय में छह लोग मृत पाए गए, जबकि एक व्यक्ति की अस्पताल ले जाते समय में मृत्यु हुई। वहीं, दो और पीड़ित एक घर से मिले, जिसके बारे में माना जा रहा है कि वह इस घटना से जुड़ा है। आरसीएमपी ने कहा कि संदिग्ध शूटर भी मरा मृत पाया

■ आरसीएमपी ने कहा: संदिग्ध शूटर भी मरा मृत पाया गया

गया। शायद उसने खुद को गोली मार ली होगी। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि कोई और संदिग्ध फरार नहीं है। लगभग 25 लोग घायल हुए, जिनमें से दो गंभीर रूप से घायल थे, जिन्हें एयरलिफ्ट करके अस्पताल ले जाया गया, जबकि दूसरों का इलाज स्थानीय स्तर पर किया गया। आरसीएमपी ने कहा कि सभी विद्यार्थी और कर्मचारियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। गौरतलब है कि रॉकी माउंटेन्स की तलहटी में बसे टम्बलर रिज की आबादी लगभग 2400 है। ब्रिटिश कोलंबिया के प्रधानमंत्री डेविड एबी ने इस घटना पर दुख जताया है।

ब्रिक्स, एससीओ आम सहमति से काम करते हैं: लावरोव

मॉस्को। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा है कि ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) ज्यादातर मामलों में सर्वसम्मति के आधार पर फैसले करते हैं, जबकि नाटो के फैसले अमेरिका पर निर्भर करते हैं। लाव. रोव ने रूस के एक यूट्यूब चैनल एमपाशिया मनुची प्रोजेक्ट के साथ बातचीत में कहा कि ज्यादातर मामलों में अंतर्राष्ट्रीय समझौतों का पालन किया जाता है। जब बात हमारे पश्चिमी साथियों की हो तब नहीं, बल्कि जब उन प्रतिनिधियों की होती है जिन्हें हम वैश्विक बहुमत कहते हैं, (जैसे) ब्रिक्स, एससीओ, और सोवियत के बाद वाले सीएसटीओ, ईएईयू, और सीआईएस। इन ढांचों में आम सहमति ज्यादातर बनी रहती है।

अमेरिका ने मिडिल-ईस्ट में सैन्य तैनाती बढ़ाई

ईरान से तनाव के बीच मिसाइलों को ट्रकों पर तैनात किया, सैटेलाइट तस्वीरों से हुआ अहम खुलासा

वाशिंगटन। ईरान से बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने मिडिल-ईस्ट में अपनी सैन्य तैनाती बढ़ा दी है। सैटेलाइट तस्वीरों में सामने आया है कि कतर के अल-उदीद बेस पर पैट्रियट मिसाइल सिस्टम को स्थायी लान्चर की जगह ट्रकों पर तैनात किया गया है।

रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक तस्वीरों में अलग-अलग बेस पर विमानों और सैन्य उपकरणों की संख्या बढ़ती भी दिख रही है। यह बदलाव जनवरी के बाद क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच हुआ है। फोरेंसिक इमेजरी एनालिस्ट विलियम गुडहाइंड के मुताबिक, जनवरी की तुलना में फरवरी की सैटेलाइट तस्वीरों में क्षेत्र में सैन्य गतिविधि बढ़ी दिखती है। उन्होंने

■ रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक तस्वीरों में अलग-अलग बेस पर विमानों और सैन्य उपकरणों की संख्या बढ़ती भी दिख रही है

बताया कि फरवरी की शुरुआत में अल-उदीद बेस पर पैट्रियट मिसा. इलें एम983 एमईएमटीटी ट्रकों पर लगी नजर आईं। उनके अनुसार, मिसाइलों को ट्रकों पर रखने से उन्हें जल्दी एक जगह से दूसरी जगह ले जाया जा सकता है या हमले की स्थिति में नई पोजिशन पर तैनात किया जा सकता है। कतर के अल-उदीद बेस पर फरवरी की तस्वीर में पैट्रियट मिसाइल सिस्टम ट्रकों पर तैनात नजर आ रहा है। कतर के अल-उदीद बेस पर 1 फरवरी की तस्वीरों में एक आरसी-135 रीकानिसेंस विमान, तीन सी-130 हरक्यूलिस, 18 केसी-135 स्ट्रैटो टैंकर और सात सी-17 विमान दिखे। 17 जनवरी की तस्वीरों में यहां 14 स्ट्रैटो टैंकर और दो सी-17 थे। यानी कुछ ही हफ्तों में टैंकर और ट्रांसपोर्ट विमानों की संख्या बढ़ी है। इसके अलावा, अधिकतम 10 एमआईएम-104 पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम एचईएमटीटी ट्रकों पर खड़े दिखाई दिए। फरवरी में सामने आई तस्वीरों में अमेरिका ने अल-उदीद बेस विमानों की संख्या भी बढ़ाई। जार्डन के मुवाफ्फक बेस पर 2 फरवरी की तस्वीरों में 17 एफ-15ई स्ट्राइक विमान, 8 ए-10 थंडरबोल्ट, चार सी-130 और चार हेलीकॉप्टर नजर आए। उसी बेस की दूसरी लोकेशन पर 2 फरवरी को एक सी-17, एक सी-130 और चार ईए-18जी ग्रोलर इलेक्ट्रानिक वारफेयर विमान दिखे। 25 जनवरी की तस्वीरों में वहां कोई विमान नजर नहीं आया था। सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान बेस पर 2 फरवरी को एक सी-5 गैलेक्सी और एक सी-17 विमान दिखाई दिए। 6 दिसम्बर की तस्वीरों में यहां पांच विमान थे, जो सी-130 जैसे दिख रहे थे।

बांग्लादेश में शेख हसीना की सीट पर हिंदू उम्मीदवार

बीएनपी उम्मीदवार को दे रहे कड़ी टक्कर, कल वोटिंग और संविधान सुधारों पर जनमत संग्रह

ढाका। बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पारंपरिक सीट गोपालग. ंज-3 पर मुकाबला काफी दिलचस्प हो गया है। यहां बीएनपी के उम्मीदवार एसएम जिलानी को दो हिंदू उम्मीदवार कड़ी टक्कर दे रहे हैं। निर्दलीय उम्मीदवार गोविंद चंद्र प्रमाणिक और गणो फोरम के दुलाल चंद्र विश्वास को मजबूत दावेदार माना जा रहा है। गोपालगंज-3 सीट में टुंगीपाड़ा और कोटालिपाड़ा इलाके आते हैं।

टुंगीपाड़ा में करीब 26 प्रतिशत और कोटालिपाड़ा में 47 प्रतिशत से ज्यादा हिंदू आबादी है। यह इलाका शेख मुजीबुर रहमान की जन्मस्थली है और लंबे समय से अवामी लीग का गढ़ माना जाता रहा है। गोविंद चंद्र प्रमाणिक का कहना है कि उन्हें लोगों से अच्छा समर्थन मिल रहा है। वहीं एक 23 साल के युवक ने कहा कि अगर वोट नहीं

■ टुंगीपाड़ा में करीब 26 प्रतिशत और कोटालिपाड़ा में 47 प्रतिशत से ज्यादा हिंदू आबादी है, यह इलाका शेख मुजीबुर रहमान की जन्मस्थली है

दिया तो हमला या केस हो सकता है। उसने कहा कि वोट तो देंगे, लेकिन शायद इस बार बीएनपी को वोट दें। बांग्लादेश में 12 फरवरी को वोटिंग और संविधान सुधारों पर जनमत संग्रह होना है। गोविंद चंद्र प्रमाणिक जिस गोपालगंज-3 सीट से चुनाव लड़ रहे हैं वहां 50 प्रतिशत से ज्यादा हिंदू मतदाता हैं। बीएनपी ने भी कई अल्पसंख्यक उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। उसके 80 हिंदू उम्मीदवारों में से ढाका-1 सीट से गोयेश्वर चंद्र राय को मजबूत माना जा रहा है। मगुरा में निताई राय चौधरी के सामने कोई बड़ा प्रतिद्वंद्वी नहीं है। बागेरहाट-1 सीट जो पहले अवामी लीग का गढ़ रही है, वहां बीएनपी के कपिल कृष्ण मंडल मजबूत माने जा रहे हैं। बागेरहाट-4 में सोमनाथ डे भी जीत के दावेदार बताए जा रहे हैं। जमात-ए-इस्लामी ने भी पहली बार किसी हिंदू उम्मीदवार को टिकट दिया है। पार्टी ने खुलना-1 सीट से कृष्णा नंदी को मैदान में उतारा है। यहां मुकाबला बीएनपी के आमिर एजाज खान और सीपीबी के किशोर कुमार राय से है। कृष्णा नंदी अपने सरल और मजाकिया अंदाज के कारण सोशल मीडिया पर चर्चा में हैं। गोपालगंज और खुलना के अलावा बागेरहाट, बरीसाल, पिरोजपुर, मगुरा, जेसोर और दिनाजपुर जिलों में भी हिंदू आबादी अच्छी खासी है। लेकिन बरीसाल, पिरोजपुर, जेसोर और दिनाजपुर में इस बार बड़ी पार्टियों ने हिंदू उम्मीदवार नहीं उतारे हैं। बरीसाल-5 सीट से डेमोक्रेटिक यूनाइटेड फ्रंट की डा. मोनिषा चक्रवर्ती चर्चा में हैं। बरीसाल-2 से गणो अधिकार परिषद के रंजीत कुमार बरोई चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन उनकी जीत की संभावना कम मानी जा रही है। पिरोजपुर में कोई अल्पसंख्यक उम्मीदवार मैदान में नहीं है। जेसोर-4 से बीएमजेपी के सुकृति कुमार मंडल चुनाव लड़ रहे हैं।